www.anantgyaan.in

सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 6:16

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.9 न्यू | 12.04 अधि |
| धर्मशाला | 6.02 न्यू | 17.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72623.09 |
| निफ्टी | 22055.00 |
| सोना 62,840 | चांदी 72,741 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | वीरवार, 22 फरवरी 2024 | 10 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 65 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए

हार्ट अटैक से थमी रेडियो के जादूगर अमीन सयानी की आवाज... पेज 14

# पौंग में मेहमान परिंदों की घटती तादाद पर सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला करेगी रिसर्च

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

- विदेशी परिंदों और वेटलैंड में इंपैक्ट का लगाया जाएगा पता
- पिछले साल के मुकाबले अब तक आधे भी नहीं पहुंचे परिंदे

**पौंग** में मेहमान परिंदों की घटती तादाद से चिंतित सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला अब रिसर्च कर यह जानने की कोशिश करेगी कि आखिर इस जलाशय की ओर वे आकर्षित क्यों नहीं हो रहे हैं? तकरीबन 207.7 वर्ग किलोमीटर में फैले पौंग बांध जलाशय में इस बार विदेशी परिंदों की आवक बेहद कम है। हालांकि, इसकी सबसे बड़ी वजह वेस्टर्न डिस्टर्बेंस मानी जा रही है। इस बार विदेशी परिंदे जनवरी माह के अंत तक केवल 83555 के आसपास ही पहुंच पाए हैं, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 1.70 लाख के करीब था। अभी तक पिछले साल के मुकाबले विदेशी परिंदे आधे भी नहीं पहुंचे हैं। इस झील में साइबेरिया और अफगानिस्तान के विदेशी परिंदे सबसे ज्यादा पहुंचते हैं, क्योंकि वहां बर्फ इस बार देरी से गिरी है, इसलिए यहां भी उसका सीधा इंपैक्ट हुआ है। निश्चित रूप से टूरिज्म पर भी इसका सीधा असर पड़ा है।



पौंग बांध झील में विदेशी परिंदे।

## झील के आसपास अवैध खेती के पहलू पर भी होगी रिसर्च

**पौंग** झील के आसपास करीब 5000 हेक्टेयर भूमि पर अवैध खेती की जाती है। विदेशी परिंदों पर इस खेती का कितना असर पड़ता है इस पर भी सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने रिसर्च शुरू कर दी है। इसका सर्वे अप्रैल 2025 में मुकम्मल होगा, जिसमें यह पता लगेगा कि वेटलैंड पर कीड़े मार दवाएं और खरपतवार नाशक का प्रयोग इन परिंदों के लिए कितना घातक है। क्या खेती को जारी रख सकते हैं? या फिर इसे मुकम्मल तौर पर बंद कर दिया जाए। इसीलिए यह रिसर्च हो रही है।

### सेंक्चुरी को और बेहतर बनाने की कवायद शुरू

*झील में तकरीबन 420 अलग-अलग प्रजातियों के परिंदे पहुंचते हैं। इनमें 29 प्रजातियां यहीं पर ही बसेरा बनाए रखतीं हैं। इनकी तादाद 15 से 20 हजार के करीब है, इसलिए इस सेंक्चुरी को और बेहतर बनाने की कवायद भी शुरू हो गई है।*

### मास्टर टूरिज्म प्लान मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म के हवाले

*मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म को वाइल्ड लाइफ विभाग ने 'मास्टर टूरिज्म प्लान' भेजा है। यह कांगड़ा जिला प्रशासन के सहयोग से गया है, क्योंकि सेंक्चुरी से 50 और 100 मीटर की दूरी तक ईको सेंसेटिव जोन बनाया गया है। इस पूरे इलाके में टूरिज्म को बढ़ाने के लिए कौन-कौन सी और गतिविधियां हो सकती हैं। उन सबका इसमें हवाला है। इसमें तीन प्वाइंट्स तय किए गए हैं। परिंदों की दृष्टि से क्या कुछ हो सकता है, ईको टूरिज्म प्वाइंट्स कहां-कहां हो सकते हैं, सेंक्चुरी से बाहर क्या-क्या किया जा सकता है, इन्हीं पर काम होगा।*



## नगरोटा सूरियां में बनेगी लाइब्रेरी

लाइब्रेरी का निर्माण भी नगरोटा सूरियां में होगा। इसके लिए प्रपोजल तैयार हो गया है। वाइल्ड लाइफ विभाग का मानना है कि इस लाइब्रेरी में विदेशी परिंदों से संबंधित सभी तरह की जानकारियां टूरिस्ट्स को मिलेंगी।

## पीपी मोड पर वोट्स

पौंग बांध झील में पर्यटन की गतिविधियों को और बढ़ाने के लिए अब पीपी मोड पर वाइल्ड लाइफ विभाग कवायद शुरू कर रहा है ताकि लोगों को भी रोजगार मिले और टूरिस्ट्स को भी इस झील में घूमने का आनंद मिल सके।

## क्या कहते हैं वाइल्ड लाइफ के डिप्टी कंजरवेटर

"वाइल्ड लाइफ के डिप्टी कंजरवेटर रेजीनाल्ड रॉयस्टोन का कहना है कि विदेशी परिंदों का कम आना वेस्टर्न डिस्टर्बेंस की वजह से हुआ है। विदेशी परिंदों की घटती संख्या को देखते हुए जिला प्रशासन के सहयोग से मास्टर प्लान तैयार करके केंद्र को भेजा गया है। नगरोटा सूरियां में लाइब्रेरी भी बनेगी और ईको टूरिज्म पर काम होगा सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला इस बात पर रिसर्च कर रही है कि वेटलैंड और परिंदों के बीच में क्या इंपैक्ट है।"

## मंडी में प्रकट हुए शिलांग की माउजिम्बुइन गुफा के शिव



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर मंडी में महाशिवरात्रि महोत्सव के कारज शुरू हुए 13वें दिन मेघालय शिलांग में माउजिम्बुइन गुफा में प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग का स्वरूप धृत श्रृंगार में उकेरा गया। बता दें कि यह शिवलिंग हजारों वर्षों से बूंद-बूंद पानी गिरने से बना है और शिवलिंग पर आज भी लगातार जल गिरकर प्रवाहित होता रहता है। क्षेत्रवासियों ने छोटी काशी मंडी में मेघालय के शिव शंकर के दर्शन कर अपने को धन्य पाया।

# आंदोलन भड़का, खनौरी बॉर्डर पर किसान व टोहाना में एसआई की मौत

## पुलिस ने आंसू गैस छोड़ दिनभर रोके रखा; किसानों ने बदला फैसला, दो दिन बाद करेंगे दिल्ली कूच

**एजेंसी, अंबाला**

**पंजाब** के किसानों का आंदोलन अब भड़क उठा है। किसानों का शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली कूच करने का प्लान फिलहाल टल गया है। किसान अब दो दिन बाद दिल्ली के लिए कूच करेंगे।

किसानों ने बुधवार को खनौरी बॉर्डर पर हुई एक युवा किसान की मौत और तनावपूर्ण हालात के बाद यह फैसला लिया है। किसान पंजाब के बठिंडा का रहने वाला था। वहीं, खनौरी-दातासिंहवाला बॉर्डर पर भी किसानों की तरफ से सफेद झंडा लहराया गया। इसके जवाब में प्रशासन ने भी सफेद झंडा लहरा दिया। फिलहाल दोनों तरफ से शांति बनी हुई है। इससे पहले दिनभर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों और पुलिस के बीच टकराव रहा। पुलिस ने रबड़ बुलेट और आंसू गैस के गोले छोड़कर किसानों को दिनभर रोके रखा। वहीं, टोहाना बॉर्डर पर तैनात एसआई विजय कुमार की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अब तक किसान आंदोलन में तीन लोग मारे जा चुके हैं।



### 12 पुलिसकर्मी घायल

दाता सिंह-खनौरी बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियो ने पराली में मिर्च पाउडर डालकर पुलिस को चारों तरफ से घेर लिया। इसके बाद पथराव के साथ लाठी, गंडासे से पुलिसकर्मियों पर हमला किया। इसमें लगभग 12 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हैं। हरियाणा पुलिस ने प्रदर्शनकारियों से शांति की अपील।

### पंजाब के मंत्री ने की शांति बनाए रखने की अपील

**पंजाब** के मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि सीमा पर स्थिति बहुत तनावपूर्ण है क्योंकि सरकार और किसानों के बीच बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकला है। मैं अपील करता हूं कि किसान शांति बनाए रखें। हरियाणा सरकार और प्रशासन के साथ-साथ केंद्र सरकार से आग्रह करता हूं कि किसानों को दिल्ली जाने की अनुमति दी जाए। उन्होंने कहा कि किसानों से शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें रखने का आग्रह करता हूं।

### केंद्रीय मंत्री बोले- बातचीत से निकलेगा समाधान



केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि किसी भी चीज का समाधान आपसी समझ, संवाद और लगातार बातचीत के माध्यम से किया जा सकता है। कोई भी विषय हो हम उसका समाधान बातचीत के जरिए ढूंढ सकते हैं। हम चर्चा के माध्यम से समाधान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पांचवें दौर में एमएसपी की गारंटी की मांग, फसल विविधीकरण, पराली मुद्दा, एफआईआर जैसे सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। मैं किसान नेताओं को फिर से चर्चा के लिए आमंत्रित करता हूं। हमारे लिए शांति बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

## बर्फबारी से बढ़ीं दुश्वारियां

# प्रदेशभर में 387 सड़कें और 895 ट्रांसफार्मर बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- 25 तक मौसम के खराब रहने की संभावना

**हिमाचल** प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में तीन दिन से हो रही बर्फबारी के चलते दुश्वारियां बढ़ गई हैं। बर्फबारी के चलते राज्य में चार नेशनल हाई-वे व 387 सड़कें बाधित हैं। लाहौल-स्पीति जिले में सबसे अधिक 288 सड़कें अवरुद्ध हैं। वहीं, चंबा जिले में 77 सड़कें बंद हैं। प्रदेशभर में 895 बिजली ट्रांसफार्मर और 17 पेयजल आपूर्ति स्कीमें ठप हैं।

मंगलवार रात को बर्फबारी हुई है। मनाली में करीब चार सेंटीमीटर व ढूंगरी, नसोगी और ओल्ड मनाली में पांच से सात सेंटीमीटर बर्फबारी हुई है। शिमला, सोलन, सिरमौर, बिलासपुर के कई क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, उच्च पर्वतीय इलाकों में 25 फरवरी तक मौसम खराब रहेगा। 24 फरवरी को पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय होगा।

### कहां, कितनी बर्फबारी

| | |
|---|---|
| कुकुमसेरी | 15.3 सेंटीमीटर |
| केलांग | 18.0 सेंटीमीटर |
| हंसा | 10.0 सेंटीमीटर |
| कोठी | 30..0 सेंटीमीटर |
| कल्पा | 0.9 सेंटीमीटर |
| भरमौर | 8.0 सेंटीमीटर |
| तीसा | 2.0 सेंटीमीटर |
| मनाली | 1.0 सेंटीमीटर |

### बारिश

| | |
|---|---|
| मनाली | 29.0 एमएम |
| सलौनी | 25.3 एमएम |
| तीसा | 20.0 एमएम |
| सेऊबाग | 11.0 एमएम |
| चंबा | 16.0 एमएम |
| बैजनाथ | 8.0 एमएम |
| पालमपुर | 6.2 एमएम |
| बड़सर | 6.0 एमएम |

इसके प्रभाव से 26 व 27 फरवरी को प्रदेश में बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### स्पीकर के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचा अजित गुट

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में शरद पवार और अजित पवार के बीच कानूनी लड़ाई जारी है। अजित पवार गुट ने महाराष्ट्र स्पीकर की ओर से शरद पवार खेमे के 10 विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराने के फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचा है। हाई कोर्ट ने बुधवार को विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर को नोटिस जारी किया। इस मामले की अगली सुनवाई 14 मार्च को होगी।

### लारेंस बिश्नोई गिरोह का गैंगस्टर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने लारेंस बिश्नोई गिरोह और उसके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन की जांच के तहत सुरेंद्र सिंह उर्फ चीकू को गिरफ्तार किया। चीकू को पंचकूला में धनशोधन रोकथाम अधिनियम की विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजा है। चीकू बिश्नोई एवं खालिस्तानी आतंकवादी समूहों का करीबी सहयोगी भी है।

## टॉप स्टोरीज

प्री-प्राइमरी करिकुलम को मिली हिमाचल सरकार की मंजूरी ...पेज 3

ब्रिगेडियर गोविंद सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में मारे गए थे 26/11 के नौ आतंकी ...पेज 3

आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में ऑलराउंडरों की सूची में जडेजा शीर्ष पर बरकरार ...पेज 14

## यूपी में सपा-कांग्रेस में गठबंधन, सीटों में बंटबारा

### 17 पर कांग्रेस और 63 सीटों पर सपा व अन्य दल लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन का ऐलान हो गया है। यूपी की 80 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन में अहम भूमिका प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की रही है। सपा-कांग्रेस की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस यूपी की 17 सीट पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बची हुई 63 सीटों पर सपा या अन्य दलों के उम्मीदवार होंगे, उनका कांग्रेस समर्थन करेगी और भाजपा को शिकस्त देंगे।

### अंत भला तो सब भला : अखिलेश

**समाजवादी** पार्टी और कांग्रेस के गठबंधन पर अखिलेश यादव ने कहा कि अंत भला तो सब भला। सीट शेयरिंग पर उन्होंने कहा कि कोई विवाद नहीं है, जल्दी ही इसका ऐलान होगा। वहीं, समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर भाजपा में जाने वाले नेताओं पर उन्होंने कहा कि वे सभी पार्टी में वापस आएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटें हैं। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच तीन सीटों को लेकर विवाद चल रहा है।

## बल्क ड्रग फार्मा पार्क के निर्माण में संतोषजनक जवाब न मिलने पर विपक्ष ने किया वॉकआउट

# शर्तों पर बनेंगे बल्क ड्रग फार्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क : सुक्खू

**अरविंद शर्मा, शिमला**

- हरोली में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए लीज पर दी जानी है जमीन

**बल्क** ड्रग फार्मा और मेडिकल डिवाइस पार्क के निर्माण में देरी होने पर सदन में खूब हंगामा हुआ और विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। भाजपा विधायक व पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने सदन में बल्क ड्रग फार्मा के निर्माण को लेकर प्रश्न पूछा था, जिसका संतोषजनक जवाब न मिलने पर विपक्ष ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में बल्क ड्रग फार्मा पार्क एवं मेडिकल डिवाइस पार्क सरकार अपनी शर्तों पर ही बनाएगी। किसी भी पार्क को बंद करने की सरकार की कोई मंशा नहीं है। सुक्खू ने बुधवार को विधानसभा सदन में प्रश्नकाल के दौरान दोनों पार्क को एक रुपए लीज पर दी जमीन और जीएसटी में दी दस साल की छूट को लेकर पूर्व सरकार को घेरा। ऊना के हरोली में बल्क ड्रग फार्मा पार्क के लिए 1,400 एकड़ जमीन एक रुपए की लीज पर दी जानी है। इसमें केंद्र सरकार ने 1,000 करोड़ देने हैं। डीपीआर बनेगी तो 923 करोड़ रुपए हिमाचल सरकार देगी। सात रुपए प्रति यूनिट बिजली खरीदी जा रही है।



विधानसभा बजट सत्र को संबोधित करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### मुख्यमंत्री ने नौकरियों को लेकर सदन में बोला झूठ : जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नौकरियों को लेकर सीएम सुक्खू ने मंगलवार को सदन में झूठ बोला था, जिसको लेकर आज सदन में कांग्रेस का मेनिफेस्टो रखा गया। इसमें साफ लिखा गया था कि सरकार बनने पर कांग्रेस पहली ही कैबिनेट मीटिंग में एक लाख सरकारी नौकरियां देगी और पांच साल में पांच लाख रोजगार दिए जाएंगे, लेकिन अब मुख्यमंत्री सदन में झूठ बोल रहे हैं कि कांग्रेस ने ऐसा कहीं नहीं बोला है। मेनिफेस्टो अलग है और दस गारंटी अलग हैं। कांग्रेस ने झूठी गारंटी देकर सत्ता हासिल की और अब झूठ के सहारे सरकार चला रहे हैं, लेकिन जनता अब गुमराह होने वाली नहीं है। विपक्ष जनता की आवाज को बुलंद कर रहा है।

### जानबूझकर काम लटका रही प्रदेश सरकार

**नेता** विपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि बल्क ड्रग पार्क के निर्माण कार्य को सरकार जानबूझकर लटकाने का काम कर रही है। पूर्व सरकार की कड़ी मेहनत के बाद प्रदेश को बल्क ड्रग पार्क की सौगात मिली है। प्रोजेक्ट के निर्माण से प्रदेश की इकोनॉमिक स्थिति में बदलाव होगा और बेरोजगारों को रोजगार भी मिलेगा, लेकिन सरकार प्रोजेक्ट के काम को रोकने का प्रयास न कर रही है, जो सहनीय नहीं है।

## संयुक्त वार्ता भारत और ग्रीस ने कृषि, मेडिकल, स्पेस और रक्षा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर जताई सहमति

# 2030 तक ग्रीस के साथ दोगुना व्यापार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- आतंकवाद से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने पर फोकस
- 16 साल बाद ग्रीस के पीएम का भारत आना एक ऐतिहासिक उत्सव

**पीएम** नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस के बीच बुधवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की संयुक्त वार्ता हुई। दोनों देशों ने कृषि, फार्मा, मेडिकल, स्पेस और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने पर सहमति जताई। पीएम मोदी ने कहा कि 16 वर्षों बाद ग्रीस प्रधानमंत्री का भारत आना एक ऐतिहासिक उत्सव है।

उन्होंने कहा कि हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए तेजी से अग्रसर हैं। हमने अपने सहयोग को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए कई नए अवसरों की पहचान की है। पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद को लेकर भारत और ग्रीस की चिंताएं एक जैसी ही हैं। इस क्षेत्र में दोनों देशों के सहयोग को अधिक मजबूत करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है। इसके साथ ही दोनों देशों ने रक्षा उद्योगों को आपस में जोड़ने पर सहमति जताई है।



ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियोकोस का स्वागत करते पीएम मोदी।

### क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

**बैठक** में कई क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। पीएम मोदी ने कहा कि हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान वार्ता और कूटनीति से ही किया जाना चाहिए। हम इंडो-पैसिफिक में ग्रीस की भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं। भारत और ग्रीस वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का करते हैं समर्थन

**ग्रीस** के प्रधानमंत्री ने हम पीएम मोदी के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति जारी रख रहे हैं। कुछ महीने पहले एथेंस में हमने जिस संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे, उसे अभ्यास में लाया जा रहा है। हम सभी क्षेत्रों सुरक्षा, रक्षा, निवेश, व्यापार, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, कृषि और पर्यटन की दिशा में तेजी से प्रगति कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम 2028-29 के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की उम्मीदवारी का समर्थन करते हैं। भारत और ग्रीस कई पहलू से एक-दूसरे से काफी करीब हैं। हमारे विचार उस पुल की तरह काम कर रहे हैं, जो हमें करीब लाता है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र और सबसे बड़ा लोकतंत्र एक-दूसरे के साथ सहयोग और साझेदारी स्थापित कर रहा है।

## सहमतिः पाक में शहबाज शरीफ बनेंगे प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सरकार बनाने के लिए नवाज की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग (पीएमएल-एन) और बिलावल की पार्टी पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) गठबंधन को तैयार हो गई हैं। दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन की शर्तों पर सहमति बनी। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि एक बार फिर शाहबाज शरीफ प्रधानमंत्री होंगे। आसिफ अली जरदारी प्रेसिडेंट पद संभालेंगे। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी समर्थित उम्मीदवार और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल केंद्र में सरकार बनाने के लिए संसद में बहुमत हासिल नहीं कर सके। पीपीपी और पीएमएल-एन को सरकार बनाने के लिए बहुमत मिल गया है।

# शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाल सकते

**एजेंसी, नई दिल्ली**

- सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया फैसला, 60 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश

**सुप्रीम** कोर्ट ने बुधवार को महिलाओं के हित में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता। महिला कर्मचारियों को शादी के अधिकार से वंचित करने का आधार बनाने वाले नियम असंवैधानिक है।



कोर्ट ने केंद्र सरकार को शादी के आधार पर सेवा से बर्खास्त की गई सैन्य नर्सिंग अधिकारी को 60 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश भी दिया। बता दें कि याचिकाकर्ता सेलिना जॉन 26 साल से यह लड़ाई लड़ रही थी। याचिकाकर्ता सैन्य नर्सिंग सेवाओं के लिए चुनी गई थी और वह दिल्ली के आर्मी अस्पताल में प्रशिक्षु के रूप में शामिल हुई थी। बाद में तरक्की के साथ उन्हें एनएमएस में लेफ्टिनेंट के पद पर कमीशन दिया गया था। याचिकाकर्ता ने फिर एक सेना अधिकारी मेजर विनोद राघवन के साथ विवाह कर लिया, जिसके बाद लेफ्टिनेंट के पद पर सेवा करते समय उन्हें सेना से रिलीज कर दिया गया। संबंधित आदेश ने बिना कोई कारण बताओ नोटिस या मामले का बचाव करने का अवसर दिए बिना उनकी नौकरी को खत्म कर दिया।

# एक हफ्ते तक रोजाना चार घंटे तक बंद रहेगा हाई-वे

## छह मील के पास बरसात में पड़े मलबे को हटाने का काम शुरू

**रोजाना सुबह 10 से 12 और दोपहर दो से चार बजे तक आवाजाही बंद**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बीती बरसात के दौरान छह मील के पास हुए लैंडस्लाइड के कारण गिरे मलबे को पूरी तरह से हटाने के लिए प्रशासन, एनएचएआई और पुलिस ने कार्ययोजना पर बुधवार से काम करना शुरू कर दिया है। परेशानी बन चुके मलबे को हटाने के लिए रोजाना चार घंटे तक चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे को यातायात के लिए पूरी तरह से बंद रखा जाएगा, जिसमें रोजाना सुबह 10 से 12 बजे और दोपहर को दो से चार बजे तक हाई-वे यातायात के लिए पूरी तरह से बंद रहेगा।

यह प्रक्रिया अगले एक सप्ताह तक जारी रहेगी ताकि महाशिवरात्रि महोत्सव से पहले उक्त स्थान को सुरक्षित यातायात के लिए बहाल किया जा सके। इस दौरान कुल्लू-मनाली की तरफ जाने वालों के लिए मंडी से कुल्लू वाया कटौला मार्ग और कुल्लू-मनाली से वापस आने वालों के लिए पंडोह से गोहर-चैलचौक होते हुए डडौर जाने का विकल्प उपलब्ध रहेगा। हालांकि यह विकल्प सिर्फ छोटे वाहनों के लिए ही होगा जबकि बड़े वाहनों को हाई-वे पर ही रूककर इंतजार करना पड़ेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने बताया कि छह मील के पास गिरे हुए मलबे को पूरी तरह से हटाने के लिए यह निर्णय लिया गया है और इस पर कार्य करना शुरू कर दिया है। उन्होंने इस अवधि के दौरान लोगों से सहयोग की अपील की है।

उन्होंने बताया कि कटिंग के कार्य व मलबा हटाने में फोरलेन निर्माणाधीन कंपनी व ठेकेदार की लापरवाही भी सामने आई है। पुलिस ने केएमसी कंपनी व ठेकेदार के विरुद्ध भी मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाई-वे पर छह मील के पास मलबा हटाती विभाग की मशीनरी।

### अब तक तीन जानें ले चुका है मलबा

छह मील के पास बीती बरसात को हुए भारी भूस्खलन के कारण गिर रहा मलबा अब तक तीन लोगों की जानें ले चुका है। इसमें सुंदरनगर के मां-बेटे सहित घ्राण का 25 वर्षीय मशीन ऑपरेटर भी शामिल है। मशीन ऑपरेटर की मंगलवार को ही मलबे की चपेट में आने से दुखद मृत्यु हुई है। यहां पर पहाड़ी से जो मलबा गिरा है वो कुछ इस तरह से रूका है कि बार-बार हाई-वे पर आकर गिर रहा है। इसलिए अब इसे पूरी तरह से हटाने का निर्णय लिया गया है। यहां पर फोरलेन के कार्य को भी रोक दिया गया है क्योंकि अब यहां पर टनल निर्माण की तरफ ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है।

## कल विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड उपमंडल संख्या-दो मंडी के सहायक अभियंता ई. सुनील शर्मा ने बताया कि 23 फरवरी को सौली खड्ड, विंद्रावणी, नेला, चडयाणा, शिल्ला कीपर, मझवाड, दुदर, कोटमोर्स, सायरी, रखून, ब्राधिवीर, चडयारा, गुटकर, ओटा, बैहना, कैहनवाल, मनयाणा, टिल्ली भियुली, पड्डल, बस स्टैंड, कांगनीधार, मोतीपुर, संस्कृति सदन, डिग्री कॉलेज, लोअर अपर भियूली, पुरानी मंडी और जागृति हॉस्पिटल के आसपास सौली खड्ड उपकेंद्र के आवश्यक रख रखाव के कारण इन क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। बारिश होने पर यह काम अगले दिन किया जाएगा।

## शिवालयों में विभिन्न स्वरूपों में हो रहे दर्शन



प्राकृतिक शिवलिंग स्वरूप बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी।



भगवान शिव स्वरूप सिद्धेश्वर महादेव मंदिर इंदिरा मार्केट मंडी।



बजरंगबली स्वरूप नीलकंठ महादेव मंदिर थनेहड़ा बाजार मंडी।

**पुष्पराज, मंडी**

महाशिवरात्रि जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है छोटी काशी मंडी में लगातार भक्तों की भीड़ भी बढ़ती जा रही है। मंडी की शिवरात्रि को अंतरराष्ट्रीय दर्जा प्राप्त है। मंडी शहर में भगवान भोलेनाथ के बहुत मंदिर हैं।

मंडी शहर में बाबा भूतनाथ मंदिर के साथ और भी ऐसे मंदिर है जहां शिवलिंग पर तारारात्रि के पश्चात माखन रूपी शृंगार किया जाता है और यह माखन महाशिवरात्रि तक शिवलिंग पर रहता है। बुधवार को बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी में प्राकृतिक शिवलिंग का स्वरूप उकेरा गया। मेघालय के शिलांग में माउजिम्बुइन गुफा स्थित है जहां भगवान शिव की स्वयंभू शिवलिंग प्राकृतिक रूप में विराजमान है। गुफा की खास बात यह है कि शिवलिंग पर जलाभिषेक भी प्रकृति द्वारा किया जाता है जहां मेघालय पर्वत से शिवलिंग पर पानी की धार निरंतर टपकती रहती है। वहीं इंदिरा मार्केट के समीप सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में भी भगवान शिव का स्वरूप शिवलिंग पर उकेरा गया जोकि साक्षात भगवान शिव के जैसा ही प्रतीत होता है।

थनेहड़ा बाजार के समीप नीलकंठ महादेव मंदिर में बजरंगबली का स्वरूप उकेरा गया। बता दें कि शिवरात्रि तक ये स्वरूप ऐसे ही मंडी के विभिन्न शिवालयों में उकेरे जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## संजीव गुलेरिया के पक्ष में उतरी सामान्य वर्ग कल्याण समिति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बल्ह कांग्रेस में छिड़े घमासान के बीच राजनीति क्षेत्र से जुड़े लोगों के साथ विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के बुद्धिजीवी मामले में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए एपीएमसी चेयरमैन संजीव गुलेरिया के पक्ष में उठ खड़े हो गए हैं। इसी कड़ी में सामान्य वर्ग कल्याण समिति हि.प्र. के प्रदेशाध्यक्ष शक्ति चंद चौहान, महासचिव सीताराम वर्मा, भूपेंद्र सेन, मोहन वालिया, जिला प्रधान जगदीश गुलेरिया, प्यारे लाल, दुर्गा दास सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने संयुक्त बयान में कहा है कि आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद बल्ह विधानसभा क्षेत्र की ऊपरी बैल्ट को प्रतिनिधित्व देना मुख्यमंत्री का एक ऐतिहासिक निर्णय है। संजीव गुलेरिया एक युवा कर्मठ और अनुशासनशील व्यक्ति हैं, जोकि हर समय आम जनता की भलाई के लिए खड़े रहते हैं। एपीएमसी अध्यक्ष के मार्गदर्शन में कृषि उपज समितियों को जिलाभर में गति मिल रही है। संजीव गुलेरिया मुख्यमंत्री के विश्वास पात्र व करीबियों में गिने जाते है, जिसके चलते वे जिला मंडी के किसानों की समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष रखते हुए पैरवी कर रहे हैं तथा बल्ह विधानसभा में प्रस्तावित सब्जी मंडी निर्माण में अपनी भूमिका निभाकर किसानों को लाभान्वित करेंगे। अपनी राजनीतिक इच्छापूर्ति के लिए बड़े नेता व इनके लोग झूठे आरोप और गलत शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे सामान्य वर्ग के लोगों में रोष व्याप्त है। सामान्य वर्ग की समस्त बिरादरी युवा नेता संजीव गुलेरिया के पक्ष में सदैव कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।



## लक्ष्मी ने पास की नेट की परीक्षा



**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के जीव विज्ञान विभाग की लक्ष्मी देवी ने यूजीसी नेट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। लक्ष्मी देवी चंबा के भरमौर के चिहानी गांव की रहने वाली है। दूसरे सत्र में लक्ष्मी देवी ने सीएसआई आर जेआरएफ पास किया था। जीव विज्ञान तृतीय सत्र की छात्रा लक्ष्मी देवी ने यूजीसी नेट परीक्षा में 235वां रैंक हासिल कर नेट परीक्षा पास कर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी तथा जीव विज्ञान विभाग का नाम रोशन कर दिया है। प्रति कुलपति आचार्य अनुपमा सिंह ने लक्ष्मी देवी को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### प्राकृतिक खेती के बारे जागरूक किया

**सुंदरनगर।** कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी कृषि प्रोद्यौगिकी प्रबंधन अभिकरण आतमा जिला मंडी विकास खंड सुंदरनगर द्वारा प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत ध्वाल में दो दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में किसानों को प्राकृतिक खेती की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बताया गया, जिसमें बीजामृत, घनजीवामृत, जीवामृत, द्रेकास्त्र, ब्रह्मास्त्र, दशपर्णी अर्क, अग्निअस्त्र तथा सप्तधान्य अंकुर अर्क आदि शामिल थे। किसानों को अपनी प्राकृतिक खेती से लगाई हुई फसलों को बीमारी से बचाने के लिए खट्टी लस्सी का उपयोग करना भी सिखाया। सुंदरनगर कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया व आग्रह किया कि वे प्राकृतिक खेती को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दे।

### कांग्रेसी बिखराव की ओर: रणवीर सिंह



**मंडी।** कांग्रेस पार्टी बड़े बिखराव की तरफ अग्रसर है और इसका मुख्य कारण प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनकी तानाशाह जैसी कार्यप्रणाली है। यह आरोप कांग्रेस पार्टी में लगातार बढ़ रहे असंतोष पर भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रणवीर सिंह सेन ने लगाए। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक घटनाक्रम बताते हैं कि कांग्रेस पार्टी छोटे-छोटे गुटों में बंट चुकी है और जल्द ही कोई बड़ा विस्फोट कांग्रेस में होने वाला है। उन्होंने कहा कि मंत्री, विधायक, पार्टी नेताओं से लेकर पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष भी प्रदेश कांग्रेस में बढ़ रही अराजकता और मुख्यमंत्री की निरंकुश कार्यप्रणाली से हैरान है। जिसका ताजा उदाहरण सांसद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का बयान है कि आज तक उन्होंने ऐसा वातावरण प्रदेश में कभी नहीं देखा जिसमें संगठन पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का इतना तिरस्कार हुआ हो।

### एसएमसी के लिए नीति बनाए सरकार

**मंडी।** कांग्रेस सरकार से प्रदेश का हर वर्ग नाराज चल रहा है और कर्मचारी वर्ग भी अपनी मांगों को लेकर लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन प्रदेश कांग्रेस इस पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। ऐसे में कर्मचारी वर्ग में पैदा हुए रोष से पता चलता है कि कांग्रेस सरकार एक साल के भीतर ही अब जनता का विश्वास खो चुकी है। यह बात प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता अजय राणा और प्रदेश भाजपा के मीडिया सह प्रभारी अमित सूद ने कही। इन्होंने बताया कि शिमला के चौड़ा मैदान में भी एसएमसी शिक्षक लगातार 27 जनवरी से प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार की ओर से अभी तक कोई भी उनकी मांगों को सुनने के लिए वहां नहीं पहुंचा है। सरकार जिस तरह से एमसी शिक्षकों के प्रति बेरुखी दिखा रही है वह आने वाले समय में सरकार के लिए बिलकुल भी ठीक नहीं है। कांग्रेस सरकार को चाहिए कि वह एसएमसी शिक्षकों के नियमितीकरण को लेकर जल्द नीति बनाए। वरना प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित होगी और इससे लाखों बच्चों का भविष्य भी अंधकारमय होगा।

### भराड़ी स्कूल में मिलेगी हैंडबाल खेल सुविधा



अध्यापकों के साथ अभिलाषी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के पदाधिकारी।

**सरकाघाट।** राजकीय उत्कृष्ठ वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी सज्याओपिपलू निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न खेलों के ढांचागत विकास के लिए भी निरंतर अग्रसर है। विद्यालय में जहां पहले से ही वॉलीबाल, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिश, चेस, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स की सुविधा है, वहीं इस सत्र से विद्यार्थियों के लिए हैंडबाल खेल की भी सुविधा मिलेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप ने बताया कि विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण में शिक्षा के साथ खेलों की अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने हैंडबाल के गोलपोस्ट विद्यालय में लगवाने के लिए अभिलाषी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन नेरचौक मंडी के संस्थापक डॉ. आरके अभिलाषी का आभार व्यक्त किया है। अभिलाषी ग्रुप की ओर से 25 हजार रुपए की सहायता की गई है।

### प्रोफेसर सिम्मी के निधन पर शोक जताया

**सुंदरनगर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निवास स्थान पर उनकी धर्मप ी स्व. प्रोफेसर सिम्मी अग्निहोत्री के निधन पर शोक प्रकट किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि यह न केवल परिवार के लिए क्षति है, बल्कि प्रदेश ने एक सशक्त महिला को भी खोया है। उनका व्यक्तित्व महिलाओं के लिए प्रेरणा देता था। इस मौके पर उनके साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुंदरनगर से हेमंत शर्मा, रविंद्र गोल्डी, धनी राम सहित कई कांग्रेसी उपस्थित रहे।

# सवा दो महीने के बाद भेजी इनाम की राशि

## उच्च शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों को भेजे 10 लाख रुपए

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

आयोजन गत वर्ष में और रिफ्रेशमेंट तथा इनामी राशि इस वर्ष में। हालांकि अंतराल केवल सवा दो महीने का, लेकिन आयोजन पहले और उसके लिए धनराशि बाद में भेजना अपने आप में विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल चस्पां करता है। कुछ ऐसा ही हुआ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस के मौके पर दो सौ आयोजनों में। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष 14 दिसंबर को प्रदेशभर में 142 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा 58 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया गया। उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा 12 दिसंबर को जारी एक पत्र में प्रदेश के सभी जिलों के उच्च शिक्षा उपनिदेशकों को पत्र लिखकर ऊर्जा संरक्षण दिवस के मौके पर वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, नाटक, सर्किट व रोड शो इत्यादि कार्यक्रम करवाने के निर्देश जारी किए।

पत्र में कहा गया था कि इनामी व रिफ्रेशमेंट की राशि बाद में मुहैया करवा दी जाएगी। इस पत्र के अनुसार जिला बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू, सिरमौर, सोलन और ऊना में 10-10 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों और पांच-पांच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में यह कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए जबकि कांगड़ा, मंडी व शिमला जिलों में यह आयोजन 20-20 राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों तथा पांच-पांच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आयोजित करने के निर्देश दिए गए। साथ में किन्नौर में सात व लाहौल में पांच राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा क्रमशः तीन व पांच राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम आयोजित करने के लिए निर्देश जारी किए गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुल मिलाकर 200 वरिष्ठ व उच्च विद्यालयों में विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर भाग लिया, लेकिन विभाग की ओर से पारितोषिक व रिफ्रेशमेंट का खर्चा अग्रिम तौर पर उपलब्ध न हो पाने के चलते लगभग सभी जगह पर बाद में पुरस्कार वितरण की बात कही गई। ऐसे में आयोजन के एकदम बाद पुरस्कार पाना जहां बच्चों के लिए बहुत हौसला बढ़ाने वाली बात होती है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो पाया। उच्च शिक्षा निदेशक अमरजीत शर्मा ने धनराशि जारी करने की पुष्टि की है जबकि राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंडी की प्रधानाचार्य जयश्री कपूर ने बताया कि वैसे तो हर साल यह धनराशि पहले ही आ जाती थी, लेकिन इस बार अब प्राप्त हुई है जिससे शीघ्र ही पारितोषिक वितरण किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### किस जिले को कितनी राशि मिली

अब आयोजन के लगभग सवा दो महीने बाद उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा दस लाख रुपए सभी जिलों के उच्च शिक्षा उपनिदेशकों को भेजे गए हैं। इसमें जिला बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, कुल्लू , सिरमौर व सोलन को 75000, किन्नौर व लाहौल को 50000 तथा कांगड़ा, मंडी व शिमला को 1.25000 रुपए प्रति जिला के हिसाब से भेजे गए हैं। अब इन विद्यालयों के प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों द्वारा ऊर्जा संरक्षण दिवस के आयोजन में शामिल बच्चों को पुरस्कार वितरण किए जाएंगे।

## 28 फरवरी से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**जोगिंद्रनगर।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के माध्यम से रसोई गैस कनेक्शन लेने वाले सभी उपभोक्ता 28 फरवरी से पहले ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर एलपीजी रसोई गैस सिलेंडर पर मिलने वाली सब्सिडी मार्च माह से बंद कर दी जाएगी। प्रभारी हिमाचल प्रदेश सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन लिमिटेड जोगिंद्रनगर पवन ठाकुर ने बताया कि इंडियन ऑयल के निर्देशों के तहत इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर के माध्यम से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के सभी रसोई गैस कनेक्शन उपभोक्ताओं को ई.केवाईसी करवाना अनिवार्य किया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि 28 फरवरी से पहले ई-केवाईसी करवा लें।

## राइजिंग स्टार की टीम ने किया फाइनल में प्रवेश



मुख्यातिथि एसपी साक्षी वर्मा को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पड्डल मैदान में ट्राईअम्फ यूथ क्लब मंडी के सौजन्य से पहली बार ट्राईअम्फ महिला फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिला फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने किया। इस मौके पर उद्घाटन मैच राइजिंग स्टार व मैजिशियन एफसी के मध्य खेला गया। लीग का यह पहला मैच 1-1 से बराबरी पर रहा। दूसरा मैच जीजीएसपीएस व ट्राईअम्फ एफसी के मध्य खेला गया। ट्राईअम्फ एफसी 9-0 से विजयी रही। क्लब के प्रधान सुशांत शर्मा ने बताया कि तीसरा मैच मैजिशियन एफसी व एएसएमएस एफसी के मध्य खेला गया, जिसमें मैजिशियन एफसी 3-0 से विजयी रही। चौथा मैच वीजीसी व जीजीएसपीएस के मध्य खेला गया, यह मैच एकतरफा रहा। वीजीसी 5-0 से विजयी रही। पांचवा मैच राइजिंग स्टार व एएसएमएस एफसी के मध्य खेला गया। यह मैच 4-0 से राइजिंग स्टार ने अपने नाम कर लिया। लीग का अंतिम मैच ट्राईअम्फ एफसी मंडी व वीजीसी के मध्य खेला गया, जिसमें ट्राईअम्फ एफसी मंडी 3-2 से विजयी रही। पहला सेमीफाइनल मैच वीजीसी मंडी व राइजिंग स्टार के मध्य खेला गया, जिसमें राइजिंग स्टार की कशिश ने गोल करके अपनी टीम को फाइनल में प्रवेश किया।

## रेहड़ी-फड़ी की जगह 51 लाख में नीलाम

### पिछले वर्ष के मुकाबले 11 लाख रुपए अधिक लगी बोली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि मेला मंडी में रेहड़ी-फड़ी लगाने की जगह की 51 लाख रुपए में नीलामी हुई है। जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 11 लाख रुपए अधिक है। संयोजक प्लॉट आवंटन समिति एवं एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने बताया कि कुल्लू जिला के मोती राम ठाकुर ने उच्चतम बोली लगाकर यह बोली अपने नाम की है। पिछले वर्ष रेहड़ी-फड़ी क्षेत्र की बोली 40 लाख रुपए थी, जबकि इस बार 51 लाख रुपए हुई जो पिछली बार से 11 लाख रुपए अधिक हैं। उन्होंने बताया कि राजस्व बढ़ाने के लिए शिवरात्रि मेला कमेटी के प्रयास सफल हुए हैं।

अधिक राजस्व से मेला कमेटी मेले को और अधिक अच्छे ढंग से आयोजित कर पाएगी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को तंबोला के लिए 13 लाख रुपए की सबसे बड़ी बोली लगाई गई है, जो कि पिछली बार के मुकाबले तीन लाख 66 हजार 620 रुपए अधिक रही है। वहीं इसके अतिरिक्त मंडी शिवरात्रि मेले में पड्डल में हैंगर्स लगाने के लिए पहले ही शिवरात्रि मेले के इतिहास की सबसे बड़ी बोली प्राप्त हो चुकी है। छह हैंगर्स की नीलामी 3.25 करोड़ रुपए की रही है, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 1.68 करोड़ रुपए अधिक है। पिछली शिवरात्रि में हैंगर के लिए 1.57 करोड़ रुपए बोली लगाई गई थी।

## आज बिजली बंद

**मंडी।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल संख्या 1 मंडी नरेश ठाकुर ने बताया कि 33/11 केवी सब स्टेशन समखेतर की टेस्टिंग के कारण सन्यारड़ी, टारना, परिधि गृह, दो-अंब, लोक निर्माण विभाग कार्यालय, डाइट, नर्सिंग हॉस्टल, जलशक्ति कार्यालय, रवि नगर, सुहड़ा, अस्पताल रोड, संजीवन, पैलेस कॉलोनी, गणपति रोड, मोती बाजार, नेशनल स्ट्रीट, लोअर समखेतर, तुंगल कॉलोनी, टाऊन हॉल, ट्रेजरी कार्यालय, कल्याण कार्यालय, गोल पौड़ी व आसपास के क्षेत्रों में 22 फरवरी को 12 से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

**बैठक** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक के दौरान सांसद प्रतिभा सिंह ने दिए निर्देश

# शिवरात्रि से पहले पूरा करें पंचवक्त्र फुटब्रिज का काम

**कहा- सांसद विकास निधि के कार्यों में लाएं तेजी**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सांसद प्रतिभा सिंह ने मंडी जिले की विभिन्न पंचायतों में सांसद विकास निधि के तहत स्वीकृत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को लंबित कार्यों से जुड़ी तमाम औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें जल्द धरातल पर उतारने को कहा। वे बुधवार को मंडी में आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। सांसद ने कहा कि मंडी-पंडोह-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग के अलावा वैकल्पिक मार्ग के तौर पर मंडी-कमांद-बजौरा-कुल्लू मार्ग की तुरंत मरम्मत और स्तरोन्नयन की आवश्यकता है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने 12 करोड़ रुपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाई है।

सांसद ने अधिकारियों को पंचवक्त्र फुटब्रिज का काम शिवरात्रि से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। प्रतिभा सिंह ने सांसद आदर्श ग्राम योजना के तहत विकास खंड गोहर की ग्राम पंचायत नौण तथा विकास खंड चौंतड़ा की ग्राम पंचायत चौंतड़ा में सभी कार्यों को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में मनरेगा में करीब 945 करोड़ रुपए के 74 हजार 107 कार्य स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 24162 कार्य आरंभ किए जा चुके हैं। उन्होंने शारटी स्कूल को 25 लाख, खोलानाल को 10 लाख जारी करने की घोषणा की। इस अवसर पर उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सांसद का आभार जताते हुए कहा कि उनके निर्देशों का पूरा पालन किया जाएगा।

इस अवसर पर बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष पाल वर्मा, कांग्रेस नेता एवं जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, नगर निगम मंडी के महापौर विरेंद्र शर्मा, समिति सदस्य अमित पाल सहित समिति के अन्य गैर सरकारी सदस्यों ने विकास कार्यों को लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा, एसडीएम सदर ओमकांत ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



दिशा बैठक की अध्यक्षता करती सांसद प्रतिभा सिंह व इस दौरान उपस्थित अधिकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### आदर्श आचार संहिता के लिए कक्ष स्थापित

**शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ जनता की शिकायतों के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष और कॉल सेंटर तहसीलदार रिकवरी, शिमला के कमरा नंबर 408 कार्यालय में स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष और कॉल सेंटर चुनाव की घोषणा की तारीख से चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक कार्य करेगा। अजय रतन, जिला योजना अधिकारी, शिमला को नियंत्रण कक्ष और कॉल सेंटर का प्रभारी नियुक्त किया गया है, जो कि शिकायतों को प्राप्त कर बिना किसी देरी के कार्रवाई करने या उड़न दस्ते को भेजने के लिए जिम्मेदार रहेंगे।

### जिला स्तरीय व्यय निगरानी समिति का गठन

**शिमला।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आदेश जारी करते हुए बताया कि प्रदेश में आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न व्यय निगरानी के संबंध में जिला स्तरीय व्यय निगरानी समिति का गठन किया गया है। इस समिति में एडीसी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा को नोडल अधिकारी तथा उपायुक्त कार्यालय से हेमंत कुमार एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण कार्यालय से भीम चंद ठाकुर को सदस्य नियुक्त किया गया है।

### राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में किया जाए शामिल

**शिमला।** कम्यूनिटी मेडिकल ऑफिसर काफी समय से मांग कर रहे थे कि उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कार्यक्रम में शामिल किया जाए। बुधवार को विधानसभा सत्र के बाद कम्यूनिटी मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन की प्रदेशाध्यक्ष गुलशन ठाकुर ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। गुलशन ठाकुर ने मुख्यमंत्री से कहा कि उन्हें एनएचएम मे शामिल किया जाए। मुख्यमंत्री द्वारा इन्हें आश्वासन दिया कि इस पर आवश्य ही चर्चा की जाएगी। वर्ष 2020 मे जब कोरोना ने दस्तक दी तब से कम्यूनिटी मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन लोगों को सेवाएं दे रहे हैं। उस समय से पहले दो बैच मे कुल 650 लोग काम कर रहे हैं, जिसमें चार पुरुष और 644 महिलाएं शामिल हैं। इनकी मांग है कि कम्यूनिटी मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के कर्मचारियों को सीधे ही राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में शामिल किया जाए।

### राज्यसभा सांसद सिकंदर ने युवाओं में भरा जोश

**शिमला।** व्हाइट हाउस गजेरी में भाजयुमो की मंडल कार्यशाला में डॉ. सिकंदर राज्यसभा सांसद, प्रदेश महामंत्री भाजपा एवं प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज ने भाग लिया। बैठक में आगामी चुनाव को लेकर युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को युवा चौपाल कार्यक्रमों के लिए प्रशिक्षण दिया। डॉ. सिकंदर ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों का भी जिक्र किया। भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। भारत ने 10 वर्षों में फ्रेजाइल पांच से टॉप पांच का सफर तय किया है। भारत अब 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर हैं। 2047 से पहले विकसित भारत का सपना जरूर साकार होगा क्योंकि यह नरेंद्र मोदी की गारंटी है। डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, मुद्रा योजना जैसे कई इनिशिएटिव ने देश में रोजगार के असीम अवसर उत्पन्न किए हैं।

### महिलाओं की पीड़ा नहीं समझता केंद्र : कविता

**शिमला।** प्रदेश महिला कांग्रेस ने देश मे बढ़ती मंहगाई पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि इसका सबसे ज्यादा असर महिलाओं, गृहिणियों पर पड़ रहा है। केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं के प्रति असंवेदनशील है। प्रदेश महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कविता कंवर ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार महिलाओं की पीड़ा को नही समझ रही है, पिछले 10 सालों में केंद्र की भाजपा सरकार मुद्रास्फीति को नियंत्रण करने और बढ़ती मंहगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। केंद्र आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी या मूल्य नियंत्रण करने की जगह अपने कुछ बड़े मित्र उद्योगपतियों को 10 लाख करोड़ के बैंक लोन राइट ऑफ किए हैं। कविता कवंर ने कहा कि दैनिक उपयोग की वस्तुओं सब्जियों व दालों व खाद्य तेल के भाव आसमान छू रहें हैं। एलपीजी गैस सिलेंडर के भाव 1050 से ऊपर हैं।

### फलों की काट-छांट के बारे में बताया

**रिकांगपिओ।** कृषि विज्ञान केंद्र रिकांगपिओ में किन्नौर जिले के ग्रांजे में दो दिवसीय बागवानी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें शुष्क शीतोष्ण फलों की सिधाई और काट-छांट के वैज्ञानिक प्रबंधन के बारे में बागवान समुदाय को शिक्षित किया गया। प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अरुण कुमार ने फल की गुणवत्ता और उत्पादकता में वैज्ञानिक छत्र प्रबंधन की महत्ता पर जोर दिया। इस दौरान डॉ. कुमार ने एक बागवान के बगीचे में वैज्ञानिक कैनोपी प्रबंधन तकनीकों के व्यावहारिक पहलुओं का प्रदर्शन किया और प्रशिक्षण के प्रतिभागियों को वैज्ञानिक प्रथाओं का विस्तार से विवरण दिया। पहले दिन डॉ. डीपी भंडारी ने शीतोष्ण फलों के रोग प्रबंधन को विस्तार से बताया, मुख्य रूप से जड़ रोट समस्या को नियंत्रित करने पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. अरुण कुमार नेगी ने बाद में किसानों को पोषण प्रबंधन और वैज्ञानिक बागवानी प्रथाओं पर विस्तार से बताया।

### सरकारों ने आउटसोर्स कर्मचारियों को ठगा

**रिकांगपिओ।** प्रदेश सरकार के अपने कार्यकाल का दूसरे बजट में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए केवल 25 रुपए प्रतिदिन वेतन बड़ा कर कर्मचारियों की भावनाओं के साथ मजाक किया है। आउटसोर्स कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष कमल किशोर नेगी ने कहा कि कर्मचारी पिछले 16-20 वर्षों से विभिन्न विभागों निगमों और बोर्डों मे अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी किसी भी सरकार ने इन कर्मचारियों के लिए स्थायी नीति और समान वेतन लागू नही कर पाए। सरकारों ने इन्हे ठगा है और केवल चुनावी वर्षों में नीति बनाने की बात कर उनके वोट हासिल करने की कोशिश की है। उसके बाद इन कर्मचारियों को भुल जाते हैं। पूर्व में भाजपा की सरकार ने वर्ष 2022 में आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए निति बनाने की बड़ी-बड़ी बातें की थी पर बनाई नहीं, जिसका भुगतान उन को चुनाव में भूकतना पड़ा। आउटसोर्स कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से मांग कि कर्मचारियों तथा उनके आश्रित परिवारों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इन कर्मचारियों की मांग का जल्द पूरा करे।

### झूठे प्रचार-प्रसार में व्यस्त रोहड़ू भाजपा : मेहता

**रोहड़ू।** कांगेस कमेटी रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता ने कहा कि पिछले कुछ दिन पहले भाजपा मंडल रोहड़ू के मीडिया प्रभारी का अखबार में एक बयान छपा था, जिसमें कहा गया था कि रोहड़ू अस्पताल के अतिरिक्त भवन के लिए 22 करोड़ रुपए की धनराशि भाजपा प्रत्याशी शशि बाला के प्रयासों से प्राप्त हुई है। वहीं, उन्होंने कहा है कि सिविल अस्पताल में 150 से 200 बिस्तर की क्षमता भाजपा नेत्री शशि बाला के प्रयासों से बड़ी है, जो सरासर झूठ है। ऐसे बयान हास्यास्पद और तथ्यों से परे है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय अस्पताल का उद्घाटन न होने का मुख्य कारण अतिरिक्त भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर चल रहा था। भवन निर्माण कार्य के लिए कांगेस के कार्यकाल में लगभग 16.71 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे। वहीं, 22 करोड़ रुपए भाजपा ने कैसे लाए। सिविल अस्पताल रोहड़ू में खाली पदों को जल्द से जल्द भरा जाएगा। नर्सों के पदों को आउटसोर्स के माध्यम से भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके बावजूद भी नागरिक अस्पताल रोहड़ू लोगों को बेहतरीन सेवा दे रहा है।

# शहर में बिजली मीटरों की समस्या होगी दूर

## महापौर ने बिजली विभाग को दिए निर्देश, मीटर लगाने के लिए शहर का किया निरीक्षण, सुनी जनता की परेशानी

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला शहर में निगम आपके द्वार मुहिम चलाई जा रही है। शहर के जीतने भी वार्ड में महापौर और अधिकारियों ने निरीक्षण किया। उसमें लोगों ने मीटर की समस्या बताई है।

मीटर शिफ्ट करने के लिए छोटा शिमला, कुसुंपटी, लक्कड़ बाजार, संजौली समेत कई जगहों से लोगों ने मांग की थी, जिस पर अमल किया गया है। इसको लेकर मेयर ने बिजली बोर्ड से बात की और काम को जल्द करने के निर्देश दिए हैं। आम जनता को अब राहत मिलने वाली है। जहां आवासीय कालोनियां हैं वहां के लिए यह सुविधा दी जाएगी। शहर में अक्सर लोग अपनी समस्या को मेयर तक नहीं पहुंचा पाते थे, जब से यह


शिमला शहर।

मुहिम चलाई जा रही है, तब से लोगों को अपनी समस्या बताने का मौका भी मिल रहा है और अधिकतर समस्याओं का समाधान की वहीं किया जा रहा है। शहर में हजारों की संख्या में बिल्डिंग्स है और उसके ग्राउंड फ्लोर पर ही मीटर लगाए गए हैं। इस निरीक्षण के बाद शहर में लोगों को अपने फ्लैट के बाहर ही मीटर लगाने होंगे। यह फैसला लोगों की मांग के बाद लिया गया है। इससे एक तरफ लोगों को सुविधा मिलेगी और निगम की आय बढ़ेगी। (अनंत ज्ञान)

### 31 हजार से अधिक भवन मालिकों ने किराये पर दिए हैं कमरे

शिमला शहर में 31 हजार से ज्यादा भवन मालिकों ने किराये पर कमरे दिए हैं। अधिकतर मालिकों ने अपनी बिल्डिंग में कमरे किराए पर दे रखे हैं। उसमे भी एक ही मीटर लगा हुआ होता है, जिसमे भवन मालिक अपने हिसाब से किरायेदारों से बिजली का बिल लेते हैं। इस निरीक्षण से निगम ने अपनी संपत्ति का पता लगाने के लिए जीआईएस मैपिंग का काम भी शुरू किया है, जिसका सर्वे 31 मार्च तक पूरा होने की उम्मीद है। इस मैपिंग के बाद निगम के पास शहरवासियों का पूरा रिकॉर्ड होगा और अवैध कब्जा करने वालों पर नकेल कसी जाएगी।

### बिजली चोरी पर लगेगी लगाम

शहर में अधिकतर जगह स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। बिजली बोर्ड द्वारा जल्द पूरे निगम एरिया में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगने से कनेक्शन से बिजली चोरी पर लगाम लग जाएगी। इसके लगने से बिजली बोर्ड कर्मचारियों को उपभोक्ता के घर जाने की जरूरत भी नहीं होगी। इन मीटर के माध्यम से ऑनलाइन रीडिंग ली जाएगी। बोर्ड कार्यालय में कंट्रोल रूम में सॉफ्टवेयर के माध्यम से बिजली की खपत, लो वोल्टेज, बिजली बंद और बिजली कनेक्शन में हो रही चोरी का पता आसानी से चल सकेगा। इसलिए जहां अभी तक यह सुविधा नहीं मिली है वहां भी जल्द मीटर लगेंगे।

शहर में निगम आपके द्वार मुहिम के तहत शहर का निरीक्षण किया जा रहा है। इसमें पार्षद जो फीडबैक देते हैं, इसके मुताबिक काम किए जा रहे हैं। इसमें अधिकतर लोगों ने मीटर शिफ्ट करने के लिए छोटा शिमला, कुसुंपटी, लक्कड़ बाजार, संजौली समेत कई जगहों से मांग की थी, जिस पर अमल किया गया है।
**सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

### अधिकतर खर्च स्वयं उठाएंगे भवन मालिक

निगम शहर का दौरा कर रहा है। मीटर लगाने के लिए बिजली की तार का खर्च भवन मालिकों को स्वयं उठाना होगा। इस दौरान अगर किसी की बिजली सप्लाई संबंधी कोई परेशानी होती है, तो उसका निवारण बिजली बोर्ड खुद करेगा।

## सीमा को लाइव स्कोरर, सतीश को लाइव स्ट्रीमर अवॉर्ड से नवाजा

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

ग्रीन पार्क स्टेडियम करयाली में संपन्न हुए सहारा कप-2024 में सीमा मैहता को लाइव स्कोरर के अवॉर्ड से और सतीश मैहता को लाइव स्ट्रीमर के अवॉर्ड से नवाजा गया।



सुन्नी के साथ सटे तहसील करसोग के गांव परलोग से संबंध रखने वाली सीमा मैहता प्रदेश में पहली लाइव स्कोरर होने पर एसके स्पोर्ट्स क्लब परलोग के अध्यक्ष सतीश मैहता ने बताया कि आने वाले समय में सीमा मैहता को इस तरह के उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया जाएगा। साथ ही युवा वर्ग व महिला वर्ग के लिए सुन्नी में बहुत जल्द सीमा क्रिकेट अकादमी का निर्माण किया जाएगा, ताकि हर वर्ग में क्रिकेट की बेसिक जानकारी मिल सके। सहारा कमेटी करयाली और अन्य सभी आर्गेनाइजेशन का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी इस तरह के खेलों को बढ़ावा देने की बात कही। सीमा मैहता को पहले भी महासंग्राम कप, शंकर कप, डीपी मेमोरियल क्रिकेट चैंपियनशिप के सभी क्रिकेट प्रतियोगिता में लाइव स्कोरर से नवाजा जा चुका है।

## लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को मिलेगा भारी बहुमत: वर्मा

**शिमला।** प्रदेश कांग्रेस सचिव एवं लोकसभा चुनावों के लिए ठियोग विधानसभा क्षेत्र में पार्टी पर्यवेक्षक राजेश वर्मा ने उन्हें पर्यवेक्षक का दायित्व देने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव संगठन रजनीश किमटा, अमित पाल सिंह व अन्य सभी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने कहा है कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगे। राजेश वर्मा ने कहा है कि ठियोग मे कुलदीप सिंह राठौर के नेतृत्व में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है। इस क्षेत्र से लोकसभा चुनावों में कांग्रेस को भारी बहुमत मिलेगा। विधायक कुलदीप सिंह राठौर के दिशा निर्देश पर जल्द ही वह इस विधानसभा क्षेत्र के बूथ कमेटियों के साथ चुनाव तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे।

# फिल्म निर्देशक अग्निहोत्री होंगे आईएमडीआरसी के ब्रांड एंबेसेडर

## राज्यपाल ने दी बधाई कहा- मानवता की सेवा से बढ़कर कोई कार्य नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बुधवार को राजभवन में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से विख्यात फिल्म निर्देशक व निर्मात विवेक अग्निहोत्री को इंटेग्रेटिड मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी रिहैबिलीटेशन सेंटर-मानव मंदिर का ब्रांड एंबेसेडर बनने पर बधाई दी।


ऑनलाइन माध्यम से अग्निहोत्री से वार्तालाप करते राज्यपाल।

राज्यपाल ने औपचारिक तौर पर इसकी घोषणा की। इस अवसर पर सेंटर के मस्क्युलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित रोगी भी राजभवन में उपस्थित थे। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि यह एक अनुवांशिक रोग है, जो समय के साथ शारीरिक शक्ति को कमजोर करता है और रोगी दूसरों पर निर्भर हो जाता है। इस केंद्र में फिजियोथेरेपी, हाइड्रोथेरेपी, योग, प्राणायात एवं उचित देखभाल से आधुनिक मशीनों के द्वारा उपचार किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'मन की बात' के अपने कार्यक्रम में इस केंद्र का विशेष तौर पर उल्लेख किया था और केंद्र की ओर से दी जा रही सेवाओं की सराहना की थी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अग्निहोत्री के सहयोग से केंद्र का देश-दुनिया में व्यापक प्रचार सुनिश्चित होगा, जिन पीड़ित व्यक्तियों तक इस केंद्र की जानकारी नहीं है वे भी आ सकेंगे।

# स्कूली बच्चों के एचआरटीसी बस पास बनाने की प्रक्रिया शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में वीरवार से शहर के प्राइवेट व कान्वेंट स्कूली बच्चों के एचआरटीसी बस पास बनाने की प्रक्रिया पुराना बस स्टैंड व संजौली स्थित बस काउंटर में शुरू होगी।

निगम के काउंटर पर उन्हीं स्कूली बच्चों के पास निगम के कर्मचारी बनाएंगे, जिनके नाम स्कूल प्रबंधन द्वारा निगम प्रबंधन को भेजने होंगे यदि संबंधित स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थी का नाम पास बनाने के लिए नहीं भेजा होगा, तो निगम कर्मचारी पास नहीं बनाएगा। इसके लिए निगम प्रबंधन ने काउंटर कर्मचारियों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं। निगम प्रबंधन द्वारा एक काउंटर पुराना बस स्टैंड में काउंटर नंबर एक पास बनाने के लिए खोला है। वहीं, दूसरा कांउटर संजौली में खोला गया है। इन काउंटर पर सुबह नौ बजे से सायं 4.30 बजे तक पास बनेंगे।

### स्कूल पास बनाने वाले बच्चों की मांगी थी लिस्ट




बीते सप्ताह निगम प्रबंधन ने शहर के निजी स्कूल प्रबंधन पदाधिकारियों से बैठक कर स्कूल पास बनाने वाले बच्चों की लिस्ट मांगी थी, जिस पर शहर में अधिकतर स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चों की लिस्ट भेज दी थी, लेकिन शहर के एक से दो स्कूल प्रबंधन द्वारा पास बनाने वाले बच्चों की लिस्ट मुहैया नहीं करवाई है।

शिमला शहर में निजी स्कूल विद्यार्थियों की बस पास बनाने की प्रक्रिया वीरवार से पुराना बस स्टैंड व संजौली बस स्टैंड में शुरू होगी। काउंटर पर उन्हीं बच्चों के पास बनेंगे। जिनके नाम प्रबंधन के पास पहुंचे हैं।
**विनोद शर्मा, आरएम शिमला**

## किसानों, बागवानों के लिए बजट में विशेष प्रावधान

**जुन्गा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तुत बजट को कसुपंटी ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के मुख्य आयोजक एवं सचिव हि.प्र. किसान कांग्रेस शक्त राम कश्यप ने किसानों और बागवानों के हित में बताया है।

बजट में किसानों और बागवानों की उपज के विपणन के लिए सब्जी व फल मंडियों व उप मंडियों में उचित व्यवस्था करने के अतिरिक्त आधुनिक मंडियों के निर्माण तथा फल व सब्जियों के संग्रहण के लिए बजट में विशेष प्रावधान किया गया है, जिससे निकट भविष्य में किसानों को लाभ होगा।

## बड़सर क्षेत्र के डब्ल्यूएसएस के टेंडर में हुआ घोटाला : सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**निविदा लागत में अत्यधिक वृद्धि के कारण टेंडर नहीं दिया गया**

भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने एनडीबी फंडिंग के तहत बड़सर क्षेत्र में ब्यास नदी से विभिन्न एलडब्ल्यूएसएस के स्रोत को बढ़ाने के लिए एक विशेष फर्म को निविदा देने में ईएनसी (परियोजनाएं), जेएसवी मंडी द्वारा घोर अनियमितता बरतने का आरोप लगाया है। सत्ती ने कहा कि लगभग 130 करोड़ रुपए की राशि के लिए एनडीबी फंडिंग के तहत बड़सर क्षेत्र में डब्ल्यूएसएस प्रदान करने के लिए कार्य को मंजूरी दी गई थी।

उन्होंने कहा कि अनुमोदित अनुमान के अनुसार इस योजना का स्रोत ब्यास नदी था और मुख्य अभियंता मंडी द्वारा जुलाई 2022 में निविदा बुलाई गई थी। ई-इन-चीफ (प्रोजेक्ट्स) मंडी द्वारा सबसे कम कीमत वाली फर्म के साथ बातचीत के बाद निविदा को भी अंतिम रूप दिया गया था और लगभग 205 करोड़ रुपए की राशि। सत्ती ने कहा कि 130 करोड़ रुपए की स्वीकृत लागत के मुकाबले, लेकिन स्वीकृत लागत रुपए से अधिक की निविदा लागत में अत्यधिक वृद्धि के कारण टेंडर नहीं दिया गया।

## शिविर में आरकेएमवी की 200 छात्राओं ने किया रक्तदान



राजकीय कन्या महाविद्यालय में रक्तदान करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय कन्या महाविद्यालय में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

युवा रेडक्रोस व एनएसएस के द्वारा रोटरी कल्ब हिल्सक्वीन शिमला व एनसीसी, रेड रिबन, रेंज रोवर क्लब ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम मे कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनुरीता सकसेना ने मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। शिविर में 200 छात्राओं ने रक्तदान किया। इसमें उन छात्राओं की सूची तैयार की गई, जो अपनी इच्छा से रक्तदान करना चाहती हैं। डीडीयू के डॉ. गंगा शर्मा के अगुआई में रक्त एकत्रित किया गया।

## रोहड़ू विकास में पिछड़ा : शशि बाला

**दशमी रावत, रोहड़ू**

पिछले पांच साल में रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है, जिसके लिए यहां के स्थानीय विधायक मोहन लाल ब्राक्टा जिम्मेवार है।

रोहड़ू के परिधि गृह में पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य व भाजपा की रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रही शशि बाला ने बताया कि प्रदेश में दस गारंटी का झूठा दिलासा देकर कांग्रेस सत्ता में आई है। आज हालत यह है कि प्रत्येक वर्ग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। गांव की महिलाएं आज भी 1500 रुपए का मिलने का इंतजार कर रही हैं। रोहड़ू में पब्बर नदी का तटीकरण जो 200 करोड़ रुपए की लागत से होना है, जिसके लिए विधायक भाजपा को कोसते हैं। उन्होंने विधायक से पूछा है कि इस


पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुई भाजपा की रोहड़ू से प्रत्याशी रही शशि बाला।

मुद्दे के समाधान के लिए उन्होंने क्या किया है। उन्होंने तटीकरण की योजना को शुरू करने के लिए कोई पहल नहीं की है। इस मौके पर भाजपा मंडल रोहड़ू अध्यक्ष शशि रावत और मीडिया प्रभारी सुमेश चौहान भी मौजूद रहे।

शशि बाला ने बताया कि सिविल अस्पताल रोहड़ू में जहां भाजपा कार्यकाल में 32 डॉक्टर थे और अन्य स्टाफ भी पूरा था। सिविल अस्पताल में सभी 200 बिस्तर की सेवा चल रही थी, लेकिन आज हालत यह है कि सिविल अस्पताल में 13 डॉक्टर और सात नर्स सेवाएं दे रही हैं। क्या यही व्यवस्था परिवर्तन रोहड़ू की जनता देख रही है।

सिविल अस्पताल में जो अल्ट्रासांउड मशीन भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगाई गई थी, वह भी सुचारू रूप से नहीं चल रही है। लोगों को निजी अस्पतालों में इलाज करना पड़ रहा है। शिशु वार्ड को बंद कर दिया गया है। कोई सिजेरियन यहां पर नहीं हो रहे हैं। यहां के स्थानीय डॉक्टरों के तबादले कर दिए गए हैं। वहीं, सेब बागबानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। (अनंत ज्ञान)

## चिकित्सा शिविर में 103 रोगियों की हुई जांच

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के वाइब्रेंट गांव पूह पंचायत कार्यालय में आयुष विभाग किन्नौर द्वारा एक दिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का शुभारंभ डर इंदु शर्मा जिला आयुष अधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

शिविर में स्थानीय पंचायत व आस-पास के लगभग 103 मरीजों की जांच की गई। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित विभागीय कैलेंडर के अनुरूप पूह में इस निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को मुफ्त आयुर्वेदिक चिक्तिसीय सुविधाएं प्रदान करना है।

**परेशानी** यात्रियों ने तंग आकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को मामले में भेजा शिकायत पत्र

# अंतरराज्यीय बस अड्डे की लिफ्ट पांच दिन से बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अंतरराज्यीय बस अड्डा आईएसबीटी शिमला की लिफ्ट बंद होने से देश-विदेश से शिमला आने वाले पर्यटकों सहित आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को भारी भरकम सामान उठाकर निचली मंजिल से ऊपरी मंजिल पर जाने के लिए खरी मुशक्कत करनी पड़ रही है।

बस अड्डे पर प्राय यह लिफ्ट बंद पड़ी रहती है, जिसके चलते बीमार और बुजुर्ग लोगों सहित छोटे बच्चों को भी ऊपरी मंजिल तक ले जाने



आईएसबीटी बस अड्डे पर बंद पड़ी लिफ्ट।

के लिए मुश्किलें उठानी पड़ती हैं। ऐसे में यात्रियों ने तंग आकर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को इस मामले में शिकायत पत्र भेजा है। शिकायत कर्ता गंगा राम शर्मा, सुरेश शर्मा, ममता देवी शिमला, सरित देवी, विरेंद्र शर्मा सहित कई अन्य यात्रियों का कहना है कि बस अड्डे पर ऊपरी मंजिल से वोल्वों बसें बाहरी राज्यों सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए चलाई जाती हैं, लेकिन लिफ्ट बंद होने के कारण उन्हें बच्चों व बुजुर्गों के साथ अन्य भारी सामान ले जाना मुश्किल भरा होता है, ऐसे में उन्होंने इस लिफ्ट को दुरुस्त करने के साथ ही वोल्वों बसों का संचालन निचली मंजिल में करवाने की गुहार लगाई है।

### आईएसबीटी में लगी दो लिफ्ट अक्सर रहती हैं बंद

आईएसबीटी पर दो लिफ्ट यात्रियों की सुविधा के लिए लगाई गई हैं, लेकिन यह दोनों लिफ्टें अक्सर बंद रहती हैं। इसके अलावा पीपीपी मोड पर बनाए गए इस बस अड्डे में एक और लिफ्ट लगाई गई है, जिससे केवल बस अड्डे पर बने पर्यटकों को ही आवाजाही के लिए सुविधा दी जाति है, जबकि आम आदमी और अन्य यात्रियों को हमेशा इन दो लिफ्टों के बंद रहने की शिकायत रहती है।

**घरेच में आयोजित किया निशुल्क स्वास्थ्य व दंत चिकित्सा शिविर**

# दांतों के रखरखाव के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश राज्य रेडक्रॉस एवं आईजीएमसी दंत चिकित्सा विभाग के तत्वावधान में बुधवार को शिक्षा खंड मशोबरा शिमला के अंतर्गत राजकीय उच्च विद्यालय घरेच में एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य व दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की अध्यक्ष लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने किया। विद्यालय के मुख्य अध्यापक सुरेश रतन ने लेडी गवर्नर को शाल व टोपी से सम्मानित किया। कार्यक्रम में दंत चिकित्सा विभाग के


शिविर में मौजूद लोग।

विभागाध्यक्ष डॉ. विनय भारद्वाज, डॉ. अतुल व उनकी टीम ने बच्चों के दांतों की जांच की तथा उन्हें दांतों के उचित रखरखाव के लिए प्रेरित किया। इस शिविर में 75 विद्यार्थियों सहित 50

### सोसायटी ने चिकित्सकों का जताया आभार

स्कूल प्रबंध समिति के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर राज्य रेडक्रॉस, दंत चिकित्सा विभाग आईजीएमसी, स्वास्थ्य विभाग मशोबरा से आए चिकित्सकों का आभार प्रकट किया। राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण अनुभाग की सदस्य तरुणा मिश्रा, राज्य रेडक्रॉस सोसायटी के सहायक सचिव संजीव कुमार, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, परसराम एवं संजू कुमारी आदि ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### शास्त्री व भाषा अध्यापकों की काउंसलिंग स्थगित

**सोलन।** प्रारंभिक शिक्षा विभाग जिला सोलन के माध्यम से शास्त्री अध्यापक व भाषा अध्यापक के (भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों) पदों के लिए अनुबंध आधार पर बैचवाइज की जाने वाली भर्ती की 26 एवं 27 फरवरी को आयोजित होने वाली काउंसलिंग आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन डॉ. शिव कुमार ने दी।

### निर्वाचन व्यय अनुश्रवण प्रकोष्ठ के संबंध में आदेश जारी

**सोलन।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा द्वारा व्यय अनुश्रवण प्रकोष्ठ के कार्य के लिए अधिकारियों एवं कर्मियों के प्रतिनियुक्ति आदेश जारी किए गए हैं। इन आदेशों के अनुसार उपायुक्त कार्यालय सोलन के एसी (एफ एंड ए) श्रीकांत नेगी तथा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा सोलन कार्यालय के अनुभाग अधिकारी सुनील को व्यय अनुश्रवण प्रकोष्ठ में सहायक अधिकारी प्रतिनियुक्त किया गया है। मुख्य अरण्यपाल कार्यालय सोलन के लिपिक दीपक को इस प्रकोष्ठ में सहायक कर्मी प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त अधिकारी जिला सोलन में सहायक निर्वाचन अधिकारियों एवं निर्वाचन व्यय अनुश्रवण टीमों के साथ समन्वय स्थापित करेंगे।

### लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत प्रशिक्षण आयोजित

**नाहन।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत नाहन में एसेंबली मास्टरन ट्रेनरों जिनमें एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार और अन्य निर्वाचन अधिकारी शामिल हैं, का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्टेट मास्टर ट्रेनर्स ने एसेंबली मास्टर ट्रेनरों को निर्वाचन प्रक्रिया के सुचारु संचालन से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एलआर वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन से जुड़े सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि सभी अधिकारी स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों की गंभीरतापूर्वक अनुपालन करें।

### छात्रों ने जाना मोटे अनाज का महत्व



सैनवाला स्कूल में मोटा अनाज, जड़ी-बूटियों के उपयोग को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई।

**नाहन।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सैनवाला में भोजन में मोटा अनाज-जड़ी-बूटियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने, पोषक तत्वों, ऊर्जा संरक्षण व अपशिष्ट प्रबंधन पर क्षमता निर्माण को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के प्रिंसिपल अयूब खान और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। पोषण मार्गदर्शिका कनुप्रिया ने विद्यार्थियों को मैलेट्स अर्थात श्रीधान्य- मोटे अनाज के उपयोग के बारे में जानकारी दी। विनोद शर्मा जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ने अपशिष्ट प्रबंधन पर बच्चों को अवगत करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम की समन्वयक शिक्षिका अंजना शर्मा समेत स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे।

### मनवीन कौर का इंडियन आर्मी में चयन



चयनित होने के बाद द स्कॉलर होम स्कूल की छात्रा मनवीन कौर परिजनों के साथ।

**पांवटा साहिब।** द स्कॉलर्स होम स्कूल पांवटा साहिब की पूर्व छात्रा ने जिले भर में नाम रोशन किया है। द स्कॉलर होम स्कूल की छात्रा मनवीन कौर ने इंडियन आर्मी में दूसरा स्थान प्राप्त कर द स्कॉलर्स होम स्कूल को किया गौरवान्वित है। इस बारे में स्कूल की प्रधानाचार्या निशा परमार ने बताया कि स्कूल की सत्र 2018 की छात्रा मनवीन कौर ने अपनी मेहनत में लगन से इंडियन आर्मी में अपनी जगह बनाई। मनवीन कौर हिमाचल प्रदेश के जिला सिरमौर की पहली महिला है, जिन्होंने इलेक्ट्रिकल में इंडियन आर्मी में स्थान प्राप्त किया तथा देश में दूसरा रैंक पाया। मनवीन ने बताया कि अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए मजबूत इरादे तथा त्याग सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि यह स्कूल व मनवीन कौर के पिता भूपेंद्र सिंह और माता मनप्रीत कौर व परिवार के सदस्यों के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि वह देश की सेवा के लिए तैयार है। मनवीन की इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशक डॉ. नरेंद्र पाल सिंह नारंग, स्कूल निदेशक गुरमीत कौर नारंग, अध्यापकपों और छात्रों ने भी खूब प्रशंसा की।

### जखौली में महिला सशक्तिकरण को लेकर शिविर



आंगनबाड़ी केंद्र जखौली में जागरूकता शिविर में हिस्सा लेती महिलाएं।

**अर्की।** देवरा पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र जखौली में महिला सशक्तिकरण को लेकर एकदिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता वार्ड सदस्या शर्मिला गौतम ने की। इस मौके पर अन्नप्राशन की परंपरा निभाई गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कविता ने महिलाओं को पोषण अभियान के तहत ऊपरी आहार पर जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण महिलाओं की आध्यात्मिक, राजनीतिक, सामाजिक या आर्थिक शक्ति में वृद्धि करना है। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी दी गई। इस मौके पर महिला मंडल जखौली की प्रधान रोशनी भारद्वाज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कमलेश, रोशनी देवी, आशा, महिला मंडल की सदस्य रीता भारद्वाज, उमा, जयदेई, पार्वती, रीता ठाकुर, पूनम सहित अन्य उपस्थित रहे।

### नए वेतनमान के एरियर का हो जल्द भुगतान



हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच अर्की की बैठक में उपस्थित सदस्य।

**अर्की।** कुनिहार तालाब स्थित पेंशनर भवन में हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच अर्की इकाई की बैठक इकाई अध्यक्ष बलबीर चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। अध्यक्ष ने बताया कि सर्वप्रथम बैठक में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की पत्नी के निधन पर दो मिनट का मौन रखा गया। इसके उपरांत बैठक में सरकार व निगम प्रबंधन के प्रति रोष व्यक्त करते हुए इकाई सदस्यों ने कहा कि अन्य विभागों की तर्ज पर एचआरटीसी के कर्मचारियों व पेंशनरों को भी एक जनवरी, 2016 से नए वेतनमान के एरियर का भुगतान किया जाए। इसके लिए कल्याण मंच ने निगम प्रबंधन व प्रदेश सरकार से पुरजोर मांग की है कि यह 50 हजार का भुगतान अविलंब किया जाए, साथ ही माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश व सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा जो निर्णय सेवानिवृत्त कर्मचारियों के पक्ष में आए हैं, उनकी अनुपालना शीघ्रातिशीघ्र की जाए। बैठक में बलबीर चौधरी, शेर सिंह ठाकुर, संतराम ठाकुर, प्रेमराज चौधरी, शंकर लाल, रोशन लाल, देवराज, अशोक कुमार, हीरा सिंह चौधरी, प्रेम चंद शर्मा, नेकराम आदि मौजूद रहे।

### नाहन में एमसी पार्किंग के उद्घाटन को लेकर उपजा विवाद

# नगर परिषद अध्यक्ष ने विधायक से पहले ही कर दिया उद्घाटन

एसपी जैरथ, नाहन



नगर परिषद नाहन अध्यक्ष व अन्य पार्किंग के उद्घाटन के दौरान।

शहर में पक्का टैंक के किनारे बनी बहुमंजिला एमसी पार्किंग के उद्घाटन को लेकर विवाद उपज गया, आज हुए वोल्टेज ड्रामे के चलते चंद मिनटों बाद नप अध्यक्ष के द्वारा किए उद्घाटन की पट्टिका को उतार दिया। नगर परिषद द्वारा करीब चार करोड़ रुपए की लागत से दो मंजिला पार्किंग बनाई गई है, जिसका 25 फरवरी को विधायक उद्घाटन करने वाले थे, मगर इससे पहले आज भाजपा समर्थित नगर परिषद अध्यक्ष ने इसका उद्घाटन कर दिया। उद्घाटन की भनक लगते ही कांग्रेस के पार्षद भी पुलिस के साथ मौके पर पहुंच गए और शिलान्यास पट्टिका को उतार दिया।

नगर परिषद अध्यक्ष श्यामा पुंडीर ने बताया कि नाहन में करीब करोड़ों की लागत से नगर परिषद भवन का चार मंजिला भवन बनाया जा रहा है, मगर बजट न होने के चलते निर्माण कार्य रोका गया है क्योंकि शहर में पार्किंग समस्या है, ऐसे में शहर में पार्किंग की समस्या को देखते हुए आज पार्किंग का उद्घाटन किया है। उन्होंने कहा कि इस पार्किंग में करीब 180 वाहनों को खड़े करने की क्षमता है।

कांग्रेस नेता व नगर परिषद के वरिष्ठ पार्षद राकेश गर्ग ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष व भाजपा समर्थित पार्षदों द्वारा गैर-कानूनी कार्य किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर परिषद अध्यक्ष ने पार्किंग उद्घाटन का प्रस्ताव कार्यकारी अधिकारी को भेजा था, जिसे उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया था और निर्णय लिया गया था कि इस पार्किंग का उद्घाटन स्थानीय कांग्रेस विधायक द्वारा किया जाएगा। मगर भाजपा नगर परिषद अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं ने तानाशाही दिखाते हुए इस पार्किंग का उद्घाटन कर दिया। मौके पर पहुंचे नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार तोमर ने बताया कि पार्किंग के उद्घाटन को लेकर उन्हें दो प्रस्ताव प्राप्त हुए थे, जिसमें से एक प्रस्ताव विधायक अजय सोलंकी की तरफ से, जबकि दूसरा प्रस्ताव नगर परिषद अध्यक्ष की तरफ से दिया गया था।

उन्होंने कहा कि ये दोनों ही प्रस्ताव डायरेक्टर अर्बन डेवलपमेंट को भेजे गए थे और 20 फरवरी को डायरेक्टर की तरफ से निर्देश हुए थे। पार्किंग का उद्घाटन विधायक द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे हैं और उद्घाटन पट्टिका को पुलिस की सहायता से उतारा गया है। उन्होंने कहा कि निर्देशानुसार इसका उद्घाटन विधायक द्वारा 25 फरवरी को किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## पांच स्कूल बसों सहित तीन थ्री व्हीलर किए जब्त



बद्दी के नामी स्कूल की बस को आरटीओ ने किया जब्त।

अनंत ज्ञान, बीबीएन

**स्कूल प्रबंधन बसों में बच्चों की जान जोखिम में डालकर कर रहे नियमों की अनदेखी**

परिवहन विभाग नालागढ़ ने स्कूल प्रबंधनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। विभाग उन स्कूलों की बसों पर नजर रख रहा है, जो बच्चों की जान जोखिम में डालकर नियमों की अवहेलना कर रहे है। विभाग ने विभिन्न यातायात नियमों की अवहेलना करने पर आठ वाहनों को जब्त किया। उपायुक्त सोलन के दिशा-निर्देशों पर परिवहन विभाग ने अभियान चलाया है, जिसमें स्कूल बसों की चेकिंग की जा रही है। विभाग ने बुधवार सुबह नालागढ़ में नाकाबंदी करते हुए स्कूल बसों समेत 70 वाहनों की चेकिंग की। इसमें से 27 वाहनों के चालान काटे, जबकि पांच स्कूल बसों के अलावा थ्री व्हीलर वाहनों को जब्त किया, जो कि नियमों की ताक पर रखते हुए सड़कों पर चल रहे थे। अभियान के तहत स्कूल बसों में इंतजामों को जांचा जा रहा है, ताकि बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम करवाए जा सकें। यह नाकाबंदी तहसीलदार नालागढ़ निशा आजाद व आरटीओ नालागढ़ मदन शर्मा की अगुआई में हुई।

आरटीओ का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे मदन शर्मा ने कहा कि उपायुक्त सोलन के दिशा निर्देशों पर स्कूल बसों के नियमों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि पांच स्कूल बसों में खामियां पाई गईं, जिन्हें जब्त कर लिया है और तीन थ्री व्हीलरों को भी पकड़ा गया है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान आग भी लगातार जारी रहेगा और नियमों की अवहेलना करने वालों बख्शा नहीं जाएगा।

### हर्षोल्लास से मनाया हनुमान मूर्ति की स्थापना का दिवस

**रेणुका जी।** ददाहू के समीप खदाल में 11 मुखी हनुमान मूर्ति स्थापना दिवस बुधवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हनुमान मंदिर के पुजारी राकेश शर्मा और मुख्य यजमान पुष्पा देवी, विनीत अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में एकमात्र यह 11 मुखी हनुमान की मूर्ति लगी है। बताते हैं कि दूर-दूर तक 11 मुखी हनुमान की मूर्ति कहीं भी स्थापित नहीं है।

खदाल में गोसदन का भी पूर्व में निर्माण हो चुका है। आयोजकों ने बताया कि 11 मुखी हनुमान की मूर्ति कल्याण और सुख शांति के लिए की गई है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि 11 मुखी हनुमान मंदिर की 108 परिक्रमा करने से मनोवांछित फल प्रदान होता है। इस दौरान यहां अखंड रामायण पाठ का आयोजन के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया।

## मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण कार्य 80 फीसदी रुका

अनंत ज्ञान, बीबीएन

अनंत ज्ञान स्पेशल

केंद्र सरकार के आत्मनिर्भर भारत प्रोजेक्ट के तहत देश भर में चार मेडिकल डिवाइस पार्क स्वीकृत किए हैं, जिसमें एक मेडिकल डिवाइस पार्क हिमाचल के नालागढ़ में लग रहा है, जिसे मार्च 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है, लेकिन अब यह प्रोजेक्ट धीमा पड़ता जा रहा है। पिछले कुछ समय से प्रोजेक्ट का काम 80 फीसदी तक रुक चुका है, जिसका मुख्य कारण कुछ माह से कंस्ट्रक्शन कंपनी की पेमेंट सरकार द्वारा नहीं की गई है। इस वजह से मेडिकल डिवाइस के निर्माण का कार्य धीमा पड़ा है।

इस मेडिकल डिवाइस पार्क का निर्माण डीकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है और गत वर्ष अक्तूबर माह से कंपनी को सरकार की ओर से पैसा जारी नहीं किया गया है, जिसके कारण 80 फीसदी मशीनरी थम चुकी है। करीबन 35 करोड़ रुपए पेंडिंग चल रहे हैं, अगर ऐसा ही चलता रहा तो वर्ष 2024 तक प्रोजेक्ट को पूरा करने का लक्ष्य लटक जाएगा।



कंस्ट्रक्शन कंपनी को राशि जारी न करने से मेडिकल डिवाइस पार्क का कार्य धीमा पड़ गया है।

**देश भर में चार मेडिकल डिवाइस में से हिमाचल के एक प्रोजेक्ट को वर्ष 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य**

गौरतलब रहे कि नालागढ़ के तेहलीवाल में 1623 बीघा भूमि पर मेडिकल डिवाइस पार्क तैयार होना है, जिसे करीब 384 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जाना है। डीकेएस कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर हर्ष कुमार शर्मा का कहना है प्रोजेक्ट के पहले फेस का काम पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे फेस में प्लाट डेवलपमेंट का काम अभी फिलहाल पूरा नहीं हुआ है, जो धीमा हो चुका है। उन्होंने बताया कि 80 फीसदी मशीनरी इन दिनों बंद पड़ी है क्योंकि काफी समय से पेमेंट नहीं हो पाई है, जिस वजह से काम थोड़ा धीमा है।

**तैयार किए जाएंगे 100 प्लॉट :** मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए चयनित जमीन के समतल होने के बाद निगम यहां पर करीब 100 प्लॉट तैयार करेगा। इसमें ग्रीन पार्क, प्रयोगशाला और कार्यालय परिसर के अलावा आवासीय परिसर तैयार किए जाएंगे। पार्क के बीच में 30 मीटर, 24 मीटर और 18 मीटर चौड़ी सड़कें भी तैयार की जाएंगी। इसके अलावा पेयजल, सीवरेज योजनाएं तैयार की जाएंगी।

**जल्द रफ्तार पकड़ेगा काम : एक्सईएन मिन्हास**

एचपीएसआईडीसी एक्सईएन राजेश मिन्हास का कहना है फेस दो का काम चला हुआ है। बाकी नक्शों का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद बचा हुआ कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कंस्ट्रक्शन कंपनी के कुछ बिल पेंडिग है, जिसे जल्द पास करवा दिया जाएगा।

**इन उपकरणों का किया जाएगा निर्माण**

मेडिकल डिवाइस पार्क में डिस्पोजेबल सिरिंज, कार्डियक स्टेंट, मेडिकल कैथेटर, एक्स-रे, ईईजी, ईएमजी, स्पाइरोमीटर, आईवीडी उत्पाद, ऑर्थोपैडिक इंप्लांट्स, रक्त बैंक उपकरण, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, बीपी मॉनीटर, इलेक्ट्रॉनिक थर्मामीटर, ऑडियोलाजी उत्पाद, आईसीयू वेंटिलेटर, एनेस्थीसिया मशीन, बेस्टिबुलर उत्पाद, बायो सिग्नल रिकॉर्डर, डायग्नोस्टिक उपकरण, ओटी उत्पाद व आईसीयू बेड आदि उत्पाद बनेंगे।

## स्पेशल ओलंपिक्स के खिलाड़ियों और कोच को सम्मानित करेगी मानव कल्याण समिति

अनंत ज्ञान, अर्की

मानव कल्याण समिति अर्की की मासिक बैठक प्रधान मनोहर लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अर्की में आयोजित किए जाने वाले वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। समिति के सचिव राजेश कपाटिया ने बताया कि यह वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह 25 फरवरी को सामुदायिक भवन अर्की में होगा, जिसमें बर्लिन जर्मनी में स्पेशल ओलंपिक्स समर गेम्स 2023 के बास्केटबाल स्वर्ण पदक विजेता ब्वॉयज टीम के हेड कोच राज कुमार पॉल (डुमैहर) व टीम कैप्टन अवनीश कौंडल (कुनिहार) और नवगांव पंचायत की तीन सगी बहनें निधि, मिताली व भावना जो कि हैंडबाल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं व उनकी प्रशिक्षक स्नेहलता को सम्मानित किया जाएगा।

इस वर्ष सरकारी स्कूलों में तहसील स्तर पर सत्र 2022-23 में जमा दो की परीक्षा में प्रथम स्थान के लिए घनागुघाट की मीनाक्षी, द्वितीय बनी मटेरनी के आयुष व तृतीय स्थान के लिए घनागुघाट की दीक्षा तथा इसी तरह मेट्रिक परीक्षा में भूमति स्कूल की पूर्णिमा, मांगू स्कूल से युक्ति व मांझू की ईशा को पुरस्कृत किया जाएगा।

समिति के प्रथम सचिव रहे स्व. भवेशीराज शर्मा की पुण्य स्मृति में आशा शर्मा द्वारा छात्राओं के लिए घोषित 'बीआर शर्मा मेमोरियल पुरस्कार' के लिए जमा दो वर्ग में भूमति की राखी, धुंदन की गायत्री तथा मेट्रिक वर्ग में मांझू की भानवी व हनुमान बड़ोग की महक का चयन किया गया है। समिति के संस्थापक डॉ. संत लाल शर्मा ने बताया कि इनके अलावा समिति के निशुल्क चिकित्सा शिविरों में सहयोग करने वाले स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों व अन्य दानी सज्जनों को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक में देवेंद्र पॉल, चमन लाल शर्मा, नागेश भारद्वाज, ओम प्रकाश शर्मा व रोहित शर्मा सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



मानव कल्याण समिति अर्की की मासिक बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

### रेणुका बांध साइट का जीएसआई सीडब्ल्यूसी के एक्सपर्ट ने किया विजिट



रेणुका बांध साइट के बारे में बताते इंजीनियर प्रदीप मेहरा।

**रेणुका जी।** गिरि नदी पर बनाए जाने वाले बहुउद्देश्यीय रेणुका बांध की साइट का बुधवार को जीएसआई सीडब्लूसी व हिमाचल पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के एक्सपर्ट ने विजिट किया। इस संयुक्त टीम ने रेणुका बांध स्थल बन प्रबंधन की ओर से बनाई गई सुरंग व बांध बनाने से पहले बनाई जाने वाली तीन सुरंगों का निरीक्षण भी किया।

जानकारी के अनुसार यह बांध बनने से पहले का एक्सपर्ट का अंतिम विजिट है, इसके बाद बाद में बांध निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने की आस है। याद रहे रेणुका बांध निर्माण पर लगभग 7000 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। इस बांध से जहां दिल्ली के लोगों को पीने का पानी मिलेगा, वहीं इससे 40 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस बांध के निर्माण की लगभग सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं। केवल केंद्र सरकार से पैसा मिलने के बाद ही बांध निर्माण का कार्य आगे बढ़ पाएगा।

### बधोखरी के वार्ड नं. चार के लिए उपचुनाव स्थगित

**सोलन।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा सोलन जिले के नालागढ़ विकास खंड की बधोखरी पंचायत के वार्ड संख्या चार के लिए होने वाले उपचुनाव को स्थगित कर दिया गया है। उक्त पद के लिए निर्वाचन कार्यक्रम पुनः घोषित किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा यह निर्णय बधोखरी पंचायत के वार्ड संख्या चार के उपचुनाव में एक उम्मीदवार अमर सिंह की मृत्यु के कारण लिया गया है। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त सोलन की ओर से राज्य निर्वाचन आयोग को अवगत करवाया गया था कि उक्त उपचुनाव के लिए एक उम्मीदवार की गत 20 फरवरी को मृत्यु के कारण अब एक उम्मीदवार ही चुनाव मैदान में है।

### रोटरी क्लब उठाएगा पलक के कृत्रिम अंग का खर्चा



रोटरी क्लब के सदस्य दिव्यांग युवती के साथ सामूहिक चित्र में।

**बद्दी।** दून हलके की पहाड़ी पंचायत पट्टा नाली के कैंथा गांव निवासी रतन लाल वर्मा की लड़की पलक के कृत्रिम बाजू लगाने का खर्च रोटरी क्लब बद्दी वहन करेगा। क्लब के अध्यक्ष कार्तिक शर्मा ने बताया कि महलोग निवासी दीवान चंद ने उक्त मरीज के बारे में रोटरी को अवगत करवाया कि पलक का हाथ घर पर काम करते हुए चारा काटने वाली मशीन में कट जाने के कारण डॉक्टर ने आधी बाजू को काट दिया है, उसी गम में उनकी माता का भी देहांत हो गया तथा पिता मेहनत मजदूरी करके घर का खर्च चलाते हैं और बेटी के इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ हैं, इसलिए रोटरी क्लब बद्दी ने यह निर्णय लिया है कि उक्त बेटी को कृत्रिम अंग लगाने का पूरा खर्च हमारी संस्था द्वारा दिया जाएगा। इसके लिए बाकायदा पलक को जिरकपुर में डॉ. वोहरा (आर्टिफिशियल लिंबस एवं आर्थो) विशेषज्ञ से जांच करवा दी गई है तथा उन्होंने साइज इत्यादि लेकर लिंब बनवाने का ऑर्डर भी कर दिया है। इस अवसर पर अनुभव भसीन और अनिल मलिक भी उपस्थित रहे।

### त्रुटि रहित निर्वाचन के लिए दक्षता आवश्यकः यादव

**सोलन।** लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत सोलन जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मास्टर स्तर के प्रशिक्षकों तथा सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसायिओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने की। अजय कुमार यादव ने कहा कि त्रुटि रहित एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदार सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अपने-अपने कार्य की स्पष्ट एवं गहन जानकारी होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में सोलन जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए मास्टर ट्रेनर तैयार किए जाएंगे। यह मास्टर ट्रेनर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि दिशा-निर्देशों के पालन के लिए नियमों की स्टीक जानकारी आवश्यक है। उन्होंने मतदान पूर्व, मतदान दिवस एवं मतदान उपरांत किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

### सहायक व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त : सुमित खिमटा



**नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) सुमित खिमटा ने बीते 12 फरवरी के आदेश को निरस्त करते हुए आज यहां नए आदेश जारी करते हुए लोक सभा निर्वाचन-2024 के दौरान उम्मीदवारों के चुनावी खर्चे की निगरानी के लिए जिला सिरमौर में सहायक व्यय पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। आदेश के अनुसार 55-पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के लिए भारतीय स्टेट बैंक संगड़ाह के शाखा प्रबंधक अंकित वर्मा को नियुक्त किया गया है, जो सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सराहन को रिपोर्ट करेंगे। 56-नाहन के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पांवटा साहिब के सहायक प्रबंधक गुरमीत सिंह की नियुक्ति की गई है, जो एआरओ नाहन में रिपोर्ट करेंगे। 57-श्री रेणुकाजी विधानसभा के लिए एसबीआई धौलाकुआं के शाखा प्रबंधक तरुण नेगी संगड़ाह में रिपोर्ट करेंगे। 58-पावंटा साहिब के लिए यूको बैंक सतौन के प्रबंधक विवेक शर्मा पांवटा साहिब एआरओ को रिपोर्ट करेंगे। इसी प्रकार 59-शिलाई विस के लिए एसबीआई पावंटा साहिब के प्रबंधक संदीप कुमार शिलाई एआरओ को रिपोर्ट करेंगे। सुमित खिमटा ने कहा कि तीन सहायक व्यय पर्यवेक्षक रिजर्व रखे गए हैं। इनमें पंजाब नेशनल बैंक पांवटा साहिब के राकेश चैहान, यूको बैंक राजगढ़ के अनिल शर्मा तथा सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया नाहन के मनमोहन रमोल शामिल हैं।

**प्रयास** राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर ने दवा गुणवत्ता को सुधारने के लिए उठाए ठोस कदम

## बीते माह के मुकाबले दवा की गुणवत्ता में सुधार

अनंत ज्ञान, बीबीएन

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

हिमाचल प्रदेश में बनी 14 दवाओं के सैंपल सुरक्षा मानकों पर खरा नहीं उतर पाए हैं, जबकि देश भर के 46 दवाइयों के सैंपल फेल पाए गए हैं। केंद्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) की ओर से जनवरी माह का ड्रग अलर्ट जारी हुआ है। सीडीएससीओ ने देश भर से 932 दवाओं के सैंपल जांच के लिए भरे थे, जिसमें से 886 दवाएं सुरक्षा मानकों पर खरी उतरी हैं, जबकि 46 दवाइयां सब स्टैंडर्ड निकली हैं।

हालांकि, बीते माह के मुकाबले हिमाचल में बनी दवाओं में सुधार हुआ है। बीते माह बड़े पैमाने पर 40 दवाइयों के सैंपल फेल हुए थे। अब



दवाओं की फाइल फोटो।

राज्य ड्रग विभाग ने 14 उद्योगों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है और मार्केट से दवाओं का स्टॉक रिकॉल के आदेश जारी कर दिए हैं। राज्य दवा नियंत्रक मनीष कपूर का कहना है कि उद्योगों पर नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

उन्होंने बताया कि बीते माह के मुकाबले दवाओं में काफी सुधार हुआ है और दवाओं की गुणवत्ता को सुधारने के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। बीते माह के मुकाबले दवाओं की गुणवत्ता में काफी सुधार आया है। बीते माह 40 दवाओं के सैंपल फेल हुए थे और इस बार मात्र 14 दवाओं के फेल पाए गए हैं। राज्य दवा नियंत्रक की मनीष कपूर ने कमान संभालने के बाद दवाओं की सुधार के लिए कड़े कदम उठाए हैं और अब बार-बार सैंपल फेल होने वाले उद्योगों पर खास नजर रखी जा रही है।

**इन उद्योगों की दवाइयां फेल**

सनवेट हेल्थकेयर पांवटा साहिब की दवा क्लिंडामाइसिन इंजेक्शन का बैच, एसएआई-16589 व एमिसिन-100 का बैच, एसवीआई-6964, एक्विन्नोवा फार्मास्युटिकल्स बद्दी की दवा साइपरमैड सिरप का बैच, एक्यूसी2339ए, जी लैब पांवटा साहिब की दवा मोक्सिजी-पी आई ड्रॉप का बैच, 1223-51, डीएम फार्मा बद्दी की दवा ट्रैनसाइक्ल-एमएफ का बैच, डीएमटी1127, एएनजी लाइफ साइंस बद्दी की दवा फॉलिक एसिड टैबलेट का बैच, टी112005 व डिक्लोफेनक सोडियम इंजेक्शन का बैच, एलवीयू-515, मैग्नेटेक एंटरप्राइज बद्दी की दवा ग्लिमेपिराइड का बैच, एमपीटी-22149, श्रीराम हेल्थकेयर बद्दी की दवा पेंटाप्राजोल गैस्ट्रो का बैच, पीएफटी23007एमबी, फोरजो फार्मास्यूटिकल बद्दी की दवा मोंटेलुकास्ट सोडियम का बैच, एफपीटी-2067, एसपो फार्मास्युटिकल्स बद्दी की दवा लेवोसेटिरिजिन डाइहाइड्रोक्लोराइड का बैच, एटी22-0667ए, राचिल फार्मा संसारपुर टैरेस की दवा लेवोसेटिरिजिन डाइहाइड्रोक्लोराइड का बैच, आरटी22464 व लैब बद्दी की दवा पेंटाप्राजोल का बैच, पीएनएस230422 आदि शामिल हैं।

## किसानों को बताए नैनो यूरिया के फायदे




**नूरपुर।** कृषि विभाग द्वारा नूरपुर उपमंडल के तहत सुल्याली पंचायत में किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र के 50 किसानों ने भाग लिया। विषय वाद विशेषज्ञ (कृषि) डॉ. शैलेश पाल सूद ने इस मौके पर किसानों को कृषि क्षेत्र के अंतर्गत चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी प्रदान करने के साथ उनका लाभ लेने बारे भी उचित मार्गदर्शन किया। उन्होंने किसानों से योजनाओं का प्रसार करने के साथ इनका लाभ उठाने की अपील की। फसल बीमा योजना प्रचारक अर्जुन तथा अंकुश ने किसानों को फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर इफको के क्षेत्र प्रदर्शक विपन कुमार ने किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, सागरिका तथा जैविक खाद के फायदों के बारे में बताने के साथ उनके प्रयोग बारे जानकारी दी।


## न्यूज ब्रीफ

### सुरजीत राणा ने संभाला शाहपुर थाना का कार्यभार



**कांगड़ा।** पुलिस थाना शाहपुर के नए थाना प्रभारी एसआई सुरजीत सिंह राणा ने विधिवत कार्यभार संभाल लिया है। सुरजीत राणा ने कार्यभार संभालते ही अपराध और आपराधिक वारदातों पर अंकुश लगाने संवेदनशील क्षेत्रों में रात्रि की गश्त बढ़ाने के लिए स्टाफ के साथ बैठक की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि वह शाहपुर थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था में मजबूती लाएंगे। साथ ही अपराधी गतिविधियों अवैध नशा माफिया, अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा और यातायात व्यवस्था को सुचारु रखना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में रहकर जनता की सेवा करना गर्व और सौभाग्य की बात है और इसी मकसद को लेकर मैंने पुलिस विभाग ज्वाइंन किया था। आज तक जहां-जहां भी पोस्टिंग रही जनता और मीडिया के साथ मिलकर जनहित में काम किया गया।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव केस पर फैसला ऐतिहासिक



**बैजनाथ।** चुनावी बॉन्ड योजना अवैध घोषित करने के बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा चंडीगढ़ मेयर चुनाव को रद्द करने का निर्णय ऐतिहासिक तथा लोकतंत्र पर हो रहे प्रहार से देश को बचाने का साहसिक कदम है। स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चंडीगढ चुनाव परिणाम के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने सत्ता के प्रभाव में आकर आठ मत्तों को अवैध करार देकर खुले आम लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि इन सब घटनाक्रमों से सिद्ध हो रहा कि केंद्र सरकार देश में लोकतंत्र को पुरी तरह समाप्त करना चाहती है। बलदेव राज सूद ने कहा कि स्वाभिमान पार्टी सुप्रीम कोर्ट के माननीय न्यायधीशों चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला तथा जस्टिस मनोज मिश्रा का इस निष्पक्ष ऐतिहासिक निर्णय के लिए आभार व्यक्त करती है।

### स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना का आगाज 25 को



**गगल।** निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना का आयोजन 25 फरवरी को पूरे भारतवर्ष में मनाया जा रहा है। जानकारी देते हुए कांगड़ा ब्रांच के प्रमुखी महात्मा दीनानाथ व प्रेस प्रवक्ता स्वरूप कुमार ने बताया के 25 तारीख को यह स्वच्छ जल स्वच्छ मन परियोजना का आयोजन कांगड़ा के अच्छर कुंड में मनाया जा रहा है जहां पर सभी साद संगत साफ-सफाई व स्वच्छ जल स्वच्छ मन के अंतर्गत बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह लगभग भारत में 1500 से अधिक स्थानों पर मनाया जा रहा है इस दिन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के पावन प्रवचनों के महत्वपूर्ण अश सहित साझा कर दी जाएगी।

### विकास खंड नूरपुर की त्रैमासिक मीटिंग कल



**नूरपुर।** विकासखंड नूरपुर के अंतर्गत 23 फरवरी को पंचायत समिति की त्रैमासिक मीटिंग होने जा रही है। जानकारी देते हुए विकास खंड अधिकारी अंशुल शांडिल ने बताया कि पंचायत समिति के सभी मेंबर्स चेयरमैन वाइस चेयरमैन इस बैठक की महता को समझते हुए उपस्थिति दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि मीटिंग में फाइनेंशियल बजट को लेकर चर्चा की जाएगी तथा जो सेल्फ प्रस्तुत किए गए हैं उन पर भी चर्चा की जाएगी तथा जो कार्य शेष हैं उन पर भी विस्तृत चर्चा होगी।

## जर्मन भाषा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रेनबो स्कूल प्रीमियर पार्टनर के लिए चयनित


एडुको प्रीमियम पार्टनर के लिए चुनने पर खुशी मनाते स्कूल के छात्र व स्टाफ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

रेनबो इंटरनेशनल स्कूल नगरोटा बगवां को जर्मन भाषा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए एडुको प्रीमियम पार्टनर स्कूल के लिए चुना गया। यह उपलब्धि रेनबो स्कूल को जर्मन भाषा में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर प्राप्त हुई।

स्कूल में जर्मन भाषा 2015 से सफलतापूर्वक चल रही है। गत पिछले आठ वर्षों में रेनबो स्कूल में जर्मन सीख रहे छात्रों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हुए स्कूल, क्षेत्र व अभिभावकों के नाम को गौरवांवित किया है। स्कूल के छात्र इंटरनेशनल गोएथे जर्मन परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करके अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते छात्रों को दो सप्ताह के इंटरनेशनल जर्मन कैंप ऑस्ट्रिया के लिए चुना गया था और चार सप्ताह के जर्मन इंटरनेशनल अवार्ड प्रोग्राम के लिए भी चुना गया था। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्कूल के जर्मन भाषा सीख रहे। छात्रों ने स्पेल वी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, जर्मन डिजिटल किंडर यूनिवर्सिटी में तीसरा स्थान, गोएथे एंटरप्रिनियोर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, इंटरनेशनल जर्मन डेक्लामेशन में प्रथम स्थान, जर्मन स्पीच कॉम्पिटिशन में प्रथम स्थान, इंटरनेशनल ग्रीन प्रोजेक्ट में द्वितीय व तृतीय प्राप्त किया। स्कूल में जर्मन डिपार्टमेंट के एचओडी रवेंद्र सिंह सात सालों से स्कूल में कार्यरत हैं, और वह छात्रों को गोएथे इंटरनेशनल परीक्षाओं व प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रहे हैं। जर्मन शिक्षक रवेंद्र सिंह ने बच्चों को प्रेरित करते हुए स्वयं भी जर्मनी व ऑस्ट्रिया में रेनबो स्कूल को विभिन्न स्तर पर रिप्रेजेंट किया है।

वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. छवि कश्यप ने जर्मन सीख रहे सभी छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी और कहा कि यह हमारे लिए बड़े ही गर्व का विषय है कि हमारा स्कूल गोएथे इंस्टीट्यूट का एडुको प्रीमियम पार्टनर स्कूल्स का स्थाई सदस्य बना है।

इसके साथ-साथ गोएथे इंस्टीट्यूट नई दिल्ली की एजुकेशनल हेड पुनीत कौर व नार्थ इंडिया जर्मन को-ऑर्डिनेटर मोहिता मिगलानी ने स्कूल के प्रधानाचार्य व जर्मन शिक्षक को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने दी जानकारी; धीरा की छह, जयसिंहपुर उपमंडल की तीन साइट चिन्हित

# टनों के हिसाब से नीलाम होगी रेत-बजरी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला खनन विभाग जल्द ही कांगड़ा की खड्डों में लोक निर्माण के पुलों के क्षेत्र में जमा हजारों मीट्रिक टन रेत-बजरी को नीलाम करेगा। इससे एक ओर जहां पुलों को पहुंचने वाले नुकसान खतरे से निजात मिलेगी तो वहीं सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व भी प्राप्त होगा। इन नौ साइट्स में छह धीरा उपमंडल तो जयसिंहपुर उपमंडल की तीन साइट शामिल हैं।

खनन विभाग कांगड़ा की ओर से जिला के धीरा उपमंडल के तहत न्यूगल खड्ड पर सुलाह रोड़ पर तथा बिछवाई साइट, सकाड़ खड्ड पर मुंडी, बैरघट्टा चुलाह तथा बैराघट्टा, मौल खड्ड में पाखी के अलावा जयसिंहपुर उपमंडल में चंबी खड्ड में संघोल साइट, मंध खड्ड में कंगैण तथा सकाड़ खड्ड पर झूंगा देवी साइट की नीलामी की जाएगी। जानकारी के अनुसार इन नौ साइट पर तकरीबन एक लाख मीट्रिक टन रेत-बजरी मौजूद है तथा इसकी नीलामी करोड़ों रुपए में होने का अनुमान है। बताते चलें कि पुलों के नीचे जमा हो जाने वाली खनन सामग्री के कारण पुलों के ढ़हने का खतरा बन जाता है। लिहाजा इससे एक ओर जहां हजारों टन रेत-बजरी के हटने से जहां लोक निर्माण विभाग के पुलों पर बना खतरा हटेगा तो टनों के हिसाब से जमा खनन सामग्री की नीलामी से सरकार को करोड़ों रुपए का राजस्व भी मिल पाएगा। लिहाजा

अनंत ज्ञान स्पैशल

फिलहाल जिला खनन विभाग ने नौ साइटों को चिन्हित कर लिया है तथा जल्द ही इन साइट पर पड़ी हजारों मीट्रिक टन रेत-बजरी को नीलाम करने की तिथि तय की जाएगी। (अनंत ज्ञान)


बजरी का फाइल फोटो

### पुलों के ढहने के खतरे की आशंका से भी मिलेगी निजात

**इस** बारे में जानकारी देते हुए जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने बताया कि खनन विभाग की तरफ से जिला की खड्डों पर बने पुलों के नीचे की नौ साइट को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि अनुमान के अनुसार इन सभी जगह एक लाख मीट्रिक टन रेत-बजरी को नीलाम करने की प्रक्रिया में राजस्व प्राप्त होगा तो वहीं पुलों के ढ़हने के खतरे की आशंका से भी निजात मिलेगी।



## 29 से पहले जमा करवा दें बिल

**हरिपुर।** अपने विद्युत बिलों का भुगतान समय रहते हुए कर दें अन्यथा कनेक्शन बिना सूचना से काट भी दिए जा सकते हैं। विद्युत बोर्ड इस बार कड़ी कार्रवाई करने के मूड में है। ऐसे में उपभोक्ताओं को बोर्ड द्वारा सूचना जारी कर दी गई है कि फरवरी महीने की 29 तारीख से पहले पहले अपने बकाया विद्युत बिलों का भुगतान कर दें। उन्होंने कहा कि लोग अपने बकाया बिलों का भुगतान ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से भी कर सकते हैं या फिर विद्युत उपमंडल हरिपुर के कार्यालय में आकर भी बिलों का भुगतान कर सकते हैं। विद्युत उपमंडल हरिपुर के सहायक अभियंता त्रिलोक मतलोटिया ने बताया कि यह अंतिम चेतावनी है तथा आवश्यक है, अन्यथा बिना किसी सूचना उन उपभोक्ताओं की बिजली को काट दिए जाएगा।

## एक्सपायरी खाद्य सामग्री की शिकायत ने दौड़ाई सरकारी टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

जिला के आंगनबाड़ी केंद्र में एक्सपायर खाद्य सामग्री वितरित करने की शिकायत मिलने के बाद हड़कंप मच गया।

जानकारी के अनुसार देहरा उपमंडल के तहत एक आंगनबाड़ी केंद्र में एक्सपायरी सामग्री वितरित करने की शिकायत आई थी। शिकायत मिलने के बाद हरकत में आए महिला एवं बाल विकास विभाग की एक टीम जिला मुख्यालय धर्मशाला से मौके पर पहुंची तथा मामले की छानबीन की। वहीं, जांच के दौरान ऐसा कुछ भी नहीं पाया गया जबकि दूसरे अभिभावकों को भी यही खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाई गई थी। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार शर्मा से संपर्क करने पर उन्होंने माना कि ऐसी शिकायत आई थी लेकिन जांच में ऐसा कुछ भी नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्री को लेकर विभाग पूरी सावधानी बरतता है, ताकि वास्तव में ऐसी कोई समस्या न हो जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर कोई गलत प्रभाव न पड़े।

# मलां में बीयर की 177 पेटियां पकड़ी

### पंजाब से बोलेरो पिकअप में लाई जा रही थी खेप; तीन आरोपी काबू, मामला दर्ज

**स्वामी राम शर्मा, नगरोटा बगवां**



नगरोटा बगवां पुलिस ने पंजाब से आ रही एक गाड़ी से बीयर की 177 पेटियां बरामद की।

नगरोटा बगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत आते मलां में पुलिस थाना प्रभारी रमेश ठाकुर एवं एएसआई सुरिंद्र कुमार ने बुधवार सुबह लगाए गए नाके के दौरान पठानकोट की ओर से आ रही बोलेरो पिकअप (एचपी 37बी 1180) को रोका। तलाशी लेने पर गाड़ी में बीयर की 177 पेटियां पाई गई। वहीं, चालक पुलिस को बीयर का बिल दिखाने में असफल रहा। पुलिस ने तीन आरोपियों को भारी मात्रा में सेल इन पंजाब की बीयर की पेटियों के साथ गाड़ी सहित धर दबोचा। वहीं, डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगामी छानबीन जारी है। उन्होंने कहा कि शराब और बीयर की अवैध तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। (अनंत ज्ञान)


बीयर की पेटियों के साथ पकड़े गए आरोपी नगरोटा बगवां पुलिस की गिरफ्त में।

**कैसे नगरोटा पहुंची गाड़ी** हैरानी की बात है कि पठानकोट से अवैध रूप से लाई जा रही बीयर की इतनी बड़ी खेप को लेकर उक्त गाड़ी कई जगह पुलिस बैरियर एवं पुलिस स्टेशन को धोखा देकर कैसे नगरोटा बगवां तक पहंची होगी। इस पर लोग हैरान हैं।

## 13 मार्च तक बंद रहेगा औच पीहड़ी रोड

**धर्मशाला।** ज्वालामुखी उपमंडल के अंतर्गत औच पीहड़ी रोड के मरम्मत कार्य के चलते यह मार्ग 13 मार्च तक हर प्रकार के यातायात के लिए पूर्ण रूप से बंद रहेगा। इस दौरान गाड़ियों की आवाजाही के लिए बलाहरा से बरवाला वाया जरूंडी प्रौंथा मार्ग का उपयोग किया जाएगा। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मोटर वाहन अधिनियम, 1988 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इस बाबत अधिसूचना जारी कर दी है।

## ज्वालामुखी में पागल कुत्ते का आतंक, सात को काटा

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

ज्वालामुखी क्षेत्र में पागल कुत्ते का आतंक फैल गया है। वरिष्ठ डॉक्टर सतिंद्र वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार शाम तक ज्वालामुखी अस्पताल में पागल कुत्ते के काटने के सात केस दर्ज किए गए हैं।

इनमें चार ज्वालामुखी, दो गुम्मर व एक भड़ोली क्षेत्र का है। सभी घायलों को घाव होने की बजह से ज्वालामुखी में एंटी रेबीज इंजेक्शन देकर उपचार किया गया है। ज्वालामुखी शहर में पागल व आवारा कुत्तों की तादाद बढ़ती जा रही है और इस पर कोई रोकथाम नहीं है।

ज्वालामुखी मंदिर गेट नंबर चार व पांच के मार्गों पर सैनिक रेस्ट हाउस से महिला मंडल व पुराना बाजार तक आवारा कुत्तों की टोलियां घूमती रहती हैं और अक्सर छोटे बच्चों पर गुर्राती हैं और हमला भी करती हैं। वार्ड नंबर एक, दो व तीन के स्थानीय निवासियों के छोटे बच्चे इसी रास्ते से प्रतिदिन स्कूल जाते हैं, इस बजह से सभी स्थानीय परिजन भयभीत हैं कि उनके बच्चों को ये पागल कुत्ते नुकसान न पहुंचाए। वहीं, डॉक्टर सतिंद्र वर्मा ने बताया कि पागल कुत्ते की काटने की परिस्थिति में लोगों को देशी नुस्खों की बजाए, तुरंत अस्पताल पहुंचकर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## खूनी झड़प के पीड़ितों ने लगाई पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

शाहपुर के अंतर्गत बसनूर पंचायत में हुई खुनी झड़प मामले में पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक कांगड़ा से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित अभिनंदन सहित अन्य परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को दी अपनी लिखित शिकायत में बताया है कि रविवार आधी रात कुछ लोग पार्किंग में खड़ी उनकी कार से छेड़छाड़ कर रहे थे। इस दौरान आवाज होने पर परिवार के सभी सदस्य उठ गए।

जब परिजन बाहर आए तो मौके से कुछ युवक भागने लगे, इस दौरान एक युवक को उन्होंने दबोच लिया। अपने एक साथी को फंसा हुआ पाकर कुछ देर बात कुछ युवक बाइक में हथियारों से लेस होकर वापिस मौके पर पहुंचे और उन्होंने परिजनों सहित पड़ोसियों पर भी जानलेवा हमला कर दिया। इस घटनाक्रम की सूचना परिजनों ने पुलिस के साथ-साथ पंचायत प्रतिनिधियों को भी दी। मौके पर पंचायत उप-प्रधान केवल कृष्ण भी मौजूद थे और वह भी हमलावरों का शिकार हुए। पुलिस ने मारपीट के आरोपियों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक शालीनी अग्निहोत्री ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधीक्षक ने उक्त मामले की जांच के लिए पुलिस के किसी उच्चाधिकारी की नियुक्ति की बात कही है।


एसपी से गुहार लगाते पीड़ित।

## प्रेम कौशल ने चंडीगढ़ मेयर चुनावों की गड़बड़ी पर घेरी भाजपा सरकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा को केवल जीत से मतलब है फिर वह चाहे उसके लिए कोई अनैतिक तरीका ही क्यों न अपनाना पड़े। चंडीगढ़ महापौर चुनावों में हुई गड़बड़ी के बाद सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की तीन सदस्यीय बेंच के आदेश के बाद अमान्य किए गए आठ बैलेट पेपर मान्य माने गए और जो जीत का हकदार था, उसे कुर्सी मिली। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी माना कि यह लोकतंत्र की हत्या है।

चुनावों में गड़बड़ी कर जीतने के आरोप भाजपा पर लगते आए हैं और इस बार खुलासा चंडीगढ़ मेयर चुनावों में हुआ। यह बात हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला करते हुए कहा कि यदि चुनाव अधिकारी के कमरे में कैमरा नहीं होता तो शायद इस चुनाव में हुई गड़बड़ी कभी सामने ही नहीं आ पाती। प्रेम कौशल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा केंद्र में दस साल से काबिज है, लेकिन इस अवधि में उन्होंने जनता को केवल राम दिया है। उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा, मुंह में राम और बगल में छुरी, के तकिया कलाम पर कार्य कर रही है और यह छुरी वह जनता की जेब पर चलाती आई है। उन्होंने कहा कि काला धन आज तक वापस नहीं आया, जिस काले धन को लेकर वह छाती पीट-पीट कर दावा ठोंकते थे। अब उस काले धन की बात तक नहीं लेते। प्रेम कौशल ने कहा कि रोजगार देने की बात कही गई थी, लेकिन रोजगार देने में केंद्र सरकार विफल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने जनता को हमेशा गुमराह किया है।


प्रेस वार्ता करते प्रेम कौशल।

## पीटीए फंड की अदायगी बढ़ाने की उठाई मांग

**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में अध्यापक अभिभावक संघ की आम सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी द्वारा की गई। पीटीए सचिव डॉ. राजीव कुमार द्वारा पीटीए फंड की अधतन जानकारी हासिल करवाई। सभा में प्राचार्य एवं अभिभावकों ने महाविद्यायल की गतिविधियों के ऊपर चर्चा की। सभा में प्रस्ताव पास किया गया कि आगामी शैक्षणिक सत्र से कंप्यूटर में स्नात्तकोत्तर डिप्लोमा शुरू करने और परिसर सौंदर्यीकरण तथा पीटीए फंड की अदायगी बढ़ाने करने हेतु सिफारिस की गई। इसके साथ निर्धन बच्चों की फीस यथासंभव पीटीए फंड से करने की मंजूरी प्रदान की गई। प्राचार्य डा. सुरेंद्र कुमार सोनी ने अभिभावकों से बताया कि वे अपने बच्चों की शैक्षणिक एवं अन्य जानकारी लेने हेतु निरंतर महाविद्यालय से संपर्क रखें।

# उद्योग स्थापित करने को 35 प्रतिशत की सब्सिडी

### मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत युवाओं को मिलेगी सुविधा, सपने होंगे साकार

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

अनंत ज्ञान खास खबर

यदि आप बेरोजगार हैं और उद्योग स्थापित करने के बारे में सोच रहे हैं लेकिन धन के अभाव के कारण आगे कदम नहीं बढ़ा पा रहे तो मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना का लाभ उठा कर आप अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के तहत बेरोजगार युवाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। स्वयं का रोजगार शुरू करने के लिए नागरिकों को लोन पर निर्धारित की गई सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना का लाभ लेने के लिए जो आवेदक उद्योग स्थापित करना चाहते हैं उन्हें लोन पर राज्य सरकार की तरफ से 25 प्रतिशत से 35 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी। योजना के अंतर्गत लाभार्थी द्वारा लिए गए 40 लाख रुपए के लोन पर तीन साल तक के ब्याज में पांच प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। अगर आवेदक 60 लाख तक का व्यापार शुरू करता है तो उसे सस्ते दाम पर भूमि प्रदान की जाएगी। आवेदक को पांच से सात साल के बीच यह लोन राशि लौटानी होगी। महा प्रबंधक उद्योग विभाग जिला कांगड़ा राजेश कुमार ने बताया कि इस योजना के तहत स्वरोजगार स्थापित करने पर पुरुष आवेदक को 40 लाख लोन पर 25 प्रतिशत सब्सिडी, महिला नागरिक को 30 प्रतिशत की सब्सिडी और विधवा महिलाओं को 35 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जाती है। महा प्रबंधक ने बताया कि इस योजना के लिए आवेदन ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। इस योजना का लाभ 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के सभी बेरोजगार ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**सेमिनार** आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में आयुष मंत्रालय की ओर से सजा सेमिनार

# आयुर्वेद से हर इलाज संभव: डॉ. कुलदीप

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

उत्तरी भारत के सबसे नामी आयुर्वेदिक कॉलेज राजीव गांधी राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज पपरोला में आयुष मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता डॉ. कुलदीप धीमान ने कहा है कि आयुर्वेद चिकित्सा जगत की जननी रही है यही वजह है कि प्राचीन समय में भगवान धन्वंतरि के आशीर्वाद से आयुर्वेद विधि से मरीज का उपचार किया जाता रहा है।

यही वजह है कि आज के दौर में भी मिट्टी के लेप और जड़ी बूटियां से बनाई गई दवाइयां से ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्र भी में उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद में सफलतापूर्वक प्लास्टिक सर्जरी मोतियाबिंद और टूटी हुई हड्डियों का इलाज किया जाता है आयुर्वेद में भी धन्वंतरि संप्रदाय, या सुश्रुत संप्रदाय, शल्यचिकित्सा के प्रतीक हैं जबकि आत्रेय संप्रदाय या चरक संप्रदाय कायचिकित्सा के प्रतीक हैं। शल्य चिकित्सा के पितामह और सुश्रुत संहिता के प्रणेता आचार्य सुश्रुत का जन्म छठी शताब्दी ईसा पूर्व में काशी में हुआ था।

इन्होंने धंवन्तरि से शिक्षा प्राप्त की। सुश्रुत संहिता को भारतीय चिकित्सा पद्धति में विशेष स्थान प्राप्त है। सुश्रुत संहिता में शल्य चिकित्सा के विभिन्न पहलुओं को विस्तार से समझाया गया है।

शल्य क्रिया के लिए सुश्रुत 125 तरह के उपकरणों का प्रयोग करते थे। सुश्रुत ने 300 प्रकार की ऑपरेशन प्रक्रियाओं की खोज की थी। सुश्रुत ने कॉस्मेटिक सर्जरी में विशेष निपुणता हासिल कर ली थी। सुश्रुत नेत्र शल्य चिकित्सा भी करते थे। सुश्रुतसंहिता में मोतियाबिंद के ऑपरेशन करने की विधि को विस्तार से बताया गया है। (अनंत ज्ञान)


कार्यशाला में भाग लेने आए आयुर्वेदिक चिकित्सक सामूहिक चित्र में।

## नूरपुर अस्पताल में डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक से मरीज हुए परेशान

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

प्रदेश भर में चिकित्सकों द्वारा पेन डाउन स्ट्राइक के दूसरे दिन सिविल अस्पताल नूरपुर में 9:30 से 12 तक अढ़ाई घंटे स्वास्थ्य सेवाएं बंद रही। हालांकि इस दौरान एमर्जेंसी सर्विस लगातार सुचारू रूप से चल रही हैं। चिकित्सक संघ के जिला अध्यक्ष सन्नी ने बताया कि आज हमारे पेन डाउन स्ट्राइक का दूसरा दिन है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी डॉक्टर साढे 9 से 12 बजे तक पेन डाउन स्ट्राइक पर रहेंगे। मगर इस दौरान एमर्जेंसी सुविधा सुचारू रूप से चलती रहेगी तथा हमारी कोशिश है कि किसी भी मरीज को परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि डॉक्टर पिछले कई दिनों से काले बिल्ले लगाकर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं तथा पिछले दो दिनों से पेन डाउन स्ट्राइक शुरू की है। सिविल अस्पताल की एमएस नीरजा गुप्ता ने बताया कि सभी चिकित्सक पिछले कई दिनों से ब्लैक बैजेस लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं तथा पेन डाउन स्ट्राइक का आज दूसरा दिन है। इसके अलावा अमरजेंसी सुविधा सुचारू रूप से चल रही हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की मांगों को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। वहीं, मरीजों का कहना है कि इससे हमें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हम सुबह से अस्पताल में बैठे हैं तथा छोटे-छोटे बच्चों को साथ लेकर आए हैं। इससे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा हैं।

सपने वे नहीं, जो आप नींद में देखते हैं, सपने तो वे हैं, जो आपको सोने नहीं देते।
-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव में लोकतंत्र की जीत

**चंडीगढ़** मेयर चुनाव में आखिर लोकतंत्र की जीत हुई। सुप्रीम कोर्ट ने आठ बैलेट पेपर वैध मानते हुए आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर लोकतंत्र की हत्या होने से बचा ली। चुनाव में भाजपा की जीत के बाद आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने अदालत का रुख किया था। दोनों दलों ने पहले पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट का रुख किया था, जहां से राहत न मिलने पर वे सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे।

दोनों दलों ने आरोप लगाया था कि इस चुनाव में पीठासीन अधिकारी ने धांधली की और संख्या बल न होने के बावजूद भाजपा की जीत का ऐलान कर दिया। तथ्य यह है कि संख्या बल 'आप' और कांग्रेस के पक्ष में था, लेकिन उनके आठ वोट अमान्य करार दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाकर आम आदमी पार्टी की झोली में खुशी भर दी है। खुद को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बताने वाली भाजपा छोटे से चुनाव को जीतने के लिए हर हथकंडे अपनाने पर आमादा थी।

कहते हैं कैमरा कभी झूठ नहीं बोलता। कैमरे में जो कैद हुआ, उसे देख सुप्रीम कोर्ट को फैसला देने में ज्यादा दिक्कत नहीं हुई, लेकिन इस सबके बीच हारे प्रत्याशी को मानसिक प्रताड़ना हुई। जिस तरह से भाजपा एक्सपोज हुई, उतनी साफगोई से कोई सरकार एक्सपोज नहीं हुई होगी। सुप्रीम कोर्ट का फैसला वाकई काबिलेतारीफ है, जिसकी जितनी ज्यादा प्रशंसा की जाए, कम है।

इतने छोटे चुनाव में भी बेईमानी हो सकती है, यह किसी ने सोचा भी नहीं था। दरअसल, यह कोई साधारण चुनाव भी नहीं था। इस चुनाव को कराने के लिए बार-बार 'आप' और कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ा। सबसे पहले जनवरी में हाईकोर्ट में रिट लगाकर चुनाव कराने की अर्जी लगाई गई। इसके बाद कोर्ट ने ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ चुनाव कराने के ऑर्डर दिए। इसके बाद फिर से चुनाव में हो रही देरी को लेकर कोर्ट में जाना पड़ा। जब चुनाव हुआ तो उसमें क्या हुआ, यह सबने देखा। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को विपक्षी गठबंधन की पहली जीत के रूप में देखा जा रहा है।

यह भी सोचने वाली बात है कि आम आदमी पार्टी को एक-एक फाइल साइन कराने के लिए आखिर सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट क्यों जाना पड़ता है? खैर, सुप्रीम कोर्ट ने जो आईना दिखाया है, वह सबके लिए नजीर अवश्य बनेगा। बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह को कारण बताओ नोटिस दिया है।

अनिल मसीह पर आरोप हैं कि उन्होंने आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार को मिले आठ वोटों के साथ छेड़छाड़ की थी। मसीह को अब इस नोटिस का तीन हफ्तों के अंदर जवाब देना है। चुनाव प्रक्रिया से जुड़े जो वीडियो सामने आए, उनमें दिखा कि पीठासीन अधिकारी मत पत्रों पर कुछ लिख रहे हैं।

# 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' को 58 साल बाद दिखा संस्कृत विद्वान

**भारतीय** साहित्य में सृजन के सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने वालों की दृष्टि 1965 के बाद दूसरी बार संस्कृत भाषा पर पड़ी है। इस बार यह पुरस्कार संस्कृत और उर्दू को एक साथ दिए जाने की घोषणा की गई है। भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा 'ज्ञानपीठ पुरस्कार' भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना साल 1965 में की गई थी। देश का कोई भी व्यक्ति जो भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में बताई गई 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में लिखता हो, इस पुरस्कार के योग्य है। वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा होते ही सभी का ध्यान देश के एक ऐसे संत की ओर मुड़ गया, जिसकी प्रतिभा के कायल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हैं। संस्कृत में साहित्य सृजन के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार सम्मान देने की घोषणा हुई है। इन्हीं के साथ उर्दू भाषा के लिए गीतकार गुलजार के नाम की भी घोषणा की गई है।

यह अब तक का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इस सम्मान दाता संस्थान को 1965 से कोई संस्कृत विद्वान दिखा ही नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे संस्कृत में भारत में कुछ लिखा ही नहीं गया इतने दिनों तक। अब तक हिंदी तथा कन्नड़ भाषा के लेखक सबसे अधिक सात बार इस सम्मान को प्राप्त कर चुके हैं। साल 1965 में मलयालम लेखक जी शंकर कुरुप को प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसमें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपए, प्रशस्ति पत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा प्रदान की जाती है। जब वर्ष 1965 में ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना हुई थी, तो उस समय पुरस्कार राशि मात्र एक लाख रुपए थी। वर्ष 2005 में पुरस्कार राशि को एक लाख रुपए से बढ़ाकर सात लाख रुपए कर दिया गया, जो वर्तमान में ग्यारह लाख रुपए हो चुकी है।

इससे पहले 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार 2021/2022 में दामोदर माऊजो गोवा के उपन्यासकार, कथाकार, आलोचक और निबंधकार को दिया गया था। इनके द्वारा रचित एक उपन्यास कार्मेलिन के लिए उन्हें सन 1983 में साहित्य अकादमी पुरस्कार (कोंकणी) से सम्मानित किया गया था। मलयालम के प्रमुख कवि अक्कीथम को 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया था। ज्ञानपीठ चयन बोर्ड ने एक बैठक में 56 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2019 के लिए मलयालम के प्रसिद्ध भारतीय कवि अक्कीथम को चुना था। अक्कीथम का नाम मलयालम कविता जगत में आदर के साथ लिया जाता है। उनका जन्म 1926 में हुआ था और पूरा नाम अक्कीथम अच्युतन नम्बूदिरी है और वह अक्कीथम के नाम से लोकप्रिय हैं। उन्होंने 55 पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें से 45 कविता संग्रह हैं।

पद्म पुरस्कार से सम्मानित अक्कीथम को साहित्य अकादमी पुरस्कार, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (दो बार) मातृभूमि पुरस्कार, वायलर पुरस्कार और कबीर सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वर्ष 1965 से अब तक ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेताओं की सूची पर एक दृष्टि अवश्य डालनी चाहिए। इसी से स्पष्ट हो जाएगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को कितना सम्मान मिला है अब तक। पद्मविभूषण रामभद्राचार्य चित्रकूट के



लेखक : संजय तिवारी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

तुलसीपीठाधीश्वर के पद पर विराजमान हैं। एक उच्चकोटि के साधक और संत होने के साथ-साथ वह अर्वाचीन संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य कवि एवं साहित्यकार भी हैं। उन्होंने भार्गवराघवीयम् और गीतरामायणम् सरीखे उत्कृष्ट महाकाव्यों की रचना की है, साथ ही स्वामी रामानंद की परंपरा में उन्होंने श्रीराघवकृपाभाष्यम् का जगतगुरु रामभद्राचार्य प्रणयन भी गीता इत्यादि पर किया है। वह बचपन से ही मन की आंखों से देख रहे हैं और ज्ञान की कलम से रच रहे हैं।

स्वामी रामभद्राचार्य जी को यह सम्मान यों ही नहीं मिला है। हाल ही में उनकी विद्वता का साक्षात्कार दुनिया के सामने एक विशाल संग्रह के रूप में आया है। उनकी रचनाओं में कविताएं, नाटक, शोध-निबंध, टीकाएं, प्रवचन और खुद के ग्रंथों पर स्वयं सृजित संगीतबद्ध प्रस्तुतियां शामिल हैं। वह 100 से ज्यादा साहित्यिक कृतियों की रचना कर चुके हैं, जिनमें प्रकाशित पुस्तकें और अप्रकाशित पांडुलिपियां, चार महाकाव्य, तुलसीदास रचित रामचरितमानस पर एक हिंदी भाष्य, अष्टाध्यायी पर पद्यरूप में संस्कृत भाष्य और प्रस्थानत्रयी शास्त्रों पर संस्कृत टीकाएं शामिल हैं। उनकी रचनाओं के अनेक ऑडियो और वीडियो भी जारी हो चुके हैं। वह संस्कृत, हिंदी अवधि, मैथिली और कई दूसरी भाषाओं में लिखते हैं। सनातन वैदिक हिंदू धर्म में ब्रह्मसूत्र, भगवतगीता और उपनिषदों पर अधिकार रखने वाला ही जगतगुरु पद पर विराजित हो सकता है। स्वामी रामभद्राचार्य की पूंजी और आध्यात्मिक श्रम का विस्तार इतना है कि वह आज जीवित संस्था हैं और सनातन संस्कृति के किसी भी पक्ष पर स्पष्टता से पुराणों और वैदिक ग्रंथों से प्रमाण रखकर किसी भी उलझन में धर्म को मार्ग दिखाते रहे हैं।

स्वामी जी की रचनाओं की तिजोरी में एक से एक नगीने रखे हैं। श्रीभार्गवराघवीयम् उनकी बेहद लोकप्रिय रचना है, जिसके लिए उन्हें संस्कृत साहित्य अकादमी पुरस्कार समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें महाकवि तथा कविकुलरत्न आदि अनेक साहित्यिक उपाधियों से भी अलंकृत किया जा चुका है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने प्रस्थानत्रयी (ब्रह्मसूत्र, भगवतगीता और 11 उपनिषदों) पर श्रीराघवकृपाभाष्यम् नामक संस्कृत टीकाओं की रचना की है। इन टीकाओं का विमोचन 1998 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। रामानंद संप्रदाय में प्रस्थानत्रयी पर संस्कृत टीका प्रस्तुत करने वाले रामभद्राचार्य द्वितीय आचार्य हैं। इनसे पूर्व स्वयं रामानंद ने आनंदभाष्यम् नामक प्रथम टीका की रचना की थी। इस प्रकार लगभग 600 वर्षों की कालावधि में प्रस्थानत्रयी पर प्रथम बार संस्कृत टीकाओं को रामभद्राचार्य ने प्रस्तुत किया है।

14 जनवरी, 1950 को शांडीखुर्द, जौनपुर में जन्मे स्वामीजी के नेत्रों की ज्योति दो महीने में ही ईश्वर ने ले ली, लेकिन पांच वर्ष के इस बालक ने पूरी श्रीमद्भागवत कंठस्थ करके ईश्वर को अपनी राह बनाने के लिए विवश कर दिया। सात वर्ष में गिरिधर नाम के इस बालक ने संपूर्ण रामचरितमानस याद करके उसे अपने जीवन का सार बना लिया। यह कम ही लोग जानते हैं कि स्वामी जी को एक बार सुनकर किसी भी विषय को कंठस्थ करने की असाधारण शक्ति है।

हाल के इतिहास में स्वामी विवेकानंद के बाद उनका ही ऐसा सामर्थ्य है। 1973 में उन्होंने काशी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से नव्यव्याकरण में शास्त्री परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाकर एक मानक बना दियाइसी के बाद 1975 में अखिल भारतीय संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में वह प्रथम आए। 1978 में वे यूजीसी जेआरएफ पाने वाले युवा संन्यासी बने। 1981 में पीएचडी के लिए स्वामी रामभद्राचार्य ने 'आध्यात्मरामायणे अपाणिनीयप्रयोगाणां विमर्शः' को विषय चुना। 19 नवंबर 1982 को स्वामी रामभद्राचार्य ने चित्रकूट में तुलसीपीठ की स्थापना की। इसके छह वर्ष बाद उन्हें 1988 में जगतगुरु रामानंदाचार्य पद पर सुशोभित किया गया।

## नजरिया — हिट विकेट हो गए कमलनाथ, टला भाजपा में प्रवेश का द्वार

**मध्य** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया। एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थीं, मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया।

अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा, जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी, मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि



लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा
हिंदुस्थान समाचार

कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगुवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप हैं। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीन चिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है।

हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के दिनों के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी।

## अंदाज-ए-बयां — रामावतार

*चलो चलो रे सखियो*
*कौशल्या के द्वार*
*हो रही है मंगल ध्वनि जय जयकार।*
*आओ चलो रे अयोध्या में आज*
*प्रकट हुए अयोध्या में राम लला।*
*चलो चलो रे सखियो*
*कौशल्या के द्वार*
*हो रही है मंगल ध्वनि जय जयकार।*
*हर्षित हुई आज अयोध्या नगरी*
*नदी सरयू गाए राम धुन प्यारी।*
*चलो चलो रे सखियो*
*कौशल्या के द्वार*
*हो रही है मंगल ध्वनि जय जयकार।*
*देव लोक से देवी-देवता फूल बरसाए*
*पशु, पक्षी और प्रकृति फूले न समाए।*
*चलो चलो रे सखियो*
*कौशल्या के द्वार*
*हो रही है मंगल ध्वनि जय जयकार।*
*राजा दशरथ देखो बांटे रे बधाई*
*सारी अयोध्या दौड़ी-दौड़ी आई।*
*चलो चलो रे सखियो*
*कौशल्या के द्वार*
*हो रही है मंगल ध्वनि जय जयकार।*



अनिल शर्मा नील

# समाज को जागृत करने और बदलने की अपेक्षाओं की शुरुआत खुद से होनी आवश्यक

**जिस** समाज से हम बहुत सी अपेक्षाएं और उम्मीदें लगाते हैं कि समाज में विभिन्न परिवर्तन देखने को मिलें। समाज मे सबसे बड़ी चुनौती और समस्या आज के परिप्रेक्ष्य में देखने को मिलती है, वह है नशे की बढ़ती समस्या। जिस नशे ने युवाओं और यहां तक कि बच्चों को भी अपने चपेट में ले लिया है, इस प्रकार जब तक हम नशे को खत्म करने की पैरवी खुद के घर और अपने आप से नहीं करते, तब तक समाज से अपेक्षाएं लगाना तर्कसंगत नहीं होगा, क्योंकि नशे जैसी गंभीर समस्या को जब तक हम जन जन की समस्या और अपने आप और अपने घरों से नशे से दूर रहकर शुरुआत नहीं करेंगे, तब तक कोई स्थायी समाधान होना नामुमकिन होगा।

समाज के विभिन्न क्षेत्रों में अनेक समस्याएं बनी हुई हैं, जिसका निराकरण सरकार और प्रशासन के अलावा हम सभी युवा और समाज भी कर सकता है, अगर समय-समय पर जागरूकता और अपने-अपने स्तर पर खुद से शुरुआत की जाए तो, जिसमें अगर हम पूर्व के इतिहास की जानकारी एवं उदाहरणों की चर्चा करें तो ऐसे सैकड़ों उदाहरण देखने को मिलते हैं, जिन महापुरुषों और समाजसेवियों ने किसी भी समस्याओं को दूर करने की शुरुआत खुद से की तभी संभव है कि उनकी वह खुद से जनहित की शुरुआत सदैव के लिए समाज और क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत और आदर्श भी बनी रहे, आज की परिस्थितियां पहले से बिलकुल भिन्न होती जा रही हैं, जिस समाज की विभिन्न समस्याओं और अपेक्षाओं को पूर्व के दशकों में आपसी भाईचारा, प्रेम, मान-सम्मान, सहयोग, दुख-सुख में शरीक होना दूसरे के दुख को अपना समझना वह सब मानसिकता वर्तमान समय में कहीं न कहीं खत्म होती जा रही है, आज हम सभी कहीं न कहीं अपने निजी जीवन और परिवार तक सीमित होते जा रहे हैं, तो वहीं अगर हम आज के परिप्रेक्ष्य में अपने निजी जीवन से बहार निकलकर देश, समाज और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर अपेक्षित हैं तो हमें अपनी इच्छा शक्ति, अपनी काबिलियत, अपनी प्रतिभा और योग्यता के अनुसार कुछ न कुछ शुरुआत खुद से करने की कोशिश करनी पड़ेगी, तभी हम बेहतर समाज की अपेक्षा और उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि हमें इस बात को सुनिश्चित करने की परम आवश्यकता है कि आपको अपने हिस्से की लड़ाई खुद ही लड़नी पड़ेगी, तत्पश्चात ही हम अन्य लोगों एवं समाज से अपेक्षाएं रख सकते हैं, क्योंकि ईश्वर ने हर इंसान को किसी न किसी रूप से खास बनाया है।



हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

आज समस्या यह भी देखने को मिलती है कि देश में समय-समय पर देश को सुरक्षित करने और रक्षा करने के लिए शहीद भगत सिंह जैसे अनेक महापुरुष पैदा होने चाहिएं परंतु वे दूसरों के घर पैदा हों न कि अपने घरों में। इस प्रकार आज हम सभी युवाओं और समाज को इस जागरूकता और उद्देश्य को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाना चाहिए कि हमारे समाज और क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के समाधान की अपेक्षा समाज की वजाय खुद से शुरुआत करने का प्रयास किया जाएं। तभी संभव है कि हम अपने क्षेत्र और समाज को जागृत करने और आगे ले जाने में आपकी एक छोटी सी छोटी खुद की पहल भविष्य में एक बड़ा परिवर्तन और जागरूकता लेकर आए। इसी उम्मीद और आशा के साथ युवाओं एवं समाज से निवेदन भी रहेगा।

# विपक्षी एकता गठबंधन हो रहा तार-तार

**विपक्षी** एकता गठबंधन अब तार-तार हो रहा है। इंडिया गठबंधन यानी भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन यह सोचकर बनाया गया था कि भारत में अकेले अपने दम पर कोई भी पार्टी एनडीए को चुनौती नहीं दे सकती और न ही केंद्र में अपनी सरकार बना सकती है। इस गठबंधन के सूत्रधार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार थे। सूत्रों के अनुसार जब उनको अन्य दलों द्वारा खास तवज्जो नहीं दी गई तो उन्होंने इस गठबंधन से किनारा कर लिया और भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर एनडीए में शामिल होकर अपनी सरकार बना ली। यह विपक्षी एकता के लिए एक बहुत बड़ा झटका था। उधर, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस ने भी इस गठबंधन में कोई खास रुचि नहीं दिखाई।

अब उम्मीद थी कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे को लेकर कोई ठोस समझौता होगा, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार अभी तक यह समझौता होने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। उत्तर प्रदेश में सीट शेयरिंग को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी पहले ही इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल हो चुके हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में किसी भी दल विशेषकर कांग्रेस पार्टी को कोई तवज्जो नहीं दे रही है। अब कोई भी बड़ा दल नहीं बचा है, जो इंडिया गठबंधन की नैया पार लगा सके। भले ही कांग्रेस पार्टी अब भी आश्वस्त है कि बचा हुआ इंडिया गठबंधन अपने बूते सरकार बना लेगा। कांग्रेस पार्टी एक राष्ट्रीय पार्टी है। आज के इतिहास में कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी पार्टी है, लेकिन उसके अपने ही दिग्गज नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। यह कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ी चिंता की बात है कि आखिकार ऐसे दिग्गज नेता पार्टी क्यों छोड़ रहे हैं। जिन लोगों को पार्टी में महत्वपूर्ण पद मिले और पूरा मान सम्मान मिला, ऐसा क्या हो गया कि वही लोग पार्टी छोड़ कर एनडीए में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस पार्टी जिसने दशकों तक इस देश में राज किया, आज उसी के नेता दिन-प्रतिदिन पार्टी छोड़ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को इस पर मंथन करना चाहिए और कोई गिला शिकवा है तो उसे दूर करके सबको साथ लेकर आगे बढ़ना चाहिए।



नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

हार-जीत लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी की ऐसी दयनीय हालत पहले कभी नहीं हुई। प्रजातंत्र में विपक्षी पार्टियों का अपना महत्व होता है, लेकिन आज के संदर्भ में यह देखा जा रहा है कि सभी विपक्षी पार्टियां एक साथ बैठकर विचार-विमर्श कर कोई ठोस हल निकालने में असमर्थ सी लग रही हैं। इनके पास न तो कोई नेता है और न ही कोई नीति। दूसरी तरफ भारतीय जनता पार्टी या एनडीए के पास नरेंद्र मोदी के रूप में एक सशक्त नेता है और एक विजन भी है। पहले अपने देश भारत को आत्मनिर्भर बनाना और वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र का निर्माण करना। यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है। किसी भी लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है। मजबूत विपक्ष सरकार की नीतियों और योजनाओं के बारे में बहस करके या तो उनमें कुछ संशोधन करने या बदलने पर मजबूर कर देता है ताकि लोगों तक जन कल्याणकारी योजनाएं धरातल पर पहुंच सकें, लेकिन यदि विपक्ष ऐसे ही बिखरता रहा तो केंद्र में सरकार बनाना तो दूर मजबूत विपक्ष भी नहीं बना पाएगा। उधर, राहुल गांधी न्याय यात्रा पर निकले हुए हैं, उसका लोगों पर कितना प्रभाव पड़ेगा, यह तो आने वाला समय ही बता पाएगा। इससे पहले भी राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की, लेकिन परिणाम क्या निकला।

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस पार्टी की बहुत बुरी हार हुई। अब लोकसभा चुनावों के लिए कुछ ही दिन बचे हैं। अत: जो भी पार्टियां इंडिया गठबंधन में हैं, उन्हें बिना देर किए सीट शेयरिंग पर बात कर लेनी चाहिए, ताकि उम्मीदवारों को अपने अपने चुनाव क्षेत्रों में प्रचार प्रसार करने का उचित समय मिल सके। उधर, भारतीय जनता पार्टी अपने पूरे दमखम के साथ चुनावों की तैयारियों में जुटी हुई है और अपना कुनबा बढ़ा रही है। भारतीय जनता पार्टी छोटे से लेकर बड़े चुनाव तक पूरी गंभीरता के साथ लड़ती है। ऐसा नहीं है कि क्षेत्रीय दलों का अपने-अपने क्षेत्रों में प्रभाव नहीं है, लेकिन यदि वे विपक्षी गठबंधन को लेकर मजबूती से एकता दिखाएं तो निश्चित तौर पर राष्ट्रीय स्तर पर एक मजबूत विपक्ष की तरह चुनाव लड़ सकते हैं, लेकिन न जाने कोई भी विपक्षी दल इसमें गंभीरता क्यों नहीं दिखा रहा है। ऐसा लग रहा है कि रणभूमि में किसी एक पक्ष ने लड़ने से पहले ही हथियार छोड़ दिए हैं। विभिन्न विपक्षी दलों का अस्तित्व ही तो एक स्वस्थ लोकतंत्र की खूबसूरती है, जिसमें सभी दल देश निर्माण का कार्य करते हैं। भारतीय चुनाव आयोग एक स्वायत संस्था है। हमारा भारतीय चुनाव आयोग निष्पक्ष चुनाव करवाता है। इतने बड़े देश में निष्पक्ष चुनाव करवाना पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है।

हमारे पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में अभी हाल ही संसद के लिए चुनाव हुए, जिसमें घोर धांधली की बातें सारी दुनिया ने देखीं। कहने को तो वहां पर लोकतंत्र है, लेकिन किस तरह लोकतंत्र का मजाक उड़ाया जाता है, यह भी सारी दुनिया ने देखा। भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां पर सभी पार्टियों को एक समान रूप निष्पक्ष चुनाव लड़ने का अधिकार है। यदि किसी दल को प्रशासन से कोई शिकायत है तो वह दल चुनाव आयोग के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। चुनाव आयोग इस शिकायत की निष्पक्ष जांच करता है और सभी दलों को न्याय मिलता है। अभी भी वक्त है कि विपक्षी दलों को एकजुट होकर पूरी एकता और तैयारी के साथ चुनाव लड़ने के लिए तत्परता दिखानी चाहिए ताकि सरकार न सही मजबूत विपक्ष की भूमिका अदा की जा सके। यही लोकतंत्र के लिए अच्छा होगा।

# मानव को सदैव सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए

**कहते हैं** सादा जीवन उच्च विचार मानव का श्रृंगार होता है। मानव को सदैव सादगी व उच्च विचारों में विश्वास रखना चाहिए। जिंदगी में दिखावा नहीं करना चाहिए। सादगी का अपना महत्व होता है। सादा जीवन जीने वाले लोग कभी दुखी नहीं होते, ताउम्र सुखी रहते हैं। सादा भोजन कीजिए, सादगी की अपनी एक अलग पहचान होती है। अत: प्रत्येक इंसान की जितनी सहायता हो सके, करनी चाहिए। आदमी को कभी भी किसी का निरादर नहीं करना चाहिए, प्रत्येक मानव का आदर-सत्कार करना चाहिए। जीवन बार-बार नहीं मिलता है, ईमानदारी की हमेशा जीत हुई है।

यह एक शाश्वत सत्य है और बेइमानों का सत्यनाश हुआ है। खुदा के घर में देर है, अंधेर नहीं है। आदमी को समय से डरना चाहिए, क्योंकि वक्त का कोई पता नहीं कि कब कौन मिट्टी में मिल जाए। समाज की रचना के लिए सादगीपूर्ण जीवन जीने की कोशिश करनी चाहिए। मानव को हमेशा समानता व एक समान व्यवहार करना चाहिए। क्योंकि जो आदमी भेदभाव करता है, वह मानवता के नाम पर कलंक है। कहते हैं कि व्यक्ति को अपना अतीत नहीं भूलना चाहिए, भले ही आदमी कितनी ही ऊंचाइयां छू ले। एक कहावत है कि मानव कितना भी अमीर हो जाए, वह अपना अतीत नहीं खरीद सकता। आज दुनिया में कुछ ऐसे लोग हैं, जो कभी दाने-दाने को मोहताज थे।

मानव को सदा अच्छे कर्म करने चाहिएं क्योंकि अगर तुम अच्छा करोगे, अच्छाई ही मिलेगी। दुनिया युगों-युगों तक याद रखेगी। हमेशा सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए क्योंकि सच्चाई की सदा जीत हुई है। सांच को आंच नहीं आती। अभावग्रस्त लोगों की सहायता करनी चाहिए। भूखे को रोटी खिलाओ, हमेशा अच्छा करोगे तो अमर हो जाओगे। अगर तुम किसी का अच्छा नहीं कर सकते तो बुरा भी मत करो, किसी को मत सताओ। पैसे से गुजरा हुआ समय खरीदना नामुमकिन है। पैसा ही सबकुछ नहीं होता, मगर आज रिश्ते तराजू पर तोले जाते हैं। अगर कोई गरीब है तो उसके साथ भेदभाव किया जाता है।

वक्त बदलते देर नहीं लगती, इसलिए आदमी को अपना अतीत याद करते रहना चाहिए, ताकि विपत्तियों का अहसास होता रहे। वर्तमान परिवेश में मानव इतना स्वार्थी व मौका परस्त होता जा रहा है कि खुद को खुदा से उपर समझने लगा है। आज वह भगवान के साथ छल-कपट तक करने से नहीं चूकता, मगर जब उसकी मार पड़ती है तो होश ठिकाने आ जाते हैं। ऐसे लोगों को आदमियों की पहचान नहीं होती कि कौन अच्छा है कौन बुरा है। आज चापलूस लोगों का बोलबाला हो गया है, लेकिन खुदा सब देख रहा है। समय ने करवट बदली और उनका भाग्य भी बदल गया, लेकिन वे लोग अपनी औकात भूल गए कि एक समय ऐसा भी था कि उनके पास एक जोड़ी कपड़े होते थे।

खाने के लाले पड़े होते थे। आज अच्छे दिन आ गए तो अपनों को भूल गए और हवा में उड़ने लगे, लेकिन असली व नकली पंखों में फर्क होता है। कार-कोठी को ही जीवन का लक्ष्य मान अन्य लोगों को नीचा दिखाने की कोशिश में लगे व्यक्तियों की पोल आखिकार खुल जाती है। समाज में आत्म केंद्रित लोगों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है, ऐसे लोग सिर्फ अपनों के सिवाय दूसरों का अच्छा नहीं कर सकते, ऐसे लोग जानवरों से भी बदतर हैं। मानवता से बड़ा कोई धर्म नहीं है। इंसानियत को हमेशा जिंदा रखें। समाज के हर मानव की सहायता करनी चाहिए। यह अटल सच्चाई है। आप महसूस करेंगे कि परोपकार का काम करने के बाद आपके होंठों पर आई मुस्कराहट दुनियाभर की दौलत से भी महंगी होगी। जरूरतमंदों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है, मगर आधुनिक इंसान फितरती होता जा रहा है। मानव विलासिता पर धन खर्च कर रहा है।

सुख में तो सभी साथ होते हैं, मगर दुख में साथ छोड़ देते है। कहते हैं अपने ही काम आते हैं, मगर आज आदमी ही आदमी से नफरत कर रहा है। कुत्ते बिस्किट खा रहे हैं, मगर मानव भूख से त्रस्त है। क्या मजाल कि कोई भूखे को रोटी का निवाला दे। आदमी नरभक्षी बनता जा रहा है। प्रतिदिन शराब, मांस, मदिरा का प्रयोग कर रहा है। आदमी आज गिरगिटों की तरह रंग बदलता है। आज मानव मतलब निकल जाने पर पहचानने से इंकार कर देता है। आज मानव ने भले ही कितनी प्रगति कर ली है, मगर सोच वही सामंतवादी है। आदमी अपना वक्त भूल चुका है।



ब्लॉगर
नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

## अपनी बात

**भारत** की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष चुनौतियों पर गौर करें तो भारत की भू-राजनीतिक स्थिति, इसके पड़ोसी कारक, विस्तृत एवं जोखिम भरी स्थलीय, वायु और समुद्री सीमा के साथ इस देश के ऐतिहासिक अनुभव इसे सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील बनाते हैं। वर्तमान समय में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले एक सुस्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को सुपरिभाषित करना होगा। इसके साथ ही एक अलग मंत्रालय के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्रालय की स्थापना और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रशासनिक सेवा नाम से एक केंद्रीय सेवा की स्थापना करनी चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में नीति निर्माण संबंधी स्पष्टता के साथ ही प्रभावी क्रियान्वयन की सुनिश्चितता भी संभव होगी।

-आश्वी शर्मा, नगरोटा बगवां।

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बारिश–बर्फबारी से 121 सड़कें बंद

## चंबा में जनजीवन अस्त-व्यस्त; विद्युत आपूर्ति भी हो रही बाधित, लोगों को हो रही परेशानी

**अंनत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा में बारिश व बर्फबारी से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। जिसकी वजह से रास्ते बंद होने सहित विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो रही है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेप्सवाल ने संबंधित विभागों को तमाम बाधित व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द सुचारू करने के निर्देश जारी कर दिए है। उपायुक्त ने बताया कि बारिश व बर्फबारी के कारण जिला चंबा में 121 सड़कें बंद हुई है। जिसमें मुख्य चंबा–भरमौर एनएच मार्ग कुछ स्थानों से बाधित हुआ है। जिसे खोलने का कार्य जारी है। वहीं चंबा–जोत मार्ग, चंबा–खजियार, चंबा–तीसा मार्ग अभी भी बाधित है। जिला प्रशासन बाधित मार्गों को लेकर जनहित सूचना लगातार जारी कर रहे है ताकि लोगों को आवागमन में मुश्किल के दौर से न गुजरना पड़े।



चंबा–भरमौर मार्ग पर भूमि कटाव।

उन्होंने बताया कि चंबा–तीसा माग रखालू के समीप डंगा धंसने से बंद हो गया है। जिसे खोलने के लिए लोनिवि द्वारा कार्य किया जा रहा है। जबकि इस मार्ग को फिलहाल छोटे वाहनों के लिए खोल दिया गया है। अभी मार्ग के पूरा ठीक होने में समय लगेगा। उन्होंने बताया कि चंबा जिले में कुल मिलाकर 2377 डीडीआर है। जिनमें 402 खराब है। उन्होंने कहा कि जिले के ऊंचाई वाले इलाकों पांगी, भरमौर,तीसा, और सलूणी में अधिक बर्फबारी हुई है। जहां इस बार जल शक्ति विभाग में थोड़ा बहुत ही नुकसान देखने को मिला है। जिसके चलते जल शक्ति विभाग को पेयजल आपूर्ति सुचारू रूप से करवाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र पांगी और भरमौर में ग्लेशियर के खतरे के तहत उपमंडल अधिकारियों को हर परिस्थितियों पर नजर बनाएं रखने के निर्देश सहित लोगों को अनावश्यक कार्यों के चलते घरों से न निकलने की चेतावनी भी जारी की गई है।

### लोथल में मलबे में दबा पुल का सरिया

**भरमौर।** पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे पर बुधवार को धरवाला के समीप लोथल में निर्माणाधीन पुल पर भारी लैंडस्लाइड होने के चलते सैकड़ों टन बिछाया गया सरिया मलबे में दब गया। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश-बर्फबारी के कारण इस मार्ग पर जगह-जगह लैंडस्लाइड व जमीनें धंसने का सिलसिला जारी है। लिहाजा इसी के चलते बुधवार को शाम के समय यहां पर एकाएक भारी लैंडस्लाइड हुआ। जिसके चलते नीचे पुल के निर्माण के लिएबिछाया गया सैकड़ों टन सरिया भी इसकी चपेट में आ गया। गनीमत यह रही जिस वक्त यह लैंडस्लाइड हुआ उस वक्त यहां पर कोई भी मजदूर काम नहीं कर रहा था वरना यहां पर कोई बड़ा हादसा भी हो सकता था। गौरतलब है कि पठानकोट-भरमौर नेशनल हाई-वे पर नेशनल हाई-वे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा चार पुलों का निर्माण करवाया जा रहा है। इन पुलों का निर्माण बड़ी परियोजना के तहत किया जा रहा है। धरवाला में हुए लैंडस्लाइड के चलते इस पुल के निर्माण में भी अब काफी देरी होगी। पुल के निर्माण के लिएजमीन में बिछाया गया सरिया भारी लैंड स्लाइड से नीचे दब गया है। इसकी पुष्टि विभाग के कनिष्ठ अभियंता अशोक कुमार ने की है।

# चंबा जिले में भाजपा की अपनी अपनी डफली, अपना–अपना राग

## लोकसभा चुनाव नजदीक, आपसी तालमेल का गिरा ग्राफ

**एमएम डैनियल, चंबा**

अनंत ज्ञान स्पैशल

पार्टी में खल रही है नेतृत्व की कमी

एक ओर जहां लोकसभा चुनाव की उल्टी गिनती लगभग शुरू हो चुकी है, वहीं जिला चंबा भाजपा की जनता की तो छोड़ों पार्टी में आपसी पकड़ कमजोर होती नजर आ रही है। पार्टी से जुड़ा हर शीर्ष नेतृत्व अपनी–अपनी डफली अपना–अपना राग अलापते हुए नजर आ रहा है। जिला चंबा में गिने–चुने पूर्व पदाधिकारी ही विपक्ष की भूमिका निर्वाह करने का प्रयास कर रहे है तो वहीं नवनियुक्त भाजपा पदाधिकारी राष्ट्रीय अथवा स्टेट कॉल को छोड़ अन्य किसी तरह का दायित्व निभाते नजर नहीं आ रहे है। जो कि लोस चुनाव में चंबा–कांगड़ा व मंडी संसदीय सीट परिणामों पर भारी पड़ सकता है।

गौर हो कि हिमाचल प्रदेश में विस चुनाव में भाजपा को मिली हार के चलते पार्टी हाइकमान द्वारा राज्य से लेकर जिला व उपमंडल पदाधिकारियों के पदों में बदलाव किया गया। जिसमें आशा व्यक्त की गई कि केंद्र में भाजपा वर्ष 2024 के लोस चुनाव में हैट्रिक लगा सके। इसी बदलाव के चलते जिला चंबा में भाजपा की जिला, उपमंडल सहित अन्य घटकों की कार्यकारिणी में बदलाव कर नए चेहरों को अवसर प्रदान किया गया, लेकिन भाजपा का यह बदलाव जिला चंबा में उल्टा पड़ता नजर आ रहा है।

पार्टी हाइकमान द्वारा शीर्ष नेतृत्व नेताओं की सिफारिशों के तहत अपने चेहतों को पदों पर तो विराजमान करवा दिया, लेकिन तत्काल से लेकर वर्तमान समय तक पदों को न मिलने व इच्छा मुताबिक पद अथवा डिर्जव सदस्य को पद न मिलने से आपसी तालमेल में पड़ा अंतराल अब खाई के समान गहरा होता जा रहा है। यहीं नहीं पार्टी में मुख्य पदों पर आसीन पदाधिकारियों द्वारा न पार्टी सक्रिय सदस्यों, पदाधिकारियों का, न मीडिया कर्मियों का फोन उठाना गवारा समझा जाता है।

वहीं पार्टी हाइकमान द्वारा जनसंपर्क व पीएम मोदी द्वारा घोषित योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे है, लेकिन चंबा के भाजपा नेता पार्टी केंद्र व राज्य हाइकमान को धरातल की बजाय हवा में सपने दिखाने सहित गुणगान कर अपनी रोटियां सेकने में अधिक मसरूफ है। जिसमें अगर चंबा सदर की बात की जाए तो यहां लोस का कम और आगामी विस में यहां कौन मजबूत दावेदार होगा इसी कशमकश में पार्टी पदाधिकारी उलझे है। जिसका एक मुख्य कारण दो बार लगातार विस चुनाव में पार्टी द्वारा प्रत्याशी बदला जाना, इसके अतिरिक्त एक टिकट के लिए दो पार्टी सदस्यों को चुन कर बाद में ऐन मौके पर एक को इंकार करना पड़ गया। वहीं चुराह विस क्षेत्र में भी विधायक जहां अपने भाषणों की बदौलत स्ट्रांग है, तो वहीं यहां भी पार्टी सदस्यता खिसकती नजर आ रही है। ऐसा आलम भटियात विस क्षेत्र का भी है। यहां भी पार्टी की मजबूत नींव हिल चुकी है।

जिले के भरमौर व डलहौजी क्षेत्रों में भाजपा संगठन में अभी मजबूती कुछ कद तक कायम है, लेकिन हवा का रूख यहां भी कब बदल जाए यह कहना मुश्किल है। फिलहाल कुल मिला कर यह कहें कि वर्तमान समय में जिला चंबा भाजपा लोस चुनाव के नजरिए से तैयार नहीं दिख रही। (अनंत ज्ञान)

### जिलाध्यक्ष के कंधों पर है दायित्व

हालांकि पार्टी में गुटबाजी को खत्म करने से लेकर नाराज चल रहे पार्टी सदस्यों को एकजुट बनाने का दायित्व जिलाध्यक्ष के कंधों पर है, लेकिन भाजपा जिलाध्यक्ष पद मिलते ही इतने मशरूफ हो चुके है कि लोगों से मिलना तो दूर फोन उठाने तक का समय उनके पास नहीं है। तो वहीं उनके बाद पार्टी की ओर से कोई भी पदाधिकारी अपनी प्रतिक्रया तक देने को तैयार नहीं है। यह तमाम बातें लोस चुनाव से पूर्व भाजपा के हित में जाती नजर नहीं आ रही है।

### कांग्रेस ने कसी कमर

जबकि दूसरी ओर कांग्रेस हाइकमान में लोस चुनाव में लीड मत दिलवाने वाले विस क्षेत्र पार्टी विधायक को बड़ा औहदा देने तक की घोषणा कर दी। जिसके चलते कैबिनेट या बड़े पदों पर निगाहें टिकाए हुए कांग्रेस विधायक अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों के प्रत्याशियों को बढ़त दिलाने में भरपूर प्रयास करेंगे। जिन्हें कैसे भाजपा रोक पाती है यह देखने लायक बात होगी। जिसका मुख्य कारण आपसी गुटबाजी होने सहित तालमेल में कमी है।

## न्यूज ब्रीफ

### राम ठाकुर बने मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष



**भरमौर।** मैहला के राम ठाकुर को हिमाचल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन एवं मनरेगा मजदूर यूनियन का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राम ठाकुर इंटक यूनियन के साथ-साथ अब हिमाचल बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन और मनरेगा मजदूर यूनियन का भी कार्यभार देखेंगे। राम ठाकुर ने इस नियुक्ति के लिए यूथ इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गावा, डॉक्टर संजय रेड्डी, प्रदेश अध्यक्ष बाबा हरदीप सिंह, जसविंदर चौहान, बिहारी सेवगी, प्रेम भाटिया, जगत राम शर्मा का आभार व्यक्त किया है। राम ठाकुर ने कहा है कि संगठन ने उन्हें जो भी दायित्व सौंपा है उसका वह पूरी ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन करेंगे। गौरतलब है इससे पहले राम ठाकुर इंटक में बतौर प्रदेश उपाध्यक्ष काम कर रहे हैं। मजदूर संगठनों के लिए लगातार लड़ाई लड़ने व उनका हक दिलाने के लिए संगठन ने उन्हें एक और तोहफा दिया है।

### बजट में रखा गया हर वर्ग का ख्याल: नीरज



**चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने प्रदेश सरकार के बजट को दूरदर्शी, गरीब और आम जन हितैषी बताया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार का यह बजट एक ऐतिहासिक बजट है। जिसमें प्रदेश के हर वर्ग को लाभान्वित करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि है कि बजट में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत दिहाड़ी को 240 से 300 रुपए तक बढ़ाने की घोषणा से जिला में एक लाख 40 हजार के करीब मनरेगा कामगारों को सीधा लाभ पहुंचेगा। होमस्टे रजिस्ट्रेशन को हिमाचल प्रदेश टूरिज्म डेवलपमेंट एंड रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत लाने से ऐसी सुविधाओं का विस्तार होगा तथा नगर परिषद चंबा के सुल्तानपुर वार्ड में हेलिपोर्ट के निर्माण होने से संपूर्ण जिला में साहसिक, धार्मिक तथा इको पर्यटन गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा। एससी, एसटी वर्ग के युवाओं के लिए बाजार की मांग के अनुरूप प्रशिक्षण कोर्स शुरू होने से इन वर्गों से संबंधित युवाओं को लाभ मिलेगा तथा मुख्यमंत्री सुख आरोग्य योजना व मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना सामाजिक कल्याण की दृष्टि से महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### पांगी के सरकारी संस्थानों में दो दिन छुट्टी

**पांगी।** उपमंडलाधिकारी खंड पांगी द्वारा मौसम की परिस्थितियों को देखते हुए आरसी पांगी जिंदल ने कहा है कि 22 और 23 फरवरी को सरकारी संस्थानों में छुट्टी रहेगी। सभी से निवेदन है कि हालात बहुत गंभीर है अति आवश्यक होने पर ही यात्रा करें। आपकी खुशी में ही हमारी खुशियां है।

### चंबा- तीसा रोड छोटे वाहनों के लिए बहाल

**तीसा।** चंबा-तीसा मुख्य मार्ग बीते दो दिन से चंबा मुख्यालय से पूरी तरह से कट गया था, जिस वजह से वाहन चालकों और लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही बारिश से कल्हेल के समीप रखालू माता के पास लैंडस्लाडिंग की वजह से पूरी सड़क टूट कर गहरी खाई में चली गई थी। जिस वजह से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से अवरुद्ध हो गई थी। लैंडस्लाइड की जगह पर डंगा लगाना काफी मुश्किल था। कर्मचारी अपनी जान जोखिम में डालकर रस्सी के सहारे से काम कर रहे थे परंतु फिर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मेहनत से कार्य करते हुए दो दिन बाद चंबा-तीसा मुख्य मार्ग को छोटे वाहनों के लिए बहाल कर दिया है। उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जोगिंद्र सिंह का कहना है की कर्मचारी और अधिकारी कार्य में डटे रहे छोटे वाहनों के लिए फिलहाल रास्ता खोल दिया है। बड़े वाहनों के लिए भी जल्द रास्ता बहाल कर दिया जाएगा।

### लूणा से खड़ामुख के बीच एनएच रहेगा बंद

**भरमौर।** अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर ने बताया कि उपायुक्त चंबा के आदेश के तहत लूणा से खड़ामुख के बीच एनएच 154 ए पर 22 फरवरी से 31 मार्च तक सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तथा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक वाहनों की आवाजाही को बंद किया गया है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे इस सूचना को ध्यान में रखते हुए अपनी यात्रा को इस समय के दौरान प्लान न करें।

# पांगी में भारी बर्फबारी, बिजली और पानी के लिए तरसे लोग, अंधेरे में काट रहे रातें



बर्फबारी के बाद पांगी घाटी का मनमोहक नजारा।

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विधानसभा क्षेत्र भरमौर के अति दुर्गम क्षेत्र पांगी में भारी बर्फबारी के कारण सामान्य जीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बर्फबारी के कारण यहां पर लोग बर्फीली हवाओं व भारी बर्फबारी के कारण घरों में दुबकने को मजबूर हो गए हैं। भारी बर्फबारी के बाद यहां पर लोगों को ग्लेशियर का भी डर सताने लगा है। पिछले वर्ष भी यहां पर भारी ग्लेशियर गिरने के कारण कई घर इसकी चपेट में आ गए थे। भारी बर्फबारी के कारण यहां पर बीएसएनल का नेटवर्क भी छोड़ गया है। वहीं लोगों को बिजली और पानी के लिए भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार यहां पर चार फुट से ज्यादा ताजा बर्फबारी हुई है। जिसके कारण यहां का सामान्य जीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। भारी बर्फबारी के कारण रास्ते बंद होने की वजह से लोग एक जगह से दूसरी जगह भी नहीं जा पा रहे हैं। घरों की चो पर चार से पांच फुट बर्फ होने की वजह से मकान के टूटने का डर भी लोगों को सताने लगा है। भारी बर्फबारी के कारण अति दुर्गम क्षेत्र पांगी का संपर्क शेष विश्व से भी पूरी तरह से कट गया है। वही यहां पर भारी बर्फबारी होने के कारण विद्युत सप्लाई भी पूरी तरह से बंद हो गई है और लोगों को मजबूरन राते अंधेरे में काटनी पड़ रही है। बुधवार को भी इस क्षेत्र में बर्फबारी जारी रही। उधर आरसी पांगी जिंदल ने कहा है कि प्रशासन ने सभी पुख्ता प्रबंध किए हैं और सभी विभागों को अलर्ट पर रहने के सख्त निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# तीन घंटे की पेन डाउन स्ट्राइक

## चंबा अस्पताल में मांगों मनवाने के लिए डटे चिकित्सक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में राज्य सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन चंबा ने हड़ताल की। एसोसिएशन जिलाध्यक्ष डॉ. दिलबाग सिंह की अगुआई में तीन घंटे तक पेन डाउन स्ट्राइक की गई। सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े 12 बजे तक मरीजों को नहीं देखा। जबकि आपातकालीन सेवा में ही कार्य को जारी रखा गया।

इस बारे में डॉक्टर एसोसिएशन चंबा के जिलाध्यक्ष डॉ. दिलबाग सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात्रि को हिमाचल प्रदेश मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की हुई वर्चुअल बैठक में फैसला लिया गया है। जिसमें सरकार से लंबे समय से एसोसिएशन द्वारा जायज मांगों को उठाया जा रहा है, लेकिन सरकार के इस दिशा में सहयोग न मिलने के चलते चिकित्सकों को मजबूरन यह पग उठाना पड़ गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक दौर में जहां तीन घंटे पेन डाउन स्ट्राइक शुरू की है यदि सरकार जल्द ही एसोसिएशन की मांगों पर गौर नहीं फरमाती है तो यह हड़ताल बढ़ सकती है। जिससे जहां रोगियों को परेशानी झेलनी होगी वहीं सरकार की कार्यप्रणाली पर भी इसका असर पड़ेगा। वहीं अस्पताल पहुंचे रोगियों और उनके परिवार के लोगों ने बताया कि उन्होंने करीब डेढ़ से तीन घंटे से भी ज्यादा समय तक चिकित्सकों का इंतजार किया, लेकिन कोई भी चिकित्सक ओपीडी में मौजूद नहीं था। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी में भी सिर्फ एक डॉक्टर की व्यवस्था है। जिसके कारण रोगियों की एक ही स्थान पर काफी भीड़ लगी रही।



पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा में पेन डाउन स्ट्राइक पर चिकित्सक।

### भरमौर में छात्रों की बढ़ी परेशानियां

**भरमौर।** पिछले चार दिनों से लगातार हो रही बारिश व बर्फबारी के कारण जनजातीय क्षेत्र भरमौर के स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं दे रहे छात्र व छात्राओं के लिए भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कंपकपाती ठंड में यहां पर स्कूली बच्चे वार्षिक परीक्षा देने के लिए मजबूर है। गौरतलब है कि पिछले कई दिनों से यहां पर लगातार बारिश–बर्फबारी जारी है तो वहीं पर भरमौर में 16 फरवरी से शीतकालीन स्कूलों की कक्षाएं भी शुरू हो गई है। पिछले दिनों से हो रही लगातार बारिश व बर्फबारी के कारण यहां पर कड़ाके की ठंड एक बार फिर से बढ़ गई है तो वहीं पर नौवी से लेकर 12वीं की वार्षिक परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। जगह–जगह हो रहे लैंडस्लाइड, बर्फबारी के कारण बच्चों की वार्षिक परीक्षाओं पर भी इसका सीधा असर पड़ रहा है। बच्चों को स्कूलों व परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उधर एसडीएम भरमौर कुलवीर सिंह राणा ने बताया कि गत दिनों भरमौर क्षेत्र में बारिश व बर्फबारी के कारण समूचा क्षेत्र ठंड की चपेट में है। जहां तक रही वार्षिक परीक्षाओं का विषय तो वार्षिक परीक्षाओं की तिथि पहले से ही निर्धारित होती है।

### चुराह उपमंडल सड़क सुविधा से जुड़ा

**चंबा।** महज 24 घंटे के भीतर लोक निर्माण विभाग ने जिला मुख्यालय के साथ कटे उपमंडल चुराह को एक बार फिर सड़क सुविधा से जोड़ दिया है। बुधवार दोपहर के बाद चंबा–तीसा मार्ग छोटे वाहनों की आवाजाही के लिए खुलने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। बीते 48 घंटे के दौरान जिला चंबा में हुई भारी बारिश की वजह से इस मार्ग के रखालु नामक स्थान पर मंगलवार सुबह सड़क का 10 मीटर सड़क भाग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था जिस वजह से जिला चंबा के चुराह उपमंडल के दायरे में आने वाले सैकड़ों गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क कट गया था। लोक निर्माण विभाग ने इस चुनौती को स्वीकारते हुए महज 24 घंटे के भीतर क्षतिग्रस्त सड़क भाग को दुरुस्त कर छोटे वाहनों के लिए खोल दिया है। लोक निर्माण विभाग सर्कल डलहौजी के अधीक्षण अभियंता दिवाकर सिंह पठानिया ने बताया कि बड़े वाहनों के लिए यह सड़क खोलने में दो सप्ताह का समय लग सकता है।

### चुवाड़ी में छात्रों ने रैली निकाली



**चुवाड़ी।** स्वीप टीम भटियात ने डॉ. आकाश दीप शर्मा के नेतृत्व में सीनियर सेकेंडरी स्कूल चुवाड़ी का दौरा किया। इस मौके पर चुनावी साक्षरता क्लब का गठन भी किया। विद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र मोहन ने पूरी स्वीप टीम, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल का धन्यवाद किया। इलेक्शन कानूनगो संजय शर्मा ने छात्रों को संदेश के माध्यम से प्रेरित किया कि वे आगामी लोकसभा चुनाव में कैसे भाग ले सकते हैं। स्वीप सदस्य नीतू, मंजू, अंजलि, मीनल ने छात्रों को चुनाव गतिविधियों से अवगत करवाया। जिसके पश्चात छात्रों ने जागरूकता रैली भी निकाली। संकाय शिक्षण और गैर–शिक्षण कर्मचारियों, स्थानीय बीएलओ, पर्यवेक्षकों के साथ छात्रों को चुनावी शपथ भी दिलाई गई।

# जितेंद्र मिस्टर फेयरवेल, कुसुम लता को मिस फेयरवेल चुना

## कीड़ी स्कूल में विदाई समारोह का किया गया आयोजन

**अनंत ज्ञान, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कीड़ी में जमा एक के छात्र–छात्राओं द्वारा अपने वरिष्ठ साथियों के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि एसएमसी प्रधान चरण सिंह व विद्यालय अधीक्षक हेम सिंह ठाकुर ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज करवाई।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रधानाचार्य रमेश शर्मा ने अपने अभिवादन में विद्यार्थियों को शुभकामना स्वरूप आशीर्वाद दिया और जिंदगी में अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए सदैव ईमानदारी और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

वहीं कार्यक्रम की शुरूआत जमा एक के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत से की गई। जमा एक के छात्र हर्षित, पावनी, अर्पणा ओर अमानत द्वारा बहुत ही सुंदर मंच संचालन किया गया। जिसमें उन्होंने अपने सीनियर्स के लिए बहुत ही सुंदर शीर्षक ओर उपहार प्रदान किए गए। इस सारे कार्यक्रम को सुसज्जित बनाने में अर्थशास्त्र की प्रवक्ता नीलम कैला ने अहम भूमिका निभाई। इस मौके पर हर्षित कपूर को मिस्टर प्लस टू और काजल को मिस प्लस टू चुना गया। जितेंद्र को मिस्टर फेयरवेल और कुसुम लता को मिस फेयरवेल चुना गया। वहीं उषा कुमारी को उनकी ऑलराउंडर परफॉर्मेंस के लिए बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर के खिताब से नवाजा गया।





कीड़ी स्कूल में चुने गए मिस्टर व मिस सामूहिक चित्र में।

**समस्या** | यात्रियों को करना पड़ा परेशानियों का सामना

# बीच रास्ते में हांफी भुनाड़–डलहौजी बस

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

भुनाड़–खैरी–डलहौजी बस उस समय हांफ गई जब यह भुनाड़ से सवारियां लेकर डलहौजी आ रही थी। बताते चलें कि यह बस सुबह करीब सात बजे सवारियां लेकर भुनाड़ से डलहौजी के लिए रवाना होती है। इस बस में ज्यादातर स्कूली बच्चे, नौकरी पेशे वाले मजदूर एवं बाहरी राज्य जाने वाली सवारियां सफर करती हैं, लेकिन आए दिन बीच रास्ते में बस का ऐसे खराब हो जाना सवारियों के लिए मुसीबत खड़ी कर देता है। बता दें कि एचआरटीसी की एचपी 73–6927 बस बडेरू के पास तकनीकी खराबी के कारण आगे नहीं बढ़ पाई और बस में सवार सभी सवारियां परेशान हो गई। खासकर छोटे स्कूली बच्चे व बुजुर्ग जो अपना इलाज करवाने डलहौजी या पठानकोट का रुख किए हुए थे उन्हें ज्यादा परेशानी हुई। बस में सवार यात्रियों ने बताया कि एचआरटीसी निगम द्वारा इस रूट पर खटारा बस चलाई जा रही है जो अक्सर खराब हो जाती है। इस कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताते चलें कि बीते करीब एक सप्ताह से नैनीताल से मेल कैल एचआरटीसी की बस चबीं मोड पर खराब हो गई थी जो बुधवार दोपहर बाद ठीक करवा कर वहां से हटा ली गई है। नई गाड़ियों का रोना रोने वाली एचआरटीसी की गाड़ियां अक्सर बीच रास्ते में खड़ी दिखाई दे ही जाती हैं। अब तो क्षेत्र का आलम यह है कि एक बस के खराब हो जाने से खराब बस की सवारियां भी ट्रांसपोर्ट की दूसरी बस को ले जानी पड़ती है। यदि ओवरलोडिंग की वजह से कोई दुर्घटना हो जाती है तो उसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा। इसी मुद्दे को लेकर क्षेत्र के निवासियों ने सरकार व चंबा डिपो से नई बसों की मांग की है। आरएम शगुल ने बताया कि वह जल्दी समस्या को दूर करने के लिए इस रूट पर नई बस लगाएंगे। ताकि भविष्य में यात्रियों को ऐसी समस्या का सामना न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)



खराब हुई एचआरटीसी की बस।



बस खराब होने के बाद पैदल मंजिल की ओर बढ़ते यात्री।

### ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुराह की बैठक कल

**तीसा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चुराह की बैठक का आयोजन 23 फरवरी को हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह कॉलोनी मोड में सुबह 11 बजे किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी ठाकुर करेंगे। इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर युवा नेता यशवंत खन्ना मौजूद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी, जिला चंबा कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, युवा कांग्रेस, अनुसूचित विभाग, महिला कांग्रेस, सेवादल, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, इंटक, सोशल मीडिया, एनएसयूआई के पदाधिकाररियों से व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं से निवेदन है कि भारी से भारी संख्या में पहुंचे। इस बैठक में मुख्यत आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए बूथ लेवल एजेंट्स के बारे में चर्चा की जाएगी तथा आने वाले चुनावों के लिए रणनीति बनाई जाएगी।

# तांदी के कंडा नाग देवता की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने हजारों लोग


प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर परंपराओं का निर्वहन करते हुए पुजारी।

**सात दिन तक चला भव्य आयोजन**

जितेंद्र गुप्ता, आनी

देवी-देवताओं की भावभीनी विदाई के साथ ही तांदी के कुई कंडा नाग देवता के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ( पूज ) कार्यक्रम सम्पन्न हो गया। इस भव्य आयोजन के हजारों लोग साक्षी बने। 14 फरवरी से 7 दिनों तक चले भव्य धार्मिक अनुष्ठान में तांदी के कईकंडा नाग देवता, शाणी की दुर्गा माता, गोथना की माता, दुराह की भुवनेश्वरी माता , बयूंगल के कुई कंडानाग देवता, घाटू स्थित कुई कंडानाग देवता, करेरी के नाग देवता, धनाह के रखाऊ नाग देवता सहित उनके सैकड़ों देवलू, कारकुन सहित हजारों लोग शामिल हुए।


मंदिर की सजावट का दृश्य।

आयोजन समिति के मुख्य सलाहकार गोविंद शर्मा ने बताया कि तांदी स्थित कुई कंडा नाग देवता का काष्ठ कुणी शैली का निर्मित प्राचीन मंदिर भवन करीब 26 वर्षों पहले जलकर राख हो गया था। जिसके बाद देवता जी को सीमेंट से बनाए गए भवन में शिफ्ट किया गया था। लेकिन काफी वर्षों बाद मन्दिर कमेटी, देवलू , कारकूनों और देवता के अनुयायियों ने संयुक्त निर्णय लिया कि देवता जी का अपना भव्य काष्ठ कुणी शैली का भव्य मंदिर बने, जिसके बाद सभी ने देवता जी से आशीर्वाद लिया और इसके निर्माण की कवायद शुरू कर दी गई।

उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को जलयात्रा और ध्वजारोहण के साथ शुरू हुए मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में 15 से 18 फरवरी तक हवन पाठ का आयोजन हुआ, जिसके बाद 20 फरवरी को पहले फेरी, फिर शिखा पूज हुई, जिसके बाद देवी देवताओं का ढोल नगाड़ों की थाप के साथ आगमन हुआ था। उन्होंने बताया कि मन्दिर में हर दिन भंडारे का आयोजन भी किया गया। आयोजन कमेटी के अध्यक्ष दलीप ठाकुर और मुख्य सलाहकार गोविंद शर्मा ने बताया कि कुई कंडा नाग देवता गढ़पति हैं और पलेही, कुठेढ, दुराह, लोट, शीलही, घाटू आदि 6 पंचायतों के अलावा आसपास की आधा दर्जन अन्य पंचायतों में सुख समृद्धि धन धान्य के देवता माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस भव्य आयोजन में पलेही और कुठेढ पंचायत के युवाओं, जाइयों के अलावा 13 पंचायतों के सैकड़ों लोगों ने अपना भरपूर योगदान दिया है। (अनंत ज्ञान)


पूजा के दौरान मौजूद लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### उपायुक्त ने विकास को लेकर की मंत्रणा



**कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने पत्रकारों से कहा कि मीडिया की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं व कार्यक्रमों को लोगों तक पहुंचाने तथा योजनाओं की फीडबैक देने में अहम भूमिका रहती है। उन्होंने सुझाव आमंत्रित किए तथा उम्मीद जताई कि दोनों के आपसी सहयोग से जिले के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### 'तू फ्रंटलाइन वर्कर्स है' के तहत शिविर संपन्न

**आनी।** बाल विकास परियोजना आनी के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा वर्कर जो विभाग के अंतर्गत संचालित बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के कार्यान्वयन है, 'तू फ्रंटलाइन वर्कर्स है' के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शविर का आयोजन किया गया।



### प्रदेश राजकीय प्राध्यापक संघ बंजार का हुआ गठन

**बंजार।** राजकीय महाविद्यालय बंजार में हिमाचल प्रदेश राजकीय प्राध्यापक संघ की स्थानीय इकाई की कार्यकारिणी का चयन प्रदेश राजकीय प्राध्यापक संघ के पूर्व अध्यक्ष डॉ. जोगिंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान रमेश यादव को प्रधान पद के लिए चुना और वरिष्ठ उप प्रधान पद के लिए डॉ. योग राज, उप प्रधान पद के लिए प्रो. दीपक कुमार सिंह, सचिव के पद के लिए डॉ. विमस कुमार, सचिव पद के लिए प्रो. अंशुल, कोषाध्यक्ष के लिए प्रो. अनिल को चुना।



# ऊझी घाटी के जाणा में तेज तूफान से उड़ी घरों की छत

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र सहित आठ घरों को हुआ नुकसान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू की उझी घाटी के जाणा में तेज तूफान से घरों के छत उड़ गई हैं। इस कारण यहां आठ से अधिक लोगों के घरों की छतों के साथ-साथ गौशाला की छत को नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार जाणा गांव में बीती रात को बर्फबारी और तेज हवा शुरू हुई और धीरे-धीरे हवा का रुख और बढ़ता गया। इस दौरान हवा से घरों की छत उड़ गई है।

गनीमत रही कि जब घरों की छत उड़ी थी तो लोग घरों की पहली मंजिल में थे, जिस कारण किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है। इस दौरान जाणा गांव के सुखराम, खेख राम, रोहित के घरों की छत उड़ गई जबकि रोहित कुमार के घर को भी काफी नुकसान हुआ है। वहीं खौफ के साए में जी रहे यह प्रभावित परिवार दूसरों के घरों में रहने को मजबूर हो गए हैं। जिला में बर्फ व बारिश होने को लेकर जहां किसान-बागवान और पर्यटन व्यापारियों में खुशी की लहर है, वहीं जिला में कई जगह जन-जीवन भी पूरी तरह अस्त व्यस्त है।

**फागली का मजा हुआ किरकिरा, खौफ के साये में जी रहे लोग**


उझी घाटी के जाणा गांव में तूफान से उड़ी घरों की छत

> **राजस्व** विभाग को इस बारे में सूचित किया गया था और मौके पर पहुंचकर विभाग की टीम ने नुकसान का आंकलन की रिपोर्ट तैयार की है और साथ ही बुधवार को प्रभावित परिवारों को फौरी राहत भी दी गई है जो काफी कम है। प्रशासन से अपील है कि इस राशि को बढ़ाया जाए।
> -रोशन लाल, उप-प्रधान जाणा पंचायत

### ये लोग हुए प्रभावित

- सुख राम पुत्र नाथू राम का घर की छत (नुकसान पांच लाख)।
- खेख राम पुत्र नूप राम छत (एक लाख)।
- बुद्ध राम पुत्र पैनु राम का छत ( 25 हजार)।
- रोहित कुमार पुत्र मोती राम गौशाला की छत ( 30 हजार)। -लीलाकर पुत्र कांशी राम गौशाला की छत ( 25 हजार)।
- भुवनेश्वर पुत्र गुमत राम गौशाला की दीवार ( 10 हजार)।
- स्वारू राम पुत्र झाबे राम घराट की छत ( 20 हजार)।
- मस्त राम पुत्र श्यामी छत ( 15000)।
- लाभ चंद पुत्र जीत राम सहित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र की छत को भी भारी नुकसान हुआ है, जिसका आंकलन किया जा रहा है।

# गांवों में चिकित्सा जांच शिविर करें आयोजित : डीसी


उपायुक्त बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र प्रबंधन को निर्देश दिए कि वे स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से जिले के दूरदराज गांवों में चिकित्सा जांच शिविर आयोजित करें। उन्होंने बताया कि जिले में 35 दिव्यांग जनों को 1,74,700 रुपए के उपकरण नि:शुल्क प्रदान किए गए। सहायता व उपकरणों के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाएगा।

आशा कार्यकर्ता व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का खंड स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का किया जाएगा। इसके उपरांत उपायुक्त ने एकीकृत पुनर्वास केंद्र महिला भुंतर की प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि भुंतर स्थित नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्र में 27 लाख 61 हजार की लागत से ओपीडी भवन का निर्माण किया जा रहा है।

बैठक का संचालन सहायक आयुक्त शशिपाल नेगी ने किया। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नागराज पवार,चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नरेश चंद, परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण जयवन्ति ठाकुर, जिला कल्याण अधिकारी गिरधारी लाल शर्मा, रेडक्रॉस समिति के सचिव विनोद मोदगिल व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## दो दिन बिजली रहेगी बंद

अनंत ज्ञान, कुल्लू

सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल जरी ने बिजली आपूर्ति संबंधित जानकारी देते हुए बताया की 11 केवी बरशैणी लाइन मुरम्मत और रख-रखाव के कारण रासकट, उचधार, टाहुक, कालगा, बरशैणी, तुलगा, पुलगा, शिल्हा, तोश में 22 से लेकर 23 फरवरी तक आसपास के सभी इलाकों में सुबह के 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

# अधिकारी संघ की बैठक चार मार्च को : एलआर गुलशन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू



हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन (गजेटेड क्लास वन) अधिकारी संघ की द्वितीय फैडरल हाऊस की बैठक 4 मार्च को प्रात: 11 बजे राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के सभागार में होगी।

इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन करेंगे। बैठक में अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी तथा उनके कारगर समाधान हेतु आगामी रणनीति तय की जाएगी।

इस महाधिवेशन में सुयोग्य निदेशक उच्च शिक्षा डॉ. अमरजीत शर्मा को बतौर मुख्यातिथि तथा गैर शिक्षक कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष त्रिलोक ठाकुर को बतौर विशेष अतिथि आमंत्रित किया जाएगा।

अधीक्षक ग्रेड वन (गजेटेड क्लास वन) अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन ने बताया कि बैठक में सरकार को दिए गए 12 सूत्री मांग-पत्र पर हुई प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

# जेसीसी, वेलफेयर एवं क्राइम रिव्यू की बैठक में हुआ समस्याओं का समाधान

अनंत ज्ञान, केलांग

जिला मुख्यालय केलांग स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिला लाहौल-स्पीति पुलिस की जेसीसी, वेलफेयर एवं क्राइम रिव्यू बैठक आयोजित हुई।

बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी (भा.पु.से.) जिला लाहौल-स्पीति के द्वारा की गई। बैठक में राजकुमार पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय, रोहित मृगपुरी उपमंडल पुलिस अधिकारी काजा, जिला निरीक्षक भूपेंद्र ठाकुर, थाना प्रभारी केलांग उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह, थाना प्रभारी उदयपुर उपनिरीक्षक मुकुल शर्मा, प्रभारी पुलिस थाना काजा उपनिरीक्षक चूंग राम एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।


बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी।

बैठक के दौरान जवानों के वेलफेयर से संबंधित मुद्दों पर संवाद व वेलफेयर से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। इसके उपरांत मासिक क्राइम रिव्यू बैठक से संबंधित विषय में पुलिस अधीक्षक द्वारा बैठक ली गई। क्राइम मीटिंग में सभी थाना प्रभारी एवं पुलिस चौकी प्रभारी पुलिस चेक पोस्ट प्रभारी इत्यादि को रेस्क्यू संबंधित, यातायात व्यवस्था, अपराध नियंत्रण इत्यादि विषय से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए।

# लाभार्थी योजना के लाभ के लिए करवाएं ई-केवाईसी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस रवीश ने जिले के सभी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थियों से कहा है कि वे ई-केवाईसी अवश्य करवा लें ताकि योजना का लाभ जारी रहे सके। उन्होंने किसानों से कहा कि ई-केवाईसी पटवारी के माध्यम व लोकमित्र केंद्र में करवा सकते हैं।

भारत सरकार द्वारा शीघ्र ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त जारी की जानी है। उससे पूर्व ई-केवाईसी अवश्य करवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने उन सभी पात्र किसानों से आग्रह किया है कि जिन्होंने अभी तक इस योजना का लाभ नहीं लिया है वे पंजीकरण करवा लें।

कुल्लू जिला के समस्त विकास खंडों में ग्रामसभा की विशेष बैठक का आयोजन किया जा रहा है। विकास खंड आनी, निरमंड व बंजार में समस्त ग्राम पंचायतों में 26 फरवरी को तथा नग्गर, कुल्लू व भुंतर विकास खंडों की समस्त ग्राम पंचायतों में 27 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा।

# लाहौल-स्पीति शीत लहर की चपेट में, चली बर्फीली हवाएं


लाहौल के तिबोग गांव में बर्फबारी के बाद का नजारा।

कमलेश वर्मा, केलांग

**बीआरओ की सड़क बहाली हुई प्रभावित, लाहौल में जन-जीवन अस्त व्यस्त**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति सहित कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों में बर्फबारी का दौर जारी है। हालांकि बुधवार सुबह मौसम साफ हुआ लेकिन शाम को फिर से बर्फबारी का क्रम शुरू हो गया। ताजा बर्फबारी से बीआरओ की सड़क बहाली का कार्य भी प्रभावित हुआ है और लाहौल में इससे जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

लाहौल घाटी के तिन्दी, मायड़ घाटी, त्रिलोकीनाथ, थिरोट, जाहलमा, तांदी, योचे, जिस्पा, छिका, रारिक, गोंदला, कोकसर, सिस्सू, गोंदला, प्यूकर सहित जिला मुख्यालय केलंग में भारी बर्फबारी हो रही है। उधर, उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि भारी बर्फवारी से हिमस्खलन का भी खतरा बढ़ा है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि घरों से बाहर न निकलें और सतर्क रहें। इसके साथ स्थानियों लोगों को बर्फबारी के काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

> सुबह के समय पर्यटकों ने खिली धूप में बर्फ का आनंद लिया जबकि शाम को बर्फ के फाहों ने सैलानियों का स्वागत किया।
> - केडी शर्मा, डीएसपी मनाली।

### अटल टनल से मनाली तक बिछी बर्फ

पर्यटन नगरी मनाली एक अढ़ाई सप्ताह बाद बर्फ के फाहों से सराबोर हुई है। हालांकि मनाली में दो इंच ही बर्फवारी हुई लेकिन आसपास के क्षेत्रों में बर्फ की मोटी चादर बिछ गई है। पर्यटन स्थल सोलंगनाला, फातरु, अंजनी महादेव, कोठी, गुलाबा व हामटा में पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर बर्फबारी हुई है। सोलंग व कोठी में अढ़ाई फीट से अधिक बर्फबारी हुआ है। अटल टनल में साढ़े चार फीट से ऊंची बर्फ की मोटी परत बिछ गई है। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष पहाड़ों पर हो रहे बर्फबारी से पर्यटक को संजीवनी मिली है।

**परेशानी** क्षेत्रीय अस्पताल में हजारों की संख्या में आए मरीज ओपीडी के आगे चिकित्सकों का करते रहे इंतजार

# क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में कलम छोड़ हड़ताल से मरीज परेशान

सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू

**मरीज बोले-चिकित्सकों की मांगों को सरकार जल्द करे पूरा**

कलम छोड़ हड़ताल से क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में आए मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हड़ताल के दूसरे दिन भी क्षेत्रीय अस्पताल में हजारों की संख्या में आए मरीज विभिन्न रोगों से संबंधित ओपीडी के आगे चिकित्सकों का इंतजार करते रहे।

इस दौरान कुछ ऐसे भी मरीज अस्पताल में पहुंचे थे जिन्हें इस कलम छोड़ हड़ताल के बारे में कोई भी जानकारी नहीं थी ऐसे में वो भी हताश होकर इधर-उधर भटकते नजर आए। जनरल ओपीडी, मेडिसिन ओपीडी, ऑर्थो ओपीडी, ईएनटी, आई ओपीडी, गायनी ओपीडी सहित अन्य सभी ओपीडी के बाहर दर्जनों मरीज एवं मरीजों के सहयोगी चिकित्सकों की राह तकते रहे। बहरहाल क्षेत्रीय अस्पताल में सभी चिकित्सकों ने एक स्वर में अपनी कलम छोड़ हड़ताल को जारी रखते हुए सरकार को चिकित्सकों की मांगों को जल्द से जल्द मानने का आह्वान किया है। (अनंत ज्ञान)



ओपीडी के आगे खड़े होकर डॉक्टर का इंतजार करते हुए मरीज।

### गरीबों के लिए डॉक्टर ही भगवान



**दीवान** चंद, निवासी बंजार ने बताया कि हार्ट का मरीज हूं और आज ही बंजार से आया था इलाज के लिए मुझे मेडिसिन वाले डॉक्टर से चेकअप करवाना था, मगर अब सुबह से लेकर बैठे हैं। सरकार को डॉक्टरों की मांगें तो माननी चाहिए, गरीबों के लिए डॉक्टर ही तो भगवान है ऐसे हड़ताल चलता रहा तो कैसे चलेगा।

### डॉक्टरों की मांगें माननी चाहिए



रजत ठाकुर निवासी मनाली ने बताया कि मां को लेकर आया हूं, मेडिसिन वाले डॉक्टर को दिखाना था, मगर अब सुबह से परेशान है ओर हड़ताल के बारे में भी कुछ पता नही था। सरकार को डॉक्टरों की जो भी मांगे हैं उन्हें माननी चाहिए।

### हड़ताल से होगी सबको परेशानी



नूप राम, निवासी पिरडी ने बताया कि आंखों में प्रॉब्लम हो रहा है और डॉक्टर को दिखाने ले लिए सुबह से ही आया था। डॉक्टरों की मांगें तो नही पता मगर जो भी है उस पर सरकार को जरूर सोचना चाहिए, अब हड़ताल चलेगी तो सबको परेशानी होगी।

### मांगों पर सरकार को जरूर सोचना चाहिए



**केशवंत** और चमेली, निवासी बंजार ने बताया कि सुबह से अस्पताल पहुंचे हैं, अब हमारे बच्चे का छाती जाम हुई है और ऐसे में अभी तक डॉक्टर भी नहीं आए हैं, हड़ताल न होती तो हम अब तक चेकअप करवा चुके होते। डॉक्टरों की मांग के बारे में हमें कोई जानकारी नहीं है मगर सरकार को जरूर सोचना है।

### जनता को हो रही परेशानी



**प्रेम** सिंह, निवासी मौहल ने बताया कि स्ट्राइक के बारे में पता ही नही चला और सुबह से पिता जी को लेकर आया था स्किन स्पेशलिस्ट को दिखाने मगर कोई फायदा नहीं हुआ। सरकार को उनकी मांगों को मान लेना चाहिए क्योंकि परेशानी तो गरीब जनता को ही हो रही है।

### दो घंटे तक नहीं मिला स्पेशलस्टि



बजीर चंद, निवासी लगवैली ने बताया कि वह लगवैली से आए हैं और स्किन स्पेशलिस्ट से मिलना था मगर अब दो घंटे हो गए डॉक्टर का इंतजार करते हुए। मेरे हिसाब से तो सरकार को डॉक्टरों की मांगें मान लेनी चाहिए, अस्पताल में अब सब परेशान हैं सरकार को इतना तो ध्यान रखना चाहिए।

### डॉक्टरों के बारे में भी सोचना चाहिए



**टारजन** और ममता, निवासी मणिकर्ण ने बताया कि हमारा बच्चा बीमार है और इसका छाती जाम हुआ है सोचा था डॉक्टर को दिखाएंगे मगर यहां आने पर पता चला कि अभी तक डॉक्टर आए नहीं हैं। हम तो सुबह से परेशान हैं। डॉक्टरों की मांगें क्या हैं हमें नहीं पता पर सरकार को डॉक्टरों के बारे में भी सोचना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### सीबीएसई 10वीं की वार्षिक परीक्षाएं शुरू

**हमीरपुर।** सीबीएसई की 10वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रधानाचार्य व परीक्षा जिला समन्वयक विश्वास शर्मा की देख-रेख में जिले के आठ केंद्रों में सीबीएसई की 10वीं बोर्ड की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की गई। बुधवार को हिंदी का पेपर देने आए स्टूडेंट्स में काफी उत्साह देखने को मिला। हमीरपुर में सीबीएसई की परीक्षा इन केंद्रों डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, टीआर डीएवी कांगू, हमीरपुर पब्लिक स्कूल हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय, हमीरपुर, केंद्रीय विद्यालय नादौन, सेवन स्टार सीनियर सेकेंडरी स्कूल बनी, ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल जाहू तथा जेएनवी डूंगरी में सुबह के 10.30 बजे से दोपहर के 1.30 बजे तक आयोजित की गई। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी मे संपन्न करवाई गई।



परीक्षा देने जा रहे स्टूडेंट्स की चेकिंग करते अध्यापक।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में रिया व आर्यन अव्वल

**भोरंज।** नेहरू युवा केंद्र हमीरपुर, युवक मंडल बधानी द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत भोरंज व बमसन ब्लॉक के बधानी में सेमिनार व पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बधानी के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा रहे। पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में टौणी देवी ब्लॉक से रिया प्रथम, वंदिता द्वितीय व आदिती तृतीय शर्मा रही। वहीं भोरंज ब्लॉक से आर्यन प्रथम, अपूर्वा द्वितीय व जाह्नवी तृतीय रहे। युवक मंडल बधानी के प्रधान राज कुमार व प्रधानाचार्य अनिल डोगरा ने विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। युवक मंडल बधानी के प्रधान सहित सदस्य मोहित शर्मा, कोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, सदस्य सोनिया, प्रतिभा, सौरभ कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



विजेता स्टूडेंट्स प्रधानाचार्य व अन्य के साथ।

### निगरानी टीमों के प्रभारियों को दिए निर्देश



बचत भवन में निगरानी टीमों को जानकारी देते चुनाव तहसीलदार उपेंद्र नाथ शुक्ला।

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान जिला हमीरपुर में आदर्श आचार संहिता की अनुपालना सुनिश्चित करने तथा इस संबंध में निगरानी के लिए तैनात की जाने वाली विभिन्न टीमों के प्रभारियों के लिए बुधवार को यहां बचत भवन में एक कार्यशाला आयोजित की गई। एडीसी मनेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के दौरान जिला हमीरपुर में भी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में वीडियो सर्विलांस टीम, वीडियो व्यूइंग टीम, उड़न दस्ते, अकाउंटिंग टीम, व्यय निगरानी टीम और अन्य टीमें तैनात की जाएगी। इस अवसर पर एएसपी राजेश कुमार और निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला ने भी अधिकारियों को दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया।

### महिला मोर्चा हर बूथ पर करेगा चर्चा : अर्चना

**टौणीदेवी।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय हमीरपुर में जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रही। अर्चना चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा ने महिलाओं को बहुत मान-सम्मान दिया है व प्रदेश महिला मोर्चा की तरफ से आगामी कार्यक्रमों के बारे में जो कार्य जिला भाजपा महिला मोर्चा को मिले हैं उन्हें वह पूरी निष्ठा व एकजुटता से पूरा करेंगी। वंदना योगी ने कहा कि प्रदेश महिला मोर्चा की तरफ से हर बूथ पर महिलाओं से छोटे-छोटे ग्रुपों में संगोष्ठी करें, चाय पर चर्चा करें आदि कई कार्यक्रम मिले हैं, उन्हें बखूबी निभाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिलाओं का बहुत मान-सम्मान बढ़ाया है इसीलिए सभी बहनें अपनी शक्ति को पहचानें तथा आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए अपने-अपने बूथों पर डट जाए और केंद्र सरकार की उपलब्धियां को घर-घर तक पहुंचाएं।



अर्चना चौहान के साथ वंदना योगी व अन्य महिलाएं।

### नुक्कड़ नाटक से स्टूडेंट्स को दिए रोड सेफ्टी के टिप्स

**बिझड़ी।** महाविद्यालय बड़सर में नुक्कड़ नाटक के दौरान स्टूडेंट्स को संदेश दिया कि बिना हेल्मेट शराब पीकर गाड़ी का प्रयोग नहीं करना चाहिए, जिससे हमारी जान जा सकती है। इस अवसर पर कॉलेज प्रिंसिपल ने स्टूडेंट्स को नुक्कड़ नाटक करने के उपरांत बताया कि आए दिन सड़क दुर्घटना लोगों के लिए बहुत बड़ी समस्या बन गई है इसके लिए हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सड़क पर कम दुर्घटनाएं हों। उन्होंने बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेल्मेट का प्रयोग स्टूडेंट्स जरूर करें। उन्होंने बताया कि जो नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जो हमें यातायात के नियमों के बारे में संदेश दिया गया है उसे हमें अपने जीवन में आवश्यक उतरना चाहिए ताकि हम सड़क पर सुरक्षित रह सकें।




नुक्कड़ नाटक करने वाली टीम प्रिंसिपल के साथ।

### बरोली मंदिर में मृत मिला अज्ञात साधु

**बिझड़ी।** बड़सर थाना के अंतर्गत बरोली मंदिर में बुधवार को एक अज्ञात व्यक्ति (साधु बाबा) मृत अवस्था में मिला है, जिसकी अभी तक पहचान नहीं हुई है। साधु की लाश को पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल हमीरपुर भेजा गया है। स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। बड़सर थाना प्रभारी ने मामले की पुष्टि की है।

# प्रधानाचार्य ने स्टूडेंट्स के साथ बोली अभद्र भाषा, भड़के अभिभावक

## कठियाणा स्कूल में प्रधानाचार्य के खिलाफ की नारेबाजी, अभिभावकों ने प्रधानाचार्य को निलंबित करने की उठाई सरकार से मांग

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

बड़सर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कठियाणा में स्कूल के प्रधानाचार्य का मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। प्रधानाचार्य द्वारा की जा रही अभद्र भाषा के उपयोग से कई स्टूडेंट्स स्कूल छोड़ चुके हैं, लेकिन उसके बाद भी यह मामला थम नहीं रहा है।

इससे पहले भी स्कूल में अभद्र भाषा का उपयोग कर चुके प्रधानाचार्य को पुलिस थाना में जाकर माफी मांगनी पड़ी थी, लेकिन उसके बाद भी प्रधानाचार्य अपनी व्यवहार को नहीं सुधार रहा। हालांकि इससे पहले भी प्रधानाचार्य को हटाने के लिए पहले भी उच्च शिक्षा उपनिदेशक से लोग मिल चुके हैं फिर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। दो दिन पहले के ताजा मामले में प्रधानाचार्य द्वारा दसवीं कक्षा के स्टूडेंट्स के साथ अभद्र भाषा का उपयोग किया गया जिसके चलते अभिभावकों ने बुधवार को स्कूल में प्रधानाचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों ने इसकी सूचना उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल को दी थी, वह मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत करवाया। उन्होंने अभिभावकों को प्रधानाचार्य के खिलाफ उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

छात्रा ने बताया कि प्रधानाचार्य ने दो दिन पहले उनके साथ अभद्र भाषा का उपयोग किया है और उन्हें फेल करने की धमकी भी दी थी। छात्रा की मां ने बताया कि दो दिन पहले उनकी बेटी ने घर में प्रधानाचार्य द्वारा की गई अभद्र भाषा के उपयोग के बारे में बताया। बेटी डरी और सहमी थी, जिसके चलते वह स्कूल में पहुंचे, लेकिन प्रधानाचार्य स्कूल में उपस्थित था। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द इस प्रधानाचार्य को निलंबित किया जाए। (अनंत ज्ञान)



कठियाणा स्कूल में प्रधानाचार्य के खिलाफ नारेबाजी करते अभिभावक।

### शिक्षकों से भी इसी लहजे में करते हैं बात

**अध्यापक** अशोक कुमार और मोनिका पठानिया ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा स्टूडेंट्स के साथ अभद्र भाषा का उपयोग किया गया है। यही नहीं शिक्षकों के साथ भी प्रधानाचार्य इसी लहजे में पेश आता है जिसकी शिकायत ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को की गई है तथा शिक्षा उपनिदेशक को भी ई-मेल के माध्यम से सूचना दे दी गई है।

### कई स्टूडेंट्स ने छोड़ा स्कूल

**बीडीसी** गुरुदेव सिंह ने बताया कि इससे पहले भी प्रधानाचार्य स्कूल में कई बार बदतमीजी कर चुका है जिसके चलते कई स्टूडेंट्स ने स्कूल को छोड़ दिया है। मौजूदा समय में स्कूल में केवल 70 स्टूडेंट्स ही शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, लेकिन प्रधानाचार्य की वजह से लोग आए दिन अपने बच्चों को दूसरी जगह दाखिल करवा रहे हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द प्रधानाचार्य का तबादला किया जाए या उन्हें निलंबित किया जाए।

**लोगों** की शिकायत के आधार पर कठियाणा स्कूल में पहुंचे हैं और इस मामले की जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि जल्दी ही प्रधानाचार्य के खिलाफ शिक्षा विभाग द्वारा उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, वहीं प्रधानाचार्य स्कूल में अनुपस्थित रहने के सवाल पर शिक्षा उपनिदेशक ने कहा कि प्रधानाचार्य ने ऑनलाइन के माध्यम से पिछले कल लीव भेजी है। **-अनिल कौशल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा**

# डॉक्टरों के समर्थन में उतरी भरेड़ी की जनता



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी में डॉक्टरों की हड़ताल का समर्थन करते लोग।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

डॉक्टरों की अढ़ाई घंटे की हड़ताल दूसरे दिन में प्रवेश कर गई है, वहीं दूसरे दिन भी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी में डाक्टरों की हड़ताल जारी रही। इस दौरान प्राथमिक अस्पताल भरेड़ी में उपचार करवाने आए मरीज और उनके साथ आए तीमारदार भी डाक्टरों के समर्थन में आगे आए। इस दौरान मरीजों और तीमारदारों ने कहा कि सरकार को डाक्टरों की मांगे माननी चाहिए। इनकी यह जायज मांगें हैं, सरकार इन मांगों को जल्द पूरा करे, ताकि मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भरेड़ी के परिसर में पेन डाउन हड़ताल कर रहे डॉक्टरों के साथ भरेड़ी क्षेत्र की जनता भी दिखी, जो यहां पर उपचार करनी आई थी। बाकायदा इस दौरान डाक्टरों ने भी मरीजों और तीमारदारों से समर्थन मांगा। लोगों ने पूरी तरह से डाक्टरों का समर्थन किया और सरकार से मांगें पूरी करने की मांग की है।

भरेड़ी अस्पताल के डॉ. वेंकटेश्वर ने कहा कि एनपीए बहाल को लेकर अढ़ाई घंटे प्राथमिक अस्पताल भरेड़ी में आज दूसरे दिन भी डाक्टरों की स्ट्राइक रही। जब तक सरकार मांगों को नहीं मानती है, तब तक अढ़ाई घंटे की पेनडाउन हड़ताल जारी रहेगी।

### डॉक्टरों ने पांच को सामूहिक अवकाश पर जाने का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन (एचएमओए) की पेन डाउन हड़ताल बुधवार को दूसरे दिन में प्रवेश कर गई, लेकिन संगठन ने फैसला लिया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानीं तो डॉक्टर्स आगामी पांच मार्च को एक दिन के सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे।

उधर, मेडिकल कॉलेज में कार्यरत रेजिडेंट डॉक्टर ने फिलहाल पेन डाउन हड़ताल से किनारा कर लिया है। संगठन की ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक भी इस मामले को लेकर नहीं हुई है, हालांकि रेजिडेंट डॉक्टर्स काले बिल्ले लगाकर मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का दावा तो लगातार किए हुए हैं।

पेन डाउन हड़ताल के दूसरे दिन भी रेजिडेंट डॉक्टर्स भी बैठक करके कोई अंतिम फैसला लेने की स्थिति में नहीं दिखे। कारण यह है कि विंटर वेकेशन की वजह से लगभग आधे डॉक्टर्स तो छुट्टी पर हैं और स्टूडेंट्स के एग्जाम भी चल रहे हैं। शायद संगठन इसी को लेकर फिलहाल निर्णायक फैसला नहीं ले रही है। मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिला महासचिव डॉक्टर विकास ठाकुर का कहना है कि पेन डाउन हड़ताल लगातार जारी है। दूसरे दिन भी 100 फीसदी डॉक्टर्स इसमें शामिल हुए। उनका कहना है कि सरकार को पांच मार्च के एक दिन के आकस्मिक अवकाश पर जाने की प्रक्रिया को लेकर पत्र लिख दिया गया है।



काले बिल्ले लगाकर संघर्ष कर रहे डॉक्टर्स।

**पेन** डाउन हड़ताल को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं लिया गया है। अभी ज्वाइंट एक्शन कमेटी की बैठक नहीं हुई है। आधे डॉक्टर तो वैसे ही छुट्टी पर हैं और एमबीबीएस के स्टूडेंट्स के एग्जाम चल रहे हैं। फिलहाल काले बिल्ले लगाकर वे संघर्ष में शामिल रहेंगे। **-राजीत कुमार, जिलाध्यक्ष रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन**

### सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 27 फरवरी को

**सुजानपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 27 फरवरी को उपरोजगार कार्यालय सुजानपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 21 वर्ष से 37 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। उम्मीदवार कम से कम दसवीं पास होना चाहिए।

### करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी में दी जा रही यूपीएससी परीक्षा की निशुल्क कोचिंग

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के भाषा और सामाजिक विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. प्रियंका कौशल ने बताया कि विभाग द्वारा स्टूडेंट्स को सिविल सेवा परीक्षा व विभिन्न सरकारी परीक्षाओं की कोचिंग की तैयारी करवाई जा रही है। करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के भाषा और सामाजिक विज्ञान विभाग स्टूडेंट्स के लिए सिविल सेवा परीक्षा या यूपीएससी की मुफ्त कोचिंक की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है। यूपीएससी व सरकारी परीक्षाओं को पास करना हर किसी का सपना होता है।

### फाहल में आसमानी बिजली गिरने से दो मवेशी मरे

**गलोड़।** फाहल पंचायत के सोम दत्त पुत्र टेहरू राम पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गरीब परिवार से संबंध रखने वाले सोम दत्त की पशुशाला पर आसमानी बिजली गिरे से दो खच्चरों की मौत हो गई। प्रधान सरिता देवी ने बताया कि गत रात्रि भारी बारिश ओलावृष्टि के साथ आसमानी गिरने से सोम दत्त की दो खच्चरें मर गई हैं। प्रधान ने इसकी सूचना पटवारी व पुलिस चौकी गलोड़ को कर दी है। चौकी प्रभारी विनय कुमार अत्री ने बताया कि मौके पर दो खच्चरों को मृतावस्था में पाया है। पुलिस जांच कर रही है, वहीं पशु चिकित्सक को भी मौके पर बुलाया गया है।



### खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दुकानों का निरीक्षण कर भरे सैंपल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

तमिलनाडु में कॉटन कैंडी की बिक्री पर प्रतिबंध लगने के बाद हिमाचल में भी अब इसके सैंपल भरने का क्रम तेज हो गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने हमीरपुर जिला के कांगू से दो सैंपल भरे जिन्हें जांच के लिए विभाग की कंडाघाट लैब को भेजा दिया गया है।

विभाग की टीम ने सैंपल भरकर अब उसे जांच के लिए भेजा जाएगा। माना यह जा रहा है कि यदि हिमाचल में भी इस तरह के सैंपल फेल पाए जाते हैं तो यहां भी इस पर प्रतिबंध लगा सकता है, हालांकि अभी तक कोई भी सैंपल यहां फेल नहीं पाया गया है। अब लैब रिपोर्ट में इस कॉटन कैंडी में मौजूद रंग का पता चलेगा, उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त अनिल शर्मा का कहना है कि विभाग की टीम ने हमीरपुर जिला के कांगू से दो सैंपल भरे हैं, जिन्हें जांच के लिए लैब को भेज दिया गया है।



### भरेड़ी बाजार में बंदरों का आतंक, दुकानदार सहमे

**भरेड़ी।** भरेड़ी बाजार में बंदरों के बढ़ते आतंक से दुकानदार व स्कूली बच्चे परेशान हो गए हैं। बंदरों की टोली दुकानों व घरों में नुकसान पहुंचा रहे हैं। भरेड़ी बाजार के साथ लगते अंबी गांव में आसपास कई दिनों से करीब 20 बंदरों को समूह रह रहा है, जो कि घरों तक पहुंच गए हैं। बुधवार को बंदरों ने भरेड़ी बाजार में दुकानदारों को नुक्सान पहुंचाया है। दुकानदार हुक्म चंद, निर्मल कुमार, यशवंत सिंह व अन्य का कहना है कि दुकानों के बाहर सामान रखना मुश्किल हो गया है। अंबी निवासी प्रकाश चंद, संजय कुमार, सुभाष चंद, निक्कू राम व अन्य का कहना है कि बंदरों के आतंक से बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घर के बाहर व अंदर पहुंच कर काफी नुकसान पहुंचा रहे हैं। उन्होंने अग्घार वन परिक्षेत्र अधिकारी से मांग की है कि बंदरों के आतंक से छुटकारा दिलाया जाए।



### हमीरपुर में एग्जीक्यूटिव और ऑपरेटर के साक्षात्कार 27 को

**हमीरपुर।** जिला ऊना के पंडोगा में स्थित इयान मैकलोड डिस्टिलर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में एग्जीक्यूटिव के चार और ऑपरेटर के पांच पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए 27 फरवरी को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि एग्जीक्यूटिव के पदों के लिए अल्कोहल टेक्नोलॉजी में स्नातक या स्नातकोत्तर होना चाहिए तथा उसके पास पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

# आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा को अपग्रेड करने की उठाई मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा क्षेत्र के कस्बा बड़ा के क्षेत्र वासियों ने आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बड़ा को अपग्रेड करने की मांग को लेकर वर्तमान समय मे काफी लामबंद हो गए है।

उक्त क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी नादौन विधानसभा क्षेत्र की सबसे प्राचीनतम डिस्पेंसरी है। इसे खुले हुए पांच दशक से भी ऊपर समय हो चुका है। प्रतिदिन इस डिस्पेंसरी में लगभग 100 के लगभग ओपीडी होती है। कस्बा बड़ा के साथ लगती लगभग पांच से अधिक पंचायतों के लोग इस डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य उपचार के लिए आते हैं।

**उपमंडल नादौन में वर्तमान समय में कोई भी नहीं है 10 बिस्तर की आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी**

लोगों में यह भी रोष है कि पंचायत चोड़ू में प्रदेश सरकार ने लोगों के स्वास्थ्य उपचार के लिए पीएचसी तो खोल दिया है, लेकिन वहां चिकित्सक न होने के कारण पूर्ण रूप से यह स्वास्थ्य उपचार के नाम पर सफेद हाथी साबित हो रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि कस्बा बड़ा की इस आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी को अपग्रेड करने की उन्होंने कई बार राजनेताओं से मांग की एवं इसे 10 बिस्तर का अपग्रेड करने का भी आग्रह किया, ताकि कस्बा बड़ा एवं इसके साथ लगते क्षेत्रो को रात्रि स्वास्थ्य उपचार के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े। उनकी इस मांग को आज दिन तक पूरा नहीं किया गया। वहीं लोगों ने मुख्यमंत्री सुक्खू से इस मांग को अतिशीघ्र पूरा करने का विशेष आग्रह किया है। (अनंत ज्ञान)



क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति।

### चंडीगढ़ में सैर को निकले मझियार के युवक की सड़क हादसे में मौत

**नादौन।** मझियार गांव के चौधरी चंदू लाल पूर्व वाइस चेयरमैन जिला परिषद हमीरपुर के 19 वर्षीय पौत्र विकेश सिंह का बीती शाम चंडीगढ़ में सड़क हादसे में निधन हो गया है। जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। विकेश चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में कंप्यूटर साइंस में बीटेक कर रहा था। वह शाम को अपने दोस्त के साथ सैर कर रहा था कि अचानक एक वाहन ने उसे कुचल दिया। विकेश के निधन पर मुख्यमंत्री सुक्खू, पूर्व सीएम प्रो. प्रेम कुमार धूमल, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोकाकुल परिजनों के प्रति भावपूर्ण संवेदनाएं प्रकट करते हुए भगवान से प्रार्थना की है कि उन्हें इस सदमें को सहन करने की क्षमता प्रदान करें।



# भरमोटी में एक और चोरी की वारदात, दहशत

**शशि सोनल, नादौन**

नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत भरमोटी पंचायत में एक और घर में चोरी होने का मामला सामने आया है। चोर घर के मुख्य द्वार का कुंडा तोड़ कर मकान में घुसे और करीब पांच लाख के जेबर आदि चोरी करके फरार हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार गगाल कुठार गांव के हंस राज पुत्र जय चंद रिटायर्ड बैंक मैनेजर हैं। वह परिवार सहित अपने बेटे व बहु के पास चंडीगढ़ गए हुए थे। कुछ दिनों बाद जब मंगलवार शाम को वापस घर लौटे तो देखकर दंग रह गए घर के दरवाजे का कुंडा टूटा था, कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। सोने के गहने व करीब तीन किलो चांदी सहित अन्य कुछ सामान गायब था। हंस राज ने इस बारे पंचायत प्रधान व पुलिस को शिकायत कर दी है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

उधर, भरमोटी के ही कपिल बस्सी के घर हुई चोरी के मामले में अभी तक पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला है। एक ही पंचायत में हुई दोनों चोरी की घटनाओं की जांच में जुटी है।

काबिलेगौर है कि दोनों चोरियां एक जैसी ही हैं यानि उस समय चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है जब घर में कोई नहीं था। जिससे प्रतीत होता है कि चोर भेदी ही हो सकते हैं। जिन्हें पता था कि चोरी वाली रात इन घरों में कोई नहीं है।चोरी की इन घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का महौल है। भरमोटी खुर्द पंचायत में हुई चोरी की दो वारदातों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक पदम चंद चौहान ने बुधवार कपिल बस्सी व हंस राज के घर का निरीक्षण किया तथा पुलिस अधिकारियों से पूरी जानकारी ली।

इस मौके पर उनके साथ डीएसपी नितिन चौहान व एसएचओ बाबू राम शर्मा के अतिरिक्त अन्य पुलिस अधिकारी व जवान उपस्थित थे। इस मौके पर भरमोटी खुर्द पंचायत के पूर्व प्रधान प्रियतोश निशु जाट ने भी पंचायत में बढ़ती हुई चोरियों के बारे में पुलिस अधीक्षक को अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)



भरमोटी खुर्द में एसपी पदम चंद चौहान चोरी की घटना की जानकारी लेते हुए।

**अव्यवस्था** अस्पताल में जगह की कमी से नहीं हो पा रही विशेषज्ञों की नियुक्ति

# जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में विशेषज्ञों की कमी

**अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव**

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल हमीरपुर की हालत ऐसी है कि आसमान से गिरे और खजूर पर अटके, आयुर्वेदिक अस्पताल में बनाए गए नए भवन का मामला भी कुछ ऐसा ही है।

आयुर्वेदिक अस्पताल में जगह की कमी के कारण विशेषज्ञों की नियुक्ति नहीं हो पा रही थी, जब जगह की कमी पूरी हुई तो कोरोना वायरस आ गया। कोरोना वायरस के समय आयुर्वेदिक अस्पताल में बनाए गए नए भवन को जिला कोविड अस्पताल बना दिया। जहां पर कोरोना के मरीजों का इलाज किया गया और जब मरीज कम हुए तो मेडिकल कॉलेज में कोविड सेंटर बना दिया।

लगभग अढ़ाई साल से यह नया भवन मेडिकल कालेज के पास था, जिसमें कोरोना के समय प्रयोग किया गया सामान रखा था। अब जिला आयुर्वेदिक प्रबंधन के बार-बार आग्रह करने के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने आयुर्वेदिक अस्पताल के नए भवन से अपना सामान उठा लिया है, अब इस भवन को हैंड ओवर करना बाकी है। जिला आयुर्वेदिक विभाग को यह भवन मिल जाएगा, लेकिन उद्घाटन न होने की वजह से मरीजों को पंचकर्मा, क्षारसूत्र और अन्य विशेषज्ञों की सेवाएं लेने के लिए काफी इंतजार करना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)



जिला आयुर्वेदिक अस्पताल का नया भवन जिसका उद्घाटन करने के बाद मरीजों को मिलेगी सेवाएं।

### 19 डॉक्टर जगह की कमी के कारण आयुर्वेदिक केंद्रों में दे रहे सेवाएं

**वर्तमान** में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में छह डॉक्टर अपनी सेवाएं दे हैं, जबकि यहां पर ईएनटी, गायनी, सर्जरी, आंखों के विशेषज्ञ, बाल रोग व पंचकर्म के दो विशेषज्ञों सहित 19 डॉक्टर आयुर्वेदिक केंद्रों में अपनी सेवाएं रहे हैं। अस्पताल में विशेषज्ञ न होने से ओपीडी में मरीजों की संख्या कम हो गई है। यदि इन विशेषज्ञों की यहां पर नियुक्ति हो जाती है तो यहां पर 500 से अधिक ओपीडी हो सकती हैं, जबकि अभी 100 से 150 मरीज ही अपना इलाज करवाने के लिए आ रहे हैं। इसके अलावा 30 अतिरिक्त बेड लगने से मरीजों को और बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**अभी** तक मेडिकल कॉलेज ने भवन को उनके हैंडओवर नहीं किया है। उन्होंने बताया कि इस भवन का उद्घाटन करने के बाद ही यहां पर सेवाएं शुरू की जाएंगी। **-डॉ. दिलीप सिंह, स्वास्थ्य अधीक्षक, जिला आयुर्वेदिक अस्पताल**

### बिलासपुर से आरंभ हुई दिव्यांगजन को आधुनिक कृत्रिम अंग निशुल्क देने की पहल', अनुराग का संसदीय क्षेत्र को सुगम्य बनाने के लिए बड़ा कदम

# कृत्रिम पैर लगने के बाद चल सकता है दिव्यांग व्यक्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बुधवार को अपर निहाल बिलासपुर में स्थित ऑडिटोरियम बिल्डिंग मे केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर अनुराग सिंह ठाकुर के सहयोग से क्षेत्र के 24 दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग लगाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया।

अनुराग अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सभी दिव्यांगजन, जिनके हाथ या पैर नहीं हैं, उनको कृत्रिम अंग निशुल्क लगवाने का सहयोग दे रहे हैं। इस अवसर पर आईपीएल चेयरमैन अरुण सिंह धूमल उपस्थित रहे और सभी दिव्यांगजन की हिम्मत बढ़ाते हुए निशुल्क कृत्रिम अंग शिविर का ज्योति प्रज्वलन से शुभारंभ किया। इस आयोजन में अपने संबोधन में अरुण धूमल ने कहा कि कृत्रिम पैर लगने के बाद, दिव्यांग व्यक्ति चल सकता है, दौड़ सकता है, साइकिल चला सकता है, सीढ़ियां चढ़ सकता है व नृत्य भी कर सकता है और निशुल्क शिविर के माध्यम से लगाए जा रहे कृत्रिम हाथ की मदद से व्यक्ति भोजन बना सकता है, वाहन चला सकता है व समान भी उठा सकता है।



अनुराग सिंह ठाकुर के सहयोग से क्षेत्र के 24 दिव्यांग व्यक्तियों को कृत्रिम अंग लगाने के लिए शिविर में मौजूद लोग।

## लाभार्थियों को आत्मनिर्भरता के लिए किया प्रेरित

बुधवार को शिविर में बिलासपुर और हमीरपुर के दिव्यांगजन जिन्हें कृत्रिम हाथ या पैर की आवश्यकता है, उनकी जांच हुई और शैलेश सक्सेना की अध्यक्षता में जीवन आशा अस्पताल एवं पुनर्वास केंद्र, गाजियाबाद की टीम ने सभी जरूरतमंदों के माप लिए। प्रत्येक व्यक्ति की जरूरत और माप के अनुसार दस दिन के भीतर कृत्रिम अंग तैयार कर फिट कर दिए जाएंगे। अरुण धूमल ने लाभार्थियों को बधाई देते हुए सम्मानित आत्मनिर्भर जीवन के लिए प्रेरित किया। धूमल ने कहा, अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन में सुलभ और समावेशी समाज का निर्माण करने के लिए हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद दिव्यांग को कृत्रिम अंग निशुल्क लगाए जाएंगे। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, समाज के हर तबके को सशक्त जीवन का सामर्थ्य देने का संकल्प ले कर यह प्रयास किए जा रहे हैं।


# कोटधार नलवाड़ मेले को लेकर तैयारी शुरू : अमरनाथ धीमान


बैठक में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कलोल पंचायत के प्राचीन शिव मंदिर दयोलग में लगने वाले तीन दिवसीय कोटधार नलवाड़ मेले को लेकर जनता की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बाबत कोटधार नलवाड़ मेला समिति की बैठक समिति के प्रधान कैप्टन ज्ञान चंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

कोटधार नलवाड़ मेला समिति के महासचिव अमरनाथ धीमान ने बताया कि इस बैठक में मेले की रूपरेखा के बारे में विचार-विमर्श किया गया तथा मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा निर्णय लिया गया कि सभी लोगों के सहयोग से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मेले के मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा विशाल अखाड़े का आयोजन होगा, जिसके लिए समिति के पदाधिकारी अपने-अपने कर्तव्यों का कर्तव्य निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।


एसडीएम सदर नलवाड़ी मेले के आयोजन के लिए लुहणू मैदान का दौरा करते हुए।

## एसडीएम सदर ने मेला ग्राउंड का किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** एसडीएम बिलासपुर सदर अभिषेक कुमार गर्ग ने नलवाड़ी मेले के आयोजन के लिए लुहणू मैदान का दौरा किया। उन्होंने मेले के दौरान स्थापित किए जाने वाले स्टॉल के निर्माण के संबंध में भी जायजा लिया। कुश्तियों के आयोजन के लिए भी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंनें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन व मंच निर्माण के लिए स्थल का भी निरीक्षण किया। जिला खेल अधिकारी रवि शंकर तहसीलदार आशीष व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चरखा, सिक्के, मूर्तियों के इतिहास से करवाया परिचित

### बिलासपुर की संरक्षित प्राचीन धरोहरों से रू-ब-रू हुए सरस्वती विद्या मंदिर के स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर मेन मार्केट स्थित सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों ने भाषा एवं कला संस्कृति विभाग के म्यूजियम का भ्रमण किया।

इस दौरान बच्चों को संग्रहालय में रखी हुई बिलासपुर जिले की प्राचीन वस्तुओं जैसे चरखा, सिक्के, मूर्तियों आदि के इतिहास से परिचित करवाया गया। बच्चों ने संग्रहालय में रखी हुई विभिन्न प्राचीन वस्तुओं की जानकारी ली। बच्चों के लिए गाइड का कार्य सेवानिवृत्त शिक्षा अधिकारी सुशील पुंडीर और जिला भाषा अधिकारी रेवती ने किया।

बच्चों ने भाषा विभाग की मासिक संगोष्ठी का दीप पज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बच्चों ने इस दौरान कवि संगोष्ठी में देश भक्ति के गीत सुनाकर महफिल में समां बांधा। वहीं, स्कूल प्रिंसिपल रंजना शर्मा ने बताया कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा बच्चों के लिए समय-समय पर एक्सपोजर विजिट करवाए जाते हैं और इसी कड़ी में यह संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया है, ताकि बच्चों को जिला का इतिहास पता चल सके।


सरस्वती विद्या मंदिर के स्टूडेंट्स को चरखा, सिक्के, मूर्तियों के इतिहास से परिचित करवाते हुए।

### बिलासपुर जल्द होगा मलेरिया मुक्त : उपायुक्त आबिद हुसैन

# 2020 से लेकर अब तक कोई भी मलेरिया का केस नहीं किया दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में बुधवार को राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम और तीव्र दस्त और निमोनिया नियंत्रण करने के लिए जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने की। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि बिलासपुर को जल्द ही मलेरिया मुक्त जिला घोषित किया जाएगा।

बिलासपुर में वर्ष 2020 से लेकर अब तक कोई भी मलेरिया का नया केस दर्ज नहीं किया गया है, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा केंद्र सरकार को जिला को मलेरिया फ्री घोषित करने के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी कर फाइल भेजी गई है, जिसके लिए उपयुक्त बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को बधाई दी।

## 2023 में डेंगू के 83 मामले आए सामने



बैठक में उपायुक्त ने सभी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आगामी गर्मियों में मलेरिया और डेंगू के प्रति और अधिक सावधानी बरतने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया कि बिलासपुर में 2023 में डेंगू के 83 मामले सामने आए हैं। जिले में डेंगू की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिले के लोगों को डेंगू के फैलने और इसकी रोकथाम के बारे में अवगत करवाया जाएगा। डीसी ने बताया कि बिलासपुर में 14 मार्च 2024 से 27 तक बच्चों में तीव्र दस्त और निमोनिया नियंत्रण के लिए और मुख्यमंत्री बाल सुपोषण योजना के अंतर्गत अभियान चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आशा वर्कर्स के माध्यम से सभी घरों में दो पैकेट ओआरएस और 14 जिंक के टैबलेट्स उपलब्ध करवाएंगे, ताकि जिले में तीव्र दस्त और निमोनिया के मामलों पर नियंत्रण पाया जा सके।

# बिलासपुर में 27107 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक


डीसी आबिद हुसैन सादिक जिला टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर में तीन मार्च को नौनिहालों को पोलियो की खुराक दी जाएगी। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने जिला टास्क फोर्स बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उन्होंने बताया कि तीन मार्च रविवार को बिलासपुर में 27,107 बच्चों को इस अभियान के अंतर्गत पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी, जिसके लिए बिलासपुर में 274 बज स्थापित किए गए हैं, जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 266 और शहरी क्षेत्र में आठ बूथ की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त जिले के नौ ट्रांसिट प्वाइंट्स जिसमें सभी बस स्टैंड परिसर और दोनों टोल प्लाजा पर भी पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि जिले के सभी प्रवासी आबादी के बच्चों को विशेष रूप से इस अभियान के अंतर्गत पोलियो की खुराक पिलाई जाए।

### बंबर ठाकुर ने सिंचाई योजना के लिए 25 करोड़ देने पर जताया आभार

# शिलान्यास करने जल्द आएंगे सीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

करोड़ों रुपए की योजनाओं का शिलान्यास करने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री बिलासपुर आएंगे। बिलासपुर सदर क्षेत्र में 25 करोड़ रुपए की पेयजल योजना को मंजूर करने के लिए सदर पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया है।



सर्किट हाउस में सदर पूर्व विधायक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बंबर ठाकुर ने कहा कि 2016-17 में जब वह विधायक थे, तो उन्होंने इसे विधायक प्राथमिकता में डाला था, जिसके लिए कोल डैम से पानी उठाया जाना था। इस क्षेत्र में नकदी फसलों का बहुत उत्पादन होता है और उसी को देखते हुए उन्होंने यह सिंचाई सुविधा लोगों को देने के लिए योजना बनवाई थी। अब इसके लिए राशि स्वीकृत होने के बाद टेंडर भी हो जाएगा और शीघ्र इस योजना को पूरा कर दिया जाएगा। इसी तरह बिलासपुर के गांव लद्दा परनाल मेहरी संगासवीं के लोगों को पेयजल समस्या से जूझना पड़ रहा है, लेकिन इसके लिए भी मुख्यमंत्री ने एक करोड रुपए की राशि स्वीकृत की है। शीघ्र मुख्यमंत्री का बिलासपुर दौरा करवाया जा रहा है। उसमें मुख्यमंत्री जहां बिलासपुर शहर के लिए स्वीकृत की गई 100 करोड़ रुपए की सीवरेज योजना का शिलान्यास करेंगे, वहीं इस पेयजल योजना का शिलान्यास भी उनसे करवाया जाएगा। इसके अलावा अन्य कई उद्घाटन और शिलान्यास मुख्यमंत्री द्वारा किए जाएंगे। बिलासपुर नगर परिषद द्वारा एक पार्किंग का निर्माण किया जा रहा था, जिसके लिए उन्होंने अपने विधायक काल में राशि भी स्वीकृत करवाई थी, लेकिन उसके बाद भाजपा सरकार के कार्यकाल में इसका कार्य बंद कर दिया गया था, लेकिन उसके लिए फिर से काम आरंभ करवाया जा रहा है और धन की व्यवस्था की गई है। बिलासपुर में नर्सिंग हॉस्टल के लिए 11 करोड रुपए की राशि स्वीकृत की थी, लेकिन बाद में यह निर्माण कार्य भी भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था। उसके लिए भी मुख्यमंत्री ने 6.5 करोड़ की राशि स्वीकृत की है और इसका कार्य भी शुरू हो गया है।

# त्रिलोक जम्वाल ने बजट को झूठ का पुलिंदा दिया करार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। बजट बुक के पहले ही पेज से सरकार का कंसेप्ट पूरी तरह से साफ हो रहा है।

कांग्रेस ने भारतीय करंसी पर दिए जाने वाले वचन की तर्ज पर महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रुपए देने की गारंटी दी थी, पिछले साल 15 अप्रैल को घोषणा की गई कि इसकी शुरुआत लाहौल-स्पीति की महिलाओं से की जा रही है। अब कहा है कि इसी वित्त वर्ष से यह राशि देना शुरू कर दी गई है, जबकि महिलाओं की झोली अभी भी खाली है। 26 अक्तूबर, 2022 को जारी कांग्रेस के घोषणा पत्र में सरकार बनते ही कैबिनेट की पहली बैठक में एक लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने की बात कही गई थी, लेकिन सरकार अब इससे भी मुकर रही है। बजट सत्र में चर्चा में भाग लेते हुए त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के झूठ और तानाशाही से हर वर्ग नाराज है। बेरोजगारों से लेकर जेओआईटी अभ्यथी, एसएमसी शिक्षक और यहां तक कि दिव्यांग भी सड़कों पर हैं, पहले तो सरकार ने अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड बंद कर दिया। अब 14 माह बाद इसी बोर्ड को कमीशन का नाम देने की बात हो रही है। यदि किसी ने कुछ गलत किया है, तो आरोपी को जेल में डालना चाहिए। पात्र युवाओं को बेवजह परेशान करने का क्या औचित्य है। सरकार की मंशा टालमटोल जारी रखने की है, ताकि उसे युवाओं को नौकरियां नहीं देनी पड़ें।

# कोई भी भाखड़ा विस्थापित अदा नहीं करेगा गृह कर

**बिलासपुर।** सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति ने भाखड़ा विस्थापितों को गृह कर नोटिस देने का विरोध किया है। समिति का कहना है कि भाखड़ा विस्थापित इसका जबाव एकजुट होकर देंगे।

इसके लिए समिति द्वारा तैयार किए गए उत्तर फार्म पर हस्ताक्षर करके सभी विस्थापितों की ओर से एक जैसा उत्तर दिया जाएगा। स्थानीय परिधि गृह बिलासपुर में समिति के महासचिव जयकुमार की अध्यक्षता में सर्वदलीय भाखड़ा विस्थापित समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कहा गया कि नगर परिषद की ओर से बार-बार गृह कर के नाम पर कथित पेनल्टी लगाकर नोटिस देकर विस्थापितों पर दबाव बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, जबकि इस तरह का दबाव विस्थापितों पर नहीं बनाया जा सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कोई भी भाखड़ा विस्थापित गृह कर अदा नहीं करेगा। जल्द ही इसका जबाव दिया जाएगा। समिति का कहना है कि भाखड़ा विस्थापितों ने भाखड़ा बांध निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई है, जिसके चलते विस्थापितों की समस्याओं को लेकर नगर परिषद को गंभीरता दिखानी चाहिए न कि विस्थापितों पर दबाव बनाना चाहिए।

**भाखड़ा विस्थापितों ने बांध निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई**

### घुमारवीं कॉलेज में रक्तदान-महादान, 109 ने रक्तदान के लिए करवाया पंजीकरण

# शिविर में 61 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एनएसएस, नेशनल कैडेट कोर, रोवर एंड रेंजर, रोड सेफ्टी क्लब और रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया।

यह शिविर कॉलेज के परिसर में आयोजित हुआ। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण ने इस समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और उन्होंने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मानव रक्त का उत्पादन किसी भी मशीन में संभव नहीं है, इसलिए जरूरत पड़ने पर खून की आपूर्ति मानव के रक्त से ही संभव है। ऐसे में जरूरी है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें, ताकि आपात स्थिति में वह जिंदगी और मौत से जूझ रहे जरूरतमंद व्यक्ति के काम आ सके। रक्तदान शिविर सुबह करीब दस बजे से लेकर तीन बजे तक चला, जिसमें कॉलेज के 109 विद्यार्थियों, शिक्षकों और गैर शिक्षकों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण करवाया। इस शिविर में 61 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस शिविर में रक्त एकत्र करने के लिए एम्स बिलासपुर कि दस सदस्यीय टीम महाविद्यालय परिसर में पहुंची थी और एकत्रित रक्त कि एम्स बिलासपुर में जरूरतमंदों के उपचार के लिए उपयोग में लाया जाएगा। शिविर में रक्तदान करने वालों के लिए महाविद्यालय की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई थी। इस रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले छात्रों और अन्य लोगों को प्रमाण पत्र और एक स्मृति चिन्ह भी दिया गया। रक्तदान के समापन के बाद प्राचार्य ने शिविर में उपस्थित एम्स बिलासपुर यूनिट के सभी लोगों का धन्यवाद दिया। इस मौके पर महाविद्यालय की सभी समितियों के संयोजक डॉ. सुरेश शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. प्रीतम लाल, सेवानिवृत्त प्रो. पी एल जनेऊ, रेड रिबन क्लब के नोडल ऑफिसर प्रो. ललित शर्मा, रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. प्रकाश गौतम और एनएसएस अधिकारी प्रो. पूजा उपस्थित रहे।



घुमारवीं कॉलेज में रक्तदान शिविर के आयोजन पर रक्तदान करते लोग।

# 25 को दिव्यांगों के लिए आयोजित होगा शिविर

**बिलासपुर।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरपुर में 25 फरवरी को दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित करने के लिए मेगा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा बिलासपुर के अध्यक्ष एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि इस शिविर के दौरान चयनित किए गए 275 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे। इसमें 48 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व 31 को मोटरसाइज्ड व्हील चेयर व 98 को व्हील चेयर, ब्रेल किट व वाकिंग स्टिक आदि वितरित किए जाएंगे। कृत्रिम अंग व सहायक उपकरणों के लिए दिव्यांगों का चयन करने के लिए दिसंबर महीने में जिले के चारों उपमंडलों में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर द्वारा अलिमको के सहयोग से चयन शिविर लगाए गए थे, जिनमें संबंधित दिव्यांगों का चयन किया गया है। सभी चयनित दिव्यांगों से आग्रह किया है कि वे शिविर में आते समय कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण लगाने के लिए चयन प्रक्रिया के समय दी गई पर्ची को साथ लाएं।

**विरोध** घुमारवीं के अभिभावकों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुक्खू को भेजा ज्ञापन

# अगले साल से लागू न हो एडमिशन में बदलाव

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

हिमाचल के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में छह साल की उम्र पूरी होने के बाद ही पहली कक्षा में एडमिशन का फैसला राज्य मंत्रिमंडल ने कुछ दिन पहले हुई बैठक में लिया था। परंतु अभिभावकों द्वारा इस फैसले को अकादमिक सेशन 2024-25 में लागू न करने की मांग की गई थी। हालांकि प्रदेश सरकार ने इस साल स्कूलों में साढ़े पांच साल के बच्चे को दाखिला देने की मंजूरी दी है।

ये छूट केवल ऐसे छात्र जो इस साल 30 सितंबर में छह साल की आयु पूरी करेंगे, उन्हें इस साल ही कक्षा एक में एडमिशन मिल जाएगा। यह छूट केवल इसी साल मिलेगी। अगले साल से छह साल में कक्षा एक में दाखिला मिलेगा। सरकारी व निजी सभी स्कूलों में दाखिले के लिए यही नियम लागू होगा। सरकार के नए फैसले का भी अभिभावकों द्वारा विरोध शुरू हो गया है, जिसको लेकर घुमारवीं एसडीम ऑफिस में अभिभावकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा है, जिसमें मांग की है कि आगामी शिक्षा सत्र 2024-25 में इस फैसले को लागू न किया जाए क्योंकि इससे अभिभावकों पर वित्तीय बोझ तो बढ़ रहा है साथ में बच्चों पर भी मानसिक असर हो रहा है।


घुमारवीं के अभिभावक एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजते हुए।

## नर्सरी से इस पॉलिसी को लागू करना चाहिए

अभिभावक प्रतिनिधिमंडल की अगुआई कर रही अंशिका महाजन ने कहा कि अगर सरकार को इस पॉलिसी को लागू करना है, तो उन्हें नर्सरी कक्षा से इस पॉलिसी को लागू करना चाहिए, ताकि जो बच्चे पहले से ही पहली कक्षा में पढ़ाई कर रहे हैं वह अगली कक्षा में जा सकें, नहीं तो उनका एक वर्ष खराब होगा। इस मौके पर अंशिका महाजन के साथ अभिभावक प्रतिनिधि मंडल में अमित कुमार, अर्चना, मोनिका, विकास चंदेल, कमलजीत सिंह, पूजा देवी, सचिन धीमान, सपना ठाकुर, प्रियंका, नताशा शर्मा, नेहा, कंचन, दीप कुमार साथ रहे।

# लक्की मिस्टर व पलक मिस फेयरवेल


बाह-रणौता स्कूल में जूनियर स्टूडेंट्स की ओर से सीनियर के लिए विदाई पार्टी के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स व अध्यापक।

**अनंत ज्ञान, दधोल**

राजकीय प्राथमिक पाठशाला बाह-रणौता में हर वर्ष की भांति इस बार भी जूनियर स्टूडेंट्स ने अपने सीनियर के लिए विदाई पार्टी का आयोजन किया। विदाई समारोह में जूनियर बच्चों ने अपने सीनियर को तरह-तरह के टास्क दिए, जिसमें टंग-ट्विस्टर, मैजिक कारपेट दौड़, बैलून रेस, पंजा लड़ाओ व डांस आदि का आयोजन किया गया।

इन सभी टास्क में विजयी रहने वाले छात्र लक्की को मिस्टर फेयरवेल व पलक को मिस फेयरवेल चुना गया। कार्यक्रम विद्यालय प्रभारी विनय शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तथा इसको सफल बनाने में मुख्यातिथि मदन लाल जेबीटी व अर्चना देवी जेबीटी तथा ज्याती जेबीटी का सहयोग रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### 24 फरवरी तक जमा करवाएं बिजली बिल

**मुबारिकपुर/अंब।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड ने विद्युत उप-मंडल मुबारकपुर के अंतर्गत आने वाले विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित करते हुए कहा है कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली के बिलों का भुगतान नहीं किया है। वह अपने बिजली के बिलों का भुगतान 24 फरवरी 2024 तक कर दें। नहीं तो निर्धारित तिथि के बाद उनके बिजली के कनेक्शन बिना किसी अन्य पूर्व सूचना के काट दिए जाएंगे, जिसके लिए उपभोक्ता स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने कहा उपभोक्ता अपने बिलों का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से भी कर सकते हैं, जैसे राज्य विद्युत बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट, पेटीएम, गूगल पे तथा बोर्ड की ऑफिसियल वेबसाइट से भुगतान कर सकते हैं।

### बजट में हर वर्ग के हितों का रखा ख्याल: बाबा इंद्र



**दौलतपुर चौक।** जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष बाबा इंद्र सिंह ने प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रस्तुत बजट को शानदार और जनहितैषी बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया। वहीं रोजगार के साथ प्रदेश को आर्थिक दृष्टि से मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हाल ही में आई प्राकृति आपदा की कठिनाइयों को पार करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री ने हिमाचल में विकास की नई दिशा देने का प्रयास किया है। बाबा इंद्र सिंह ने कहा कि इस वजट में यहां स्वास्थ्य, शिक्षा, किसान, के साथ-साथ अन्य वर्गों को राहत देने का प्रयास किया गया वहीं जिला ऊना को आधुनिक मिल्क प्लांट प्रोसेसिंग का तोहफा दिया है। उन्होंने कहा कि दूध के क्षेत्र में काम करने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### मेधावी छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

**बंगाणा।** मानव कल्याण समिति बंगाणा के तत्वावधान में हाल ही में संपन्न हुई मेधावी छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया है। जानकारी देते हुए समिति के सचिव जोगिंद्र देव आर्य ने बताया कि इस परीक्षा में क्षेत्र के विभिन्न सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के छात्रों ने भाग लिया। इस परीक्षा में गीतांश जसवाल ने प्रथम, सार्थक शर्मा ने द्वितीय और अन्वेषा ने तृतीय स्थान हासिल किया। सांत्वना पुरस्कार पाने वालों में रेवा राणा, नीतिका, रिद्धिमा, आराध्या शर्मा, कशिश धीमान, मोक्ष राणा, मनिका अत्री, आरोही शामिल रहे। आर्य ने बताया कि इस परीक्षा में अधिकतर स्कूलों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिसके लिए स्कूलों के प्रभारी और मुख्याध्यापक बधाई के पात्र हैं। सभी स्कूलों को इस परीक्षा का परिणाम निजी तौर पर भेज दिया जाएगा।

### भगवान के चरणों में लगाएं मन: गणेश दत्त

**गोंदपुर बनेहड़ा।** प्रातः स्मरणीय ब्रह्मलीन स्वामी भूमानंद तीर्थ जी महाराज की असीम कृपा से एवं सद्गुरु स्वामी अच्युतानंद तीर्थ जी महाराज पीठाधीश्वर भूमा निकेतन हरिद्वार के पावन सानिध्य एवं संरक्षण में बीजापुर में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह चल रहा है। आज काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा में हाजिरी लगाई। आज कथावाचक गणेश दत्त ने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से शरीर के कष्ट दूर होते हैं और सदकर्म करने की प्रेरणा मिलती है। मन को भगवान के चरणों में लगाएं और चुगली और निंदा से दूर रहें। उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा हवन यज्ञ और विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा।



जिला रेड क्रॉस सोसायटी ऊना को अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर के माध्यम से 21000 की दान राशि का चेक भेंट करते हुए रक्कड़ कॉलोनी निवासी विनोद कुमार शर्मा।

### बसंत विहार कॉलोनी में चाकू से कातिलाना हमले का मामला, पुलिस जांच रही आरोपी की क्रिमिनल हिस्ट्री

# महिला के साथ लिव इन रिलेशन में था आरोपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

जिला मुख्यालय के समीप बसंत विहार कॉलोनी में सोमवार रात को दो लोगों पर कातिलाना हमला करने वाला आरोपी मकान में रहने वाली महिला का मित्र निकला है।

काफी समय से आरोपी का इस महिला के घर आना-जाना था और दोनों लिव इन रिलेशनशिप में थे। घटना के रोज भी वह व्यक्ति महिला मित्र से मिलने पहुंचा था और किसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया था। सूत्रों से जानकारी मिली है कि आरोपी महिला के साथ किसी बात को लेकर बहस कर रहा था। यह महिला तीन बच्चों की मां बताई जा रही है। घटना के रोज महिला द्वारा उसके घर में आने का विरोध किया जा रहा था।

यह भी बताया जा रहा है कि उस महिला की पहले शादी हो रखी है। काफी समय पहले उसका इस पैंतीस से चालीस वर्ष के बीच आयु के आरोपी व्यक्ति के साथ मित्रता हुई थी। यह महिला अपने पहले पति से अलग अपने रिशेदारों के मकान में रहती है और यहां उस आरोपी व्यक्ति का आना-जाना था। कब से इन दोनों के रिश्ते में दरार आ गई इसकी जानकारी तो नहीं मिली है, लेकिन महिला भी पुलिस जांच अधिकारियों को इस व्यक्ति के बारे में कुछ अधिक नहीं बता पाई है। पुलिस भी आरोपी के क्रिमिनल रिकॉर्ड की जांच करवा रही है।

#### क्या था मामला

आपकों बता दें कि सोमवार देर रात एक व्यक्ति रक्कड़ के समीप बसंत विहार कॉलोनी में दो लोगों पर हमला कर मौके से फरार हो गया था। जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उधर, दोनों घायल लोगों की हालत में सुधार बताया गया है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार सोमवार की देर रात को बसंत विहार कॉलोनी, जो रक्कड़ की धर्माणी कॉलोनी के समीप है वहां खूनी वारदात सामने आई थी। इस कॉलोनी में एक महिला अपने नजदीकी रिशेदार के मकान में अपने बच्चों के साथ अकेली रहती है।

इस महिला के घर में रात के समय उसके कथित पुरुष मित्र जो काफी समय से उसके साथ लिव इन रिलेशनशिप में था उसने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ते देख आस-पास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। उन्होंने देखा कि वह व्यक्ति महिला आशू के साथ बहसबाजी और मारपीट कर रहा था। जब मामला बिगड़ता देख एक अन्य पड़ोसी महिला और उसके पति ने बीच-बचाव करना चाहा तो आरोपी ने उन दोनों पर कातिलाना हमला कर दिया। ऐसा होते देख वहां एकत्रित लोगों ने शोर मचाना शुरु कर दिया जिसे देख आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस को आरोपी की पहचान का सुराग हाथ लगा है और उसकी धरपकड़ के लिए पुलिस टीम छापेमारी भी कर रही है। यह आरोपित पठानकोट के आस पास का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी ऊना ने बताया कि आरोपी जल्द पकड़ा जाएगा।

### महिला के हत्यारे की तलाश में पंजाब के कई स्थानों पर दबिश

**ऊना।** समीपवर्ती पीर निगाह रोड बसोली के जंगल में हुई पंजाब की एक महिला की मौत के मामले में सुराग मिलने के बाद ऊना पुलिस ने पंजाब के कई हिस्सों में दबिश दी है। महिला के शव की पहचान होने के बाद कई सुराग पुलिस के हाथ लगे हैं। पीर निगाह रोड बसोली गांव के जंगल में मिली अज्ञात महिला के शव की पहचान हो गई थी। यह महिला फगवाड़ा के फिल्लौर की थी। चालीस वर्षीय यह महिला कुछ दिनों से लापता थी और शादीशुदा थी। इस महिला के भाई और रिश्तेदारों ने उसकी पहचान की है। शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। इस हत्याकांड की गुत्थी के सुलझने के पूरे आसार हैं। ऊना पुलिस द्वारा पंजाब के कई इलाकों में हत्यारों की तलाश में दबिश दी गई है।

### मोबाइल टावर की दो बैटरियों व पच्चीस मीटर तार सहित चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

**अंब।** अंब पुलिस ने तरनतारन पंजाब के चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से मोबाइल टावर की दो बैटरियों और पच्चीस मीटर तार बरामद की गई है। पुलिस ने स्विफ्ट डिजायर कार में सवार चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर बाद अंब पुलिस ने शक के आधार पर नैहरियां रोड की तरफ से आ रही एक कार को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को कार की डिग्गी से मोबाइल टावर की 25 एमएम की पच्चीस मीटर तार, टावर में इस्तेमाल होने वाली दो बैट्रियां, दो वायर कटर, हैक्सा ब्लेड, बैट्रियां खोलने के काम आने वाली. चाबियां और पाने तथा दो जोड़ी सेफ्टी शूज (करंट से बचने के काम आने वाले) बरामद किए हैं। गौरतलब है कि कुछ माह पूर्व क्षेत्र के तहत पड़ते विभिन्न स्थानों से तारें चोरी किए जाने की शिकायतें सामने आई थी। मामले में पकड़े गए आरोपियों से इस संबंध में भी पुलिस पूछताछ कर सकती है कि इन चोरियों में भी कहीं तरनतारन पंजाब के इन्हीं चार आरोपियों के गैंग की कोई भूमिका तो नहीं है। डीएसपी अम्ब ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि 4 लोग हिरासत में लिए हैं और उनसे कुछ सामान भी बरामद हुआ है अभी जांच चल रही है जांच के बाद उचित कार्रवायी की जाएगी।

## चिंतपूर्णी महोत्सव सफल बनाने को अधिकारी दें महत्वपूर्ण योगदान: डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**



बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त जतिन लाल।

जिला के अंब उपमंडल में मार्च 2024 के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित चिंतपूर्णी महोत्सव के सफल आयोजन के उपलक्ष्य में जिला मुख्यालय पर उपायुक्त जतिन लाल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिला के लिए यह गर्व की बात है कि चिंतपूर्णी महोत्सव का पहली बार आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि चिंतपूर्णी महोत्सव को सफल बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करें। बैठक में चिंतपूर्णी महोत्सव-2024 को सफल बनाने के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि महोत्सव को चिरस्मरणीय बनाने के लिए भव्य स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि वे स्मारिका में अपने लेख प्रकाशित करवाने के लिए सहायक आयुक्त व भाषा अधिकारी के कार्यालय में भेज सकते हैं। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर, एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम बंगाना मनोज कुमार, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम गगरेट शशी पाल शर्मा, एसडीएम अंब विवेक महाजन, जिला राजस्व अधिकारी अजय कुमार सिंह, एसी टू डीसी वरिंदर सिंह सहित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### लोकसभा चुनावों में चारों सीटों पर कब्जा जमाएगी भाजपा: वशिष्ट



**ऊना।** लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रदेश में सभी चारों सीटों पर कब्जा जमाएगी। यह बात बुधवार को भाजपा सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजक राजीव वशिष्ट ने बुधवार को ऊना में जारी एक विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि देश में मोदी सरकार तीसरी बार लगातार सरकार बनाने जा रही है। वहीं हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस चार-शून्य से हारेगी। लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के पास मैदान में उतारने के लिए प्रत्याशी तक नहीं है और न ही अपनी हार सामने देखकर कोई कांग्रेसी नेता चुनाव लड़ने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अथाह विकास करवाया है। अनुराग ठाकुर के प्रयासों से ही जिला ऊना को वंदे भारत ट्रेन का तोहफा मिल पाया। ऊना में पीजीआई सेटेलाइट सेंटर बनाया जा रहा है। वशिष्ट ने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश में विकास करवाने में फेल साबित हुई है। कांग्रेस सरकार कर्मचारी विरोधी साबित हो रही है। आज हर वर्ग के कर्मचारी सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन करने के लिए विवश हो रहे हैं।

### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने चलाया बस्ती संपर्क अभियान



मध्य में बैठे प्रदेश एससी मोर्चा के कृष्ण लाल व (दाएं) उनके साथ जिला अध्यक्ष बलबीर चौधरी।

**अनंत ज्ञान, अंब**

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल चिंतपूर्णी द्वारा चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 37 में बाजीगर बस्ती, हरिजन बस्ती में बस्ती संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें भाजपा द्वारा एससी समुदाय के लिए पूर्व की भाजपा सरकार व केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों को लेकर चर्चा हुई।

एससी मोर्चा के सदस्यों से मुख्य अतिथि कृष्ण लाल ने भाजपा को आने वाले चुनावों में भरी बहुमत से जीतने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण लाल चंदेल प्रदेश महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा, सूरम सिंह प्रदेश सचिव, पुरषोत्तम सिंह प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, कैप्टन सुभाष कौंडल, भाजपा जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष रविंद्र, जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा बलदेव कृष्ण, मंडल अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष शेर सिंह, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल महामंत्री इंजीनियर राम पॉल, भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष जय देव खट्टा, भाजपा महामंत्री कुलदीप ठाकुर व भाजपा के अन्य नेता उपस्थित रहे।

## भाजपा ने लोकसभा चुनावों के लिए झोंकी ताकत

### प्रमुख नेताओं ने संभालीकमान, विधानसभा चुनाव में चार सीटों पर मिली थी हार

**राजेश शर्मा, ऊना**



गगरेट में आयोजित चलो गांव की ओर कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश ठाकुर लोगों के साथ। (फाइल फोटो)

जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत पूरी तरह सक्रिय हो गई है। भाजपा के तमाम संगठन गांवों और कस्बों में बनाई गई रणनीति के तहत मतदाताओं के पास पहुंच रहे हैं। चलो गांव की ओर अभियान को सफल बनाने के लिए बकायदा भाजपा के प्रमुख नेताओं ने कमान संभाली है।

ऊना जिला में चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत भाजपा द्वारा सोमवार से चलो गांव की ओर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसमें भाजपा से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सत्ती जो वर्तमान में ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को जरूरी टिप्स देकर मैदान में डट जाने की हिदायत दी। उसके बाद सभी संगठन सक्रिय तौर पर मैदान में जुट गए हैं। कुटलैहड़ में भी पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर अपने पार्टी के प्रमुख लोगों के साथ गांव गांव में पहुंचकर चलो गांव की ओर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। इस दफा संसदीय चुनाव में भाजपा नेताओं को जिले में अपनी पकड़ का एहसास भी कराने की चुनौती है। जिले में पांच में चार विधानसभा सीटों पर यहां कांग्रेस को जीत हासिल हुई थी। अब जो सीटें हारी हैं वहां नेताओं के पास संसदीय चुनाव ऐसा अवसर है जिसमें वे अपना रिपोर्ट कार्ड सुधारेंगे। भाजपा के बलवीर चौधरी चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में अपनी पैठ को फिर से साबित करने के लिए चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत मौके की भुनाने लगे हैं। इस कार्यक्रम से उन्हें एक दफा फिर से जनता से सीधे जुड़ने का अवसर मिल रहा है। हर घर तक उपस्थिति दर्ज करने के इस अवसर को न तो बलवीर चौधरी जाने देंगे और न ही कोई दूसरा। ऐसे ही गगरेट में विधानसभा चुनावों में मात खाने के बाद राजेश ठाकुर भी बदले के लिए पूरी मेहनत मशक्कत के साथ जुट गए हैं। वे स्वयं कोई भी कमी नहीं छोड़ना चाहते जिससे आने वाले लोकसभा के आम चुनाव में फिर वैसी स्थिति पैदा हो। धरातल पर उतरकर यह नेता भी जुटा हुआ दिखाई दे रहा है।

हरोली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता प्रो. राम कुमार भी चलो गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जनसंपर्क में जुट गए हैं। कई गांवों तक उन्होंने संपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए हैं। इस क्षेत्र में भाजपा के सामने कठिन चुनौती इसलिए भी है कि यहां कांग्रेस के नेता मुकेश अग्निहोत्री का वर्चस्व है और वे प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसे में इस क्षेत्र में भाजपा को लोकसभा चुनाव में बढ़त हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। (अनंत ज्ञान)

#### अनुराग ठाकुर भी हुए सक्रिय

**उधर** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लोक सभा सांसद केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी क्षेत्र में सक्रियता बढ़ा दी है। उन्होंने स्वयं क्षेत्र में पहुंचकर अयोध्या के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाई और धार्मिक आयोजनों में शिरकत की। उन्होंने लगातार मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार द्वारा क्षेत्र के लिए किए गए विकास कार्यों का जिक्र भी किया।

## कुटलैहड़ की तीन पंचायतों की लिंक रोड़ों के लिए 52 लाख रुपए मंजूर

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक देवेंद्र भुट्टो।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सड़कों एवं लिंक रोड के लिए मुख्यमंत्री सड़क योजना के तहत विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने 52 लाख की धनराशि स्वीकृत करवाई है, जिसमें ग्राम पंचायत जसाना के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आसरी गुफा जो बाबा औगढ़ नाथ के नाम से प्रसिद्ध है। उक्त सड़क के लिए 20 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। वहीं पीपलू पंचायत के तलपी गांव में गांव वासियों को सड़क सुविधा के लिए 20 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। ग्राम पंचायत करमाली से सर तक करीब एक किमी की सड़क की लंबाई के निर्माण के लिए 12 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। कुल मिलाकर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने एक सप्ताह में तीन पंचायतों को सड़क सुविधा के लिए 52 लाख की धनराशि मुहैया करवाई है। अगर बीते 14 माह के कार्यकाल में कुटलैहड़ विस क्षेत्र में सड़क सुविधाओं के लिए गांव वासियों एवं पंचायत की बात की जाए तो तीन दर्जन से अधिक गांव के लिए लिंक सड़कों के लिए करीब आठ करोड़ की धनराशि उपलब्ध हो चुकी है और दो दर्जन से ज्यादा लिंक सड़कों का निर्माण कार्य पूरा होकर जनता को समर्पित हो चुकीं हैं। इसके अलावा दो दर्जन से ज्यादा लिंक सड़कों का कार्य युद्ध स्तर पर चला हुआ है।

इसके अलावा अगर कुटलैहड़ में अन्य बड़ी सड़कों के रख रखाव चौड़ाईकरण या फिर नवीनीकरण की बात हो तो करीब 256 करोड़ की धनराशि सड़कों के लिए विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने उपलब्ध करवाई है, जिसमें कुटलैहड़ के खड़ोल से तलमेहड़ा सड़क एवं सैली से हिंडोला को जोड़ने वाली सड़क जिसकी जनता की पुरानी मांग थी उसे पूरा किया है। इसके अलावा कुटलैहड़ विस क्षेत्र में एक दर्जन से ज्यादा सड़कें जो वर्षों से जनता के डिस्प्यूट के कारण बंद पड़ी थी और सड़क बनाने के लिए बजट नहीं था। विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने उक्त सभी सड़कों के लिए बजट में प्रावधान करवाकर कार्य शुरू करवाए।

यही नहीं सौ दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करके जनता को समर्पित किए हैं। अगर विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के 14 माह के कार्यकाल पर नजर दौड़ाई जाए तो कुटलैहड़ विस क्षेत्र में करीब 300 करोड़ की धनराशि सड़कों के रख रखाव, नवीनीकरण या फिर अन्य सड़कों के लिए स्वीकृत हुए हैं, जो अपने आप में इतिहास बना रहे हैं।

## शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए योगाभ्यास जरूरी



महाविद्यालय स्टाफ योग प्रशिक्षिका डॉ. अंजू शर्मा को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

राजकीय महाविद्यालय चिंतपूर्णी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के छठे दिन बुधवार को स्वयंसेवियों ने योग के गुर सीखे।

योग सत्र का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अजय कुमार ने किया। प्राचार्य ने योग के महत्व में जानकारी देते हुए कहा कि योग करने से मनुष्य का शारीरिक व बौद्धिक विकास होता है। योग अवसाद, तनाव, और रोगों को दूर करने में मदद करता है। यह शांति, स्थिरता और आत्म-समर्पण की भावना पैदा करता है। योग का अभ्यास करने से शरीर की लचीलाता बढ़ती है, पाचन तंत्र सुधरता है और रक्त-संचार में सुधार होता है। यह हमें जीवन को सकारात्मक दृष्टिकोण से देखने की कला सिखाता है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को योग के लिए समय देना चाहिए और अपने जीवन में अपनाना चाहिए। इसके बाद महाविद्यालय के स्टाफ ने योग प्रशिक्षिका डा. अंजू शर्मा को सम्मानित किया। डा. अजू ने विद्यार्थियों को विधिवत रूप से योगासन व व्यायाम करवाए और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी बताया।

इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉ. विनोद कुमार, डॉ. रेखा गुप्ता, डॉ. ज्योति शर्मा, डॉ. रितु जसवाल, प्रो. बृजेश, प्रो. राकेश, आचार्य गोविन्द शर्मा, नीलम शर्मा व महेश पराशर भी उपस्थित रहे।

**राजनीति** क्षेत्रवाद और वोट की सियासत में बंटी ग्राम पंचायतों को झेलना पड़ रहा परिसीमन का दंश

# दो विधानसभा क्षेत्रों में पिस रही 11 पंचायतें, विकास कार्यों में पिछड़ी

**अनंत ज्ञान, तलमेड़ा/ऊना**



ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि विधायक सुदर्शन बबलू से मांग करते हुए ।

अनंत ज्ञान स्पैशल

ऊना जिला में कुछ ऐसी ग्राम पंचायतें हैं जिनको दो विधानसभा क्षेत्रों में बांटा गया है। परिसीमन (हदबंदी) ऐसे की गई है कि इन पंचायतों में विकास प्रभावित हो गया है। दो पाटों के बीच फंसी हुई इन पंचायतों की क्षेत्र का कोई बड़ा जनप्रतिनिधि जिम्मेदारी लेने से भी परहेज करता है। वोट की सियासत में बंटी इन पंचायतों को परिसीमन का दंश झेलना पड़ रहा है। परिसीमन के बाद क्षेत्रवाद की राजनीति में शिकार इन पंचायतों का कोई स्थायी समाधान जरूरी है।

इसे विडंबना ही कहा जा सकता है कि विधानसभा क्षेत्र कोई और एवं ब्लॉक विकास खंड किसी और विधानसभा क्षेत्र में। इसका ही संताप झेल रही हैं विधानसभा क्षेत्र के अधीन आती 11 ग्राम पंचायतें, जिनका ब्लॉक विकास खंड विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ में है, जिससे ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बता दें कि ये 11 पंचायतें विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी में आती हैं, लेकिन उन्हें अपने विकास कार्य करवाने हेतु ब्लॉक विकास खंड बंगाणा जाना पड़ता है, जोकि विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ में पड़ता है। यहां पर ये भी उल्लेखनीय है कि इन 11 पंचायतों में टकोली, खरियालता, बड़ूही, सोहारी, पल्लियां, चौली, चौकीमंयार, अंबेहड़ा धीरज, जोल, कठोह एवं बैरियां शामिल हैं, जोकि किसी समय विधानसभा क्षेत्र कुटलैहड़ के अधीन ही आती हैं, लेकिन प्रदेश में हुए विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्सीमांकन के दौरान उपरोक्त पंचायतों को विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी में शामिल कर दिया गया है। हैरानी की बात ये है कि तत्कालीन सरकार ने उक्त पंचायतों को विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी में शामिल तो कर दिया लेकिन ब्लॉक विकास खंड कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में ही रखा। अब पंचायतों के प्रतिनिधियों को अपनी-अपनी ग्राम पंचायतों के विकास कार्य करवाने हेतु ब्लॉक विकास खंड बंगाणा जाना पड़ता है। यही कारण है कि ग्राम पंचायतों में जहां विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं वहीं पर दो विधानसभा क्षेत्रों में पिस रही यह पंचायतें विकास से पिछड़ती जा रही हैं।

ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों के अलावा स्थानीय लोगों ने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन बबलू से अपील की कि वे इस संदर्भ में उचित कदम उठाएं और ब्लॉक विकास खंड अम्ब में इन पंचायतों को शामिल किया जाए।

#### पंचायतों के प्रतिनिधियों ने विधायक से उठाई समस्या हल करने की मांग

इस संदर्भ में उपप्रधान चौकीमन्यार जीवन बाली, प्रधान संजय, चौली उपप्रधान विकास शर्मा, सोहारी उप्रधान संजीव संधू, कठोह प्रधान नीलम कुमारी पल्लियां प्रधान सीमा देवी, उपप्रधान रतन चंद, बड़ूही प्रधान ओम प्रकाश, अंबेहड़ा धीरज प्रधान अंजू शर्मा, उपप्रधान सतीश कुमार, जोल प्रधान रवि कुमार, टकोली प्रधान ममता देवी, उपप्रधान पंकज, खरियालता प्रधान राकेश धीमान एवं उपप्रधान अशोक कुमार मोनू ने विधायक से मांग की कि इस संदर्भ में उचित कदम उठाए जाएं, ताकि विकास कार्यों से पिछड़ रही पंचायतों में विकास कार्यों को निरंतर जारी रखा जा सके।

#### प्रभावित नहीं होने देंगे पंचायतों के विकास कार्य: सुदर्शन बबलू

विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन बबलू का कहना है कि पंचायतों के विकास कार्यों को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। इस मामले में जरूर लोगों की भावनाओं को समझा जाएगा। बिना भेदभाव के हम क्षेत्र का विकास करवा रहे हैं। क्षेत्रवाद की कोई राजनीति नहीं हो रही है।

